

- लोकसभा में राहुल गांधी को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति-12



- भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता-12



- भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की-13





- गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया-14


आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.56
सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी 07:27 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 10 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 351, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### छाती में संक्रमण के बाद शरद पवार अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)-शरदचंद्र पवार (शप) के प्रमुख शरद पवार को सोमवार को सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद पुणे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 85 वर्षीय पवार का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। राज्यसभा सदस्य पवार को सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के बाद पुणे जिले के बारामती कस्बे स्थित उनके आवास से अपराह्न में रूबी हॉल क्लीनिक लाया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उनकी कई जांच हुईं और चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल उनका इलाज जनरल वार्ड में जारी है।

### ईपीएफओ लांच करेगा नया एप, सीधे यूपीआई से निकाल पाएंगे पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई (यूपीआई) भुगतान गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफ का पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा।

### मंदिर की छत गिरने से तीन लड़कियों की मौत छह अन्य घायल

**मुरैना।** मध्यप्रदेश में मुरैना जिले के अहरौली गांव में सोमवार दोपहर माता मंदिर की छत गिरने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। दोपहर करीब दो बजे जब मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ी जा रही थी तब छत की पटिया (निर्माण संबंधी एक प्रकार का सहारा) अचानक गिर गयी और नीचे बैठी बच्चियां मलबे में दब गईं। पुलिस के अनुसार सभी घायलों को कैलारस के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सतीश गौड अपनी पत्नी के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे तथा उन्होंने प्रसाद देने के लिए कुछ बच्चियों को मंदिर के अंदर बुला लिया, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

# समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री बोले, अक्टूबर तक पूरी करें हरिद्वार कुंभ की संपूर्ण तैयारी

## 24 घंटे में करें अधिकारी तैनात, कुंभ क्षेत्र के सभी पुलों की हो ऑडिट, कागजों के साथ धरातल पर दिखें विकास कार्य

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि कुंभ मेला से संबंधित सभी तैयारियां अक्टूबर माह तक पूरी कर लें। कुंभ की आवश्यकताओं को देखते हुए संपूर्ण निर्माण कार्य तय समय में पूरे हों। मेले से संबंधित सभी विकास कार्य कागजों के साथ धरातल पर भी दिखाई देने चाहिए।

सोमवार को सचिवालय में हरिद्वार कुंभ मेला-2027 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। शासन स्तर पर कुंभ से संबंधित कोई भी कार्य/फाइल लंबित न रहे। कोई भी काम लंबित रखा तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। कुंभ मेले का भव्य-दिव्य व सफल आयोजन सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव को अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। कहा कि, कुंभ क्षेत्र में बने सभी पुलों का ऑडिट किया जाए। कुंभ क्षेत्र में स्थित सभी घाटो का सौंदर्यीकरण और आवश्यकता के अनुसार पुनर्निर्माण कार्य भी किया जाए। श्रद्धालुओं के लिए हर की पैड़ी के साथ ही अन्य सभी घाटों पर भी स्नान की समुचित व्यवस्था की जाए। सीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों, जल पुलिस की तैनाती हो। सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग भी हो।



सचिवालय में कुंभ की तैयारियों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री धामी।

### हर श्रद्धालु अच्छा अनुभव लेकर जाए

मुख्यमंत्री ने कहा, कुंभ मेला हमारी संस्कृति, आस्था और करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा धार्मिक आयोजन है। इस आयोजन को सफल बनाना हम सभी का कर्तव्य है। जो भी श्रद्धालु राज्य में आए, वह अच्छा अनुभव यहां से लेकर जाएं। सीएम ने अधिकारियों को अन्य राज्यों से भी परस्पर समन्वय और संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए।

### अखाड़ों-मठों से करें परस्पर समन्वय : धामी

सीएम धामी ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों को भूमि आवंटन तय समय पर करें। इसकी मेलाधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें। सभी अखाड़ों, मठों, संत समाज, संस्थाओं, समितियां एवं स्थानीय लोगों से परस्पर समन्वय किया जाए। उनके सुझावों के अनुरूप मेले की तैयारी हो। कुंभ के दौरान लोगों को आवागमन में परेशानी न हों, इसके लिए कुंभ क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए।

**अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस व मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था के भी निर्देश :** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मेले के दौरान कानून व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन की विस्तृत कार्य योजना अलग से बनाई जाए।

आवास व टैंट सिटी की तैयारी समय से पूरी करने एवं मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस व मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कैबिनेट मंत्री, विधायक, मुख्य सचिव, डीजीपी सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# डिजिटल फ्रॉड के जरिए 54 हजार करोड़ का गबन डकैती के समान

## शीर्ष कोर्ट का एसओपी बनाने के निर्देश, कहा-यह राशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए 54 हजार करोड़ रुपये के गबन को पूरी तरह से लूट और डकैती करार देते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसे हितधारकों के साथ चर्चा करके मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए गबन की गई धनराशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक है।

अदालत ने पाया कि इस तरह के अपराध बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या उनकी लापरवाही के कारण हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने आरबीआई और बैंकों की ओर से समय पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने कई नए निर्देश जारी करते हुए गृह मंत्रालय से कहा कि वह आरबीआई की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा दूरसंचार विभाग की इसी तरह की एसओपी या निर्णयों पर विचार करे और ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार सप्ताह में एक सहमति पत्र (एमओयू) का मसौदा तैयार करे। पीठ को बताया गया कि आरबीआई ने साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से रोकने (होल्ड) के संबंध में बैंकों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई निर्दिष्ट करते हुए एक एसओपी तैयार की है। अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पहचान करने का निर्देश दिया और गुजरात तथा दिल्ली सरकारों से कहा कि वे इन मामलों में जांच के लिए सीबीआई को आवश्यक स्वीकृति प्रदान करें। कोर्ट ने आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित पक्षों को संयुक्त रूप से एक बैठक आयोजित करके डिजिटल अरेस्ट मामलों में मुआवजा प्रदान करने के लिए एक ढांचा तैयार करने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार लोगों को मुआवजा देने के मामलों में व्यावहारिक व उदार दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही हो सकती है ऐसे अपराधों के पीछे

### गृह मंत्रालय ने अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया है कि डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रणालीगत खामियों को दूर करने और साइबर अपराध के पीड़ितों की सुरक्षा तत्काल सुनिश्चित करने के लिए एक उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समिति (आईडीसी) का गठन किया है। गृह मंत्रालय द्वारा 12 जनवरी को दाखिल स्थिति रिपोर्ट में बताया गया कि भोलेभाले नागरिकों से धन की ठगी के लिए जाली दस्तावेजों और डिजिटल अरेस्ट जैसे हथकंडों का इस्तेमाल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों के खात्मे के लिए सीबीआई, रिजर्व बैंक, दूरसंचार विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े प्रमुख मंत्रालयों की भागीदारी के साथ एक बहु-एजेंसी अभियान चलाया जा रहा है। पीठ के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने दिल्ली के एक हाई-प्रोफाइल धोखाधड़ी मामले की जांच आधिकारिक रूप से अपने हाथ में ले ली है, जिसमें 76 साल की एक पेंशनर से डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के जरिये 1.64 करोड़ रुपये ठग लिये गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि फर्जी लोगों ने उसे जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके धमकाया था। सीबीआई ने बताया कि ऐसी ठगी संगठित और अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोहों द्वारा की जाती है।

# एसआईआर में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- ममता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी, बंगाल सरकार से पूछे कई सवाल
- कोर्ट ने कहा- सभी राज्य सरकारें संशोधन प्रक्रिया में सहयोग करें

शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के एसआईआर में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इनमें राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है, जिसमें एसआईआर अभ्यास के दौरान मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जाने की आशंका जाहिर की गई है।

पीठ ने कहा, हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है। उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग को ग्रुप-बी के 8,505 अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने का संज्ञान लिया। उसने कहा कि इन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया में प्रशिक्षित और नियोजित किया जा सकता है।

### पुनरीक्षण का अंतिम निर्णय मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा : पीठ

पीठ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संशोधन के सिलसिले में अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा। उसने कहा कि इन 8,505 अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और कामकाज निर्वाचन आयोग द्वारा तय किया जाएगा। सुनवाई के दौरान ममता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने एसआईआर प्रक्रिया में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और बड़े पैमाने पर योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं। दीवान ने पीठ से कहा, हम नहीं चाहते कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर लोगों के नाम हटाए जाएं।

# अवैध वसूली में उद्योग विभाग के तीन अधिकारी निलंबित

- आवेदन व फाइल निस्तारण के नाम पर उगाही का आरोप

**लखनऊ।** जिला उद्योग कार्यालय में सरकारी योजनाओं से जुड़े ऑनलाइन आवेदन और फाइल निस्तारण के नाम पर अवैध वसूली के मामले में शासन ने उद्योग विभाग के तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबित किए गए अधिकारियों में सहायक आयुक्त उद्योग एवं प्रभारी उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा, सहायक प्रबंधक संतोष राव और जिला प्रबंधक मिलन कुमार शामिल हैं। यह कार्रवाई मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी हमीरपुर की दो सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। समिति की जांच में पाया गया था कि विभिन्न सरकारी योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन कराने, फाइलों का निस्तारण करने और सब्सिडी दिलाने के नाम पर संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध वसूली की जा रही थी।

# मणिपुर में फिर हिंसा, उपद्रवियों ने कई घर फूंके

इंफाल, एजेंसी



- हथियारबंदों ने फायरिंग व बमबारी की जवान तैनात
- तांगखुल में कई ग्रामीणों के अपना इलाका छोड़ा

मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों द्वारा लिटान सारेइखोंग गांव में कई घरों में आग लगा दी, इसके बाद यहां एकाएक फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जरूरी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए।

तांगखुल में रहने वाले कई ग्रामीणों के भी इलाका छोड़ने की खबर है। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तंगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई। पीड़ित पक्ष व लिटान सारेइखोंग के मुखिया के बीच मामला सुलझ गया था और दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से पारंपरिक तरीकों से मामले को सुलझाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक बैठक भी तय की गई थी। हालांकि, बैठक नहीं हो सकी। इसके बजाय, पास के सिकिबुंग गांव के कुछ ग्रामीणों ने लिटान सारेइखोंग के मुखिया के आवास पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लिटान थाने के पास से गुजरते हुए कई गोलियां भी चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिससे प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। बताया कि मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कुकी उग्रवादियों ने आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लिटान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है।

# पंजाब में विधि छात्रा की हत्या के बाद छात्र ने खुद को गोली मारी

- तरनतारन में क्लासरूम में हुई वारदात, दोनों ही कानून के प्रथम वर्ष के छात्र और सहपाठी थे

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले में सोमवार को विधि संकाय के एक छात्र ने कक्षा के अंदर एक छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी, जबकि भयभीत सहपाठी यह खौफनाक मंजर देखते रह गए। इसके बाद आरोपी छात्र ने खुद को भी गोली मार ली। पुलिस ने बताया कि प्रिंस राज गंभीर रूप से घायल है, जबकि छात्रा संदीप कौर की मौके पर ही मौत हो गयी।

हमलावर प्रिंस राज और संदीप कौर दोनों ही कानून के प्रथम वर्ष के छात्र और सहपाठी थे। उनकी उम्र लगभग 19-20 वर्ष के आसपास है। उस्मा गांव स्थित कॉलेज में हुई हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब यह घटना घटी उस वक्त कक्षा में पढ़ाई शुरू नहीं हुई थी। कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में प्रिंस, संदीप व एक अन्य छात्रा कक्षा में एक साथ दिखाई दिए।

# काशीपुर में काल बने डंपर, सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की गई जान

संवाददाता, काशीपुर

- घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कहीं डंपर में लगाई आग, तो कहीं लगाया जाम

**अमृत विचारः** काशीपुर में सोमवार को तीन अलग-अलग घटनाओं में डंपरों ने तीन लोगों को कुचल दिया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने एक डंपर में आग लगा दी। वहीं, दूसरी घटना में ग्रामीणों ने घंटों तक रास्ता जाम कर दिया। घटनास्थल पर फोर्स को तैनात किया गया है। पोस्टमार्टम कराकर तीनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र के ढकिया नंबर एक शिव नगर निवासी जयपाल सिंह (60) सोमवार सुबह अपने घर से बाइक पर सवार होकर गांव के पास निवासी अपने बेटे सोनू के घर जा रहे थे। कुछ ही दूरी पर पीछे से आ रहे खनन सामग्री लदे डंपर ने उन्हें चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने डंपर में आग लगा दी, वहीं हादसे से इलाके में तनाव की स्थिति बन गई।

दूसर घटना में ब्रह्मनगर कुंडेश्वरी निवासी 29 वर्षीय अनिल कुमार अपने साथी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे डंपर को देखकर अनिल ने बाइक सड़क किनारे रोक दी, लेकिन डंपर चालक ने नियंत्रण खो दिया। अनिल का साथी खंती में गिरने की वजह से सुरक्षित बच गया, लेकिन डंपर अनिल के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

तीसरी घटना में मूल रूप से शाहजहांपुर के रहने वाले कृष्णकांत (40) पुत्र तुलसीराम सक्सेना एक डंपर की चपेट में आ गए। कृष्णकांत पिछले 15 वर्षों से कुंडेश्वरी में रह रहे थे और अपने ही एक परिचित की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर काम करते थे। भोजपुर से लौटते समय वह आलू फार्म रोड पर एक मोमोज के ठेले के पास खड़े थे। तभी डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

**परीक्षा पे चर्चा** | दूसरे चरण में प्रधानमंत्री बोले- मोबाइल कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं जो उसके बिना खाना भी नहीं खा सकते

# तकनीक के गुलाम न बनें, मार्गदर्शन के लिए हो एआई का प्रयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छात्रों को सलाह दी कि वे प्रौद्योगिकी को उन्हें गुलाम नहीं बनाने दें और एआई का उपयोग मार्गदर्शन और अपने काम में बेहतरी लाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि सीखने के विकल्प के रूप में।

वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में मोदी ने कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, हर युग में नई प्रौद्योगिकियों, चाहे कंप्यूटर हों या मोबाइल फोन, को लेकर चिंताएं रही हैं। लेकिन यह डर बेवजह है। आपको यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि हम प्रौद्योगिकी के गुलाम नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से न डरें, बल्कि उनका उपयोग कौशल को निखारने के लिए करें। हमें प्रौद्योगिकी को समझना होगा, खुद का विस्तार करना होगा, उसमें उस प्रौद्योगिकी की ताकत को जोड़ना होगा, जो हमारे कामों में 'वैल्यू एडिशन' करें। काम का स्वरूप हमेशा बदलता रहेगा, जैसे परिवहन बैलगाड़ियों से हवाई जहाजों में परिवर्तित हुआ, लेकिन जीवन चलता रहा।



विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

### सिर्फ दूसरों की उपलब्धियों को देखने के बजाय सफलता के लिए उनके प्रयास देखें : मोदी

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दूसरों की केवल उपलब्धियों को ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि सफलता के पीछे किए गए प्रयास और अनुशासन को भी देखना चाहिए। एक छात्र की पढ़ाई और रुचियों के बीच संतुलन बनाने संबंधी चिंता को दूर करने की कोशिश करते हुए, मोदी ने कहा कि दोनों ही उपयोगी हैं और एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। स्टार्टअप से संबंधित एक अन्य छात्र के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं, चाहे वह प्रौद्योगिकी में नवाचार हो या ड्रोन या विद्युत प्रणालियों जैसे व्यावहारिक समाधान।

स्टेट ब्रीफ

### विदाई समारोह में कविता बनी मिस फेयरवेल

**हल्द्वानी :** राबाइका चोरगलिया में 12वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित हुआ। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाली छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शिक्षिका गीता जोशी और शोभा पंत ने तनाव मुक्त होकर छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश के लिए टिप्स दिए। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं ने स्कूल की अपनी यादों को साझा किया। कविता रावत को मिस फेयरवेल और सोनिका मेवाड़ी को मिस ब्यूटीफुल का खिताब मिला। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने सभी छात्राओं को बधाई दी।

### बादलों तक सीमित होकर रह गया पश्चिमी विक्षोभ

**नैनीताल :** पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चला है, जो सरोवर नगरी में बादलों तक सीमित होकर रह गया। हालांकि इसके दो दिन और सक्रिय रहने की संभावना है, लेकिन वर्षा और बर्फबारी होगी भी या नहीं, संशय बना हुआ है। नगर में सोमवार को घने बादलों ने सुबह से डेरा डाल रखा था, जो देर शाम तक बने रहे। बारिश की उम्मीद तो नजर आ रही थी, लेकिन बादल बरस नहीं सके। दिन में सूरज भी दिखता रहा। बादलों के चलते तापमान में गिरावट आ गई है। जिस कारण दिन के समय भी ठंड महसूस हुई। शाम के समय ठंड में बढ़ोतरी हो गई। लोगों को हीटर का सहारा लेने को मजबूर होना पड़ा।

# खास मौकों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण को दें बढ़ावा

## मुख्यमंत्री ने डॉ. नित्यानंद की जन्मशताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिया संदेश

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री ने आह्वान किया है कि हम सभी जीवन के प्रत्येक प्रमुख अवसर पर जैसे जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ या कोई अन्य स्मरणीय दिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी नियमित देखभाल भी करें। जिससे हम सभी देवभूमि में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को दून विश्वविद्यालय, देहरादून में डॉ. नित्यानंद की जन्मशताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने सत्तत हिमालयी पर्यावरण पुरस्कार 2025 -26 से जयेंद्र सिंह राणा एवं संजय सत्यवली को सम्मानित किया।


मुख्यमंत्री ने सतत हिमालयी पर्यावरण पुरस्कार से जयेंद्र राणा व संजय सत्यवली को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अभियान, जल संरक्षण अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों चलाए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए सौर ऊर्जा सहित अन्य हरित ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के नौले, धारे एवं वर्षा आधारित नदियों जैसे परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण हेतु ''स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी का गठन किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. नित्यानंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन हिमालय, प्रकृति, समाज और राष्ट्र को समर्पित किया। उनकी सोच, हिमालय की शिखरों जैसी ऊंची और उनका सेवा-भाव हिमालय की घाटियों से भी गहरा था। उनका मानना था कि हिमालय की रक्षा करना, भारतीय सभ्यता और राष्ट्र के भविष्य के लिए भी आवश्यक है।

### निजी भूमि पर बाजार व फूड कोर्ट चलाने के लिए लाइसेंस अनिवार्य

**हल्द्वानी :** नगर निगम सीमा के अंतर्गत स्वयं की निजी भूमि पर निजी बाजार, फूड कोर्ट या चौपाटी के संचालन के लिए नगर निगम की ओर से तैयार की गई नियमावली लागू कर दी गई है। अब निजी भूमि पर इस तरह के बाजार संचालित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को नगर निगम से अनुमति या लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। नगर निगम सीमा में निजी बाजार खुलने से एक ओर जहां रेहड़ी-पटरी पर व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों को व्यवस्थित प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा। वहीं, दूसरी ओर मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण और बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलेगी। निजी बाजार संचालक को पहले साल में कुल स्थान का 25 प्रतिशत भाग नगर निगम के सिटी वेंडिंग कार्ड धारकों के लिए सुरक्षित रखना होगा। साथ ही प्रत्येक वेंडर के लिए नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। निजी बाजार या फूड प्लाजा संचालक को उपभोक्ताओं के वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराना होगा, ताकि पार्किंग के कारण यातायात बाधित न हो।

# धौलास की विवादित जमीन मुस्लिम विवि की साजिश का हिस्सा: चमोली

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर बड़ा हमला बोला है। मुस्लिम शिक्षण संस्थान के लिए दी गई जमीन की आईएमए की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए, तत्काल सरकार में निहित करने की अपील की है। भाजपा के वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने इस भूमि को मुस्लिम यूनिवर्सिटी खोलने की मंशा रखने वालों की साजिश का हिस्सा बताया। कहा, ऐसी षड्यंत्रों से देवभूमि के देवत्व बचाने के लिए कांग्रेस से मुक्ति जरूरी है।

पार्टी मुख्यालय में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रवक्ता चमोली ने कहा कि सहसपुर धौलास में वर्ष 2004 में तिवारी सरकार द्वारा करीब 100 बीघा जमीन मोहम्मद मदनी को शिक्षण कार्य के लिए लीज पर दी गई थी। जिसके लैंड यूज परिवर्तित कराने के प्रयास किए गए और आपत्तियों के बाद हाईकोर्ट तक मामला पहुंचा। अब वहां भी मामला खारिज होने के बाद वहां पावर अटॉर्नी देकर खुर्द बुर्द करने के प्रयास भूमाफियाओं द्वारा किए जा रहे थे। फिलहाल



प्रेस वार्ता करते भाजपा प्रवक्ता व विधायक विनोद चमोली।

एमडीडीए ने कार्रवाई कर भूमि की खरीदफरोख्त पर रोक लगा दी है।

उन्होंने तत्कालीन और बाद की कांग्रेस सरकारों की मंशा पर सवाल खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि क्या तिवारी सरकार में शिक्षण संस्थान के लिए अलॉटेड इसी जमीन पर कांग्रेस मुस्लिम यूनिवर्सिटी खोलना चाहती थी क्योंकि वर्ष 2022 के चुनाव में सहसपुर के अंदर एक मुस्लिम यूनिवर्सिटी खुलने की बात आगे आई जो तत्कालीन सीएम हरीश रावत की देखरेख में हुई। भाजपा द्वारा किए विरोध और जनता द्वारा चुनाव में उन्हें नकारे जाने के बाद उनकी मंशा पूरी नहीं हो पाई। अब यह षड्यंत्र खुला तो पता चला कि भूमाफियाओं द्वारा उसे भूमि को खुर्द बुर्द किया जा रहा है।

पार्टी प्रवक्ता ने शासन प्रशासन द्वारा इस प्रकरण पर दिखाई तत्परता की प्रशंसा करते हुए सरकार से भूमि को वापिस कब्जे में लेने की अपील की है। कहा कि, यह समूचा क्षेत्र बेहद संवेदनशील आईएमए परिसर से लगा हुआ है और उसकी सुरक्षा को खतरा है। तब भी सेना द्वारा इसको लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन कांग्रेस सरकारों ने नजरअंदाज करते हुए आवंटन कैंसिल नहीं किया। आज पुनः स्थिति स्पष्ट होने के बाद, उन्होंने सरकार से तुरंत संज्ञान में लेते हुए भूमि आवंटन निरस्त करने का आग्रह किया है।


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में सीबीएफसी के अध्यक्ष, कवि एवं गीतकार प्रसून जोशी नेभेंट की।

# प्रोजेक्ट्स की धीमी गति पर सीएस ने जतायी नाराजगी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में विश्व बैंक सहायतित उत्तराखंड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एंड रेजीलियंट प्रोजेक्ट (यू-प्रिपेयर) की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक की। इस बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गयी। मुख्य सचिव ने यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के प्रोजेक्ट्स की धीमी गति पर नाराजगी भी जाहिर की। कहा कि यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित प्रोजेक्ट्स में तेजी


मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में की बैठक।

लाए जाने के लिए इनकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए।

मुख्य सचिव ने योजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे 45 पुलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि 45 में से 31 का कार्य अवार्ड कर दिया गया है। मुख्य सचिव ने बाकि 14 पुलों का कार्य 30 जून, 2026 तक अवार्ड किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा 8 सड़कों के निर्माण कार्य का आबंटन भी शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव यूएसडीएमए द्वारा विभिन्न स्थानों पर 10 डिजास्टर शेल्टर भी शीघ्र तैयार किए जाने की बात कही। उन्होंने डिजास्टर शेल्टर तैयार किए जाने सहित यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित सभी कार्यों की टाईमलाईन निर्धारित की जाए। उन्होंने एसडीआरएफ की प्रशिक्षण सुविधा और 19 फायर स्टेशनों के निर्माण कार्य में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

# भाजपा सरकार का लक्ष्य सुशासन: मुख्यमंत्री

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ''जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार'' अभियान राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके माध्यम से शासन को जनता के द्वार तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत एवं आवेदन का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दिन तक राज्यभर में लगे 597 कैम्पों में अब तक 4,68,778 से ज्यादा नागरिकों ने प्रतिभाग किया। 46,296 शिकायतों में 31,242 का निस्तारण और सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 2,60,312 नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है।

# फांसी व उम्रकैद पर हाईकोर्ट करेगा अंतिम सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

- **युवती की निर्ममता से हत्या करने वाले हैदर और रिहान को नहीं मिली राहत**

**अमृत विचार:** निचली अदालत द्वारा हत्या के दो आरोपियों को फांसी व उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले की पुष्टि करने के मामले पर सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

दोनों आरोपियों ने रिहा करने का प्रार्थनापत्र कोर्ट में पेश किया। सरकार का पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने दोनों हत्यारों को कोई राहत नहीं देते हुए मामले को अंतिम सुनवाई के लिए अपने पास रख लिया है। मामले के अनुसार, मृतका के भाई दिनेश ने वर्ष 2021 में थाना गंगनहर रुड़की (हरिद्वार) में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि, उसकी बहन को हैदर परेशान करता था और उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। उसकी बहन ने उससे शादी करने से साफ इन्कार कर दिया था। जिसके बाद हैदर अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर में घुसा और उसके बाद तीनों आरोपियों ने उसके घुटने मोड़कर धारदार हथियार से उसकी गला काटकर हत्या कर दी थी।

इस जघन्य अपराध को कारित करने वाले हैदर को सत्र न्यायाधीश रमेश सिंह (प्रथम अपर जिला न्यायधीश रुड़की) की अदालत ने 12 जून 2025 को फांसी की सजा सुनाई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि हत्यारे को तब तक फांसी के फंदे पर लटकाया जाए जब तक उसकी मौत नहीं हो जाती। साथ ही 50 हजार रुपये के जुर्माना लगाते हुए जुर्माना अदा नहीं करने पर एक वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया था। हैदर के साथी रिहान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

# रामगढ़ में शिव महापुराण कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** तल्ला रामगढ़ स्थित नवनिर्मित महाकाल मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। निरंजनी अखाड़ा के महंत दिगम्बर विवेकानंद सरस्वती महाराज के प्रयासों एवं शिवभक्तों के सहयोग से हो रही इस कथा में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव की महिमा का रसपान कर रहे हैं।

कथा का व्यासत्व बाल योगी सिद्धि श्री शिव शंकर गिरि महाराज द्वारा किया जा रहा है। उनकी मधुर वाणी और आध्यात्मिक प्रवचनों से समूचा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अनेक भक्त स्नान-ध्यान के उपरांत मंदिर पहुंचकर कथा श्रवण एवं पूजा-अर्चना में सहभागिता कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, कथा के समापन दिवस 15 फरवरी को विशेष पूजा-अर्चना, भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# अंडर ऑफिसर गुंजन डांगी हुई सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीएनजी महाविद्यालय में 79 यूके बटालियन एनसीसी सब-यूनिट की अंडर ऑफिसर गुंजन डांगी को एनसीसी नैनीताल के ग्रुप कमांडर कोमोडोर बल राजेश सिंह ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

गुंजन डांगी ने नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में पीएमआर में प्रतिभाग किया था। ग्रुप कमांडर राजेश सिंह ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम है और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने


गुंजन डांगी को सम्मानित करते ग्रुप कमांडर राजेश सिंह। ● अमृत विचार

पीएनजी महाविद्यालय में संचालित एनसीसी की 79 और 24 यूके बटालियन की दोनों उप-इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवकीनंदन जोशी और लेफ्टिनेंट (डॉ.) कृष्णा भारती के कार्यों की प्रशंसा की। यहां कर्नल पीवी कुलकर्णी, लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास, प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपक खाती समेत अन्य मौजूद रहे।

ADMISSION OPEN (2026-27)
SURAJMAL AGARWAL GIRLS P.G. COLLEGE
Approved by: AICTE New Delhi, NCTE, Govt. of India (Affiliated to Kumaun University, Nainital)
Kishanpur Bypass, Kichha, Udham Singh Nagar-263148, Uttarakhand | www.sapkam.org | E-mail : sapkm.edu@gmail.com
UG COURSES
COURSES OFFERED
BBA B.Com (Hons.), BCA, B.Sc. (IT), B.Sc. (PCM, ZBC, PSM), B.Sc. (Biotechnology), B.Sc. Home Science, B.Sc. (Food Technology), B.Lib. B.Ed.
PG COURSES COURSES OFFERED
M.Com, M.Lib., MBA (Finance, H.R, Marketing, International Business & IT), M.Sc. (Physics, Botany, Zoology, Chemistry, Mathematics), M.Sc. (Microbiology), M.Sc. (Biotechnology), M.Sc. (Food Technology), M.Sc. Home Science (Foods & Nutrition, Textile & Apparel Designing)
SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF NURSING & PARAMEDICAL SCIENCES
B.Sc. Nursing, M.Sc. (Nursing) Post Basic B.Sc. (Nursing) GNM Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT), B.Sc in Optometry
Bachelor of Physiotherapy (BPT) B.Sc. in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)
SURAJMAL MEDICAL COLLEGE OF AYURVED & HOSPITAL
Reconized by the National Commission for Indian System of Medicine (NCISM), New Delhi and the Ministry of AYUSH, Government of India & Affiliated to Uttarakhand Ayurved University (UAU), Dehradun
• Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS)*
*100% Placement Assistance *Transport Facility Available
*Separate & Safe Hostel with air cooler for Girls & Boys
CONTACT SOON FOR ADMISSION
Contact No.: 9412920331, 9837242760, 8192801031, 7902103001, 7902103002

### रानीखेत में 66 किलोग्राम गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अल्मोड़ा:** रानीखेत पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने तीन तस्करों को गांजे के साथ दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से वाहन में रखा 66.288 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी अनुसार रानीखेत पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अशोक द्वार के पास एक कार को रोका। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में रखे 66.288 किलो गांजा बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने आरोपी विकाश पुत्र अजय सिंह निवासी-काशीपुर, अनमोल सिंह पुत्र बरीयाम सिंह, निवासी काशीपुर और जसपाल सिंह पुत्र विक्रम सिंह, निवासी- नानकमत्ता जनपद जिला उधमसिंहनगर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। बरामद गांजे की कीमत साढ़े 16 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। टीम में थानाध्यक्ष भुवन जोशी, एसओजी प्रभारी सुनील धानिक, एसआई बृजमोहन, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार रहे।

### 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे आशा वर्कर

**नैनीताल:** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और फेडरेशनों के आह्वान पर 12 फरवरी को प्रस्तावित एक दिवसीय अखिल भारतीय आम हड़ताल को ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने समर्थन देने की घोषणा की है। इसके तहत जनपद नैनीताल की आशा कार्यकर्ता भी हड़ताल पर रहकर धरना-प्रदर्शन करेंगी।

हड़ताल के संबंध में सोमवार को आशा कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा को ज्ञापन सौंपा। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह आंदोलन उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के बैनर तले किया जाएगा। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि हड़ताल के दौरान पुराने 44 श्रम कानूनों की बहाली, चार श्रम संहिताओं की वापसी, आशा सहित सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम 35 हजार रुपये मासिक वेतन दिए जाने, आशा कार्यकर्ताओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा तथा पेंशन सुविधा प्रदान किए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी। इस अवसर पर दुर्गा टम्टा, निर्मला चंद्रा सहित अन्य आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।

## सिटी ब्रीफ

### 8वीं के छात्र ने छठवीं के के छात्र को घोंपा चाकू

**हल्द्वानी** : बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में सोमवार को बड़ी घटना सामने आई। स्कूल छूटने के बाद आठवीं के छात्र ने छठवीं कक्षा के छात्र के सिर में चाकू घोंप दिया। इस चाकूबाजी में आरोपी को भी चोट आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक गौलापार निवासी छठवीं कक्षा का छात्र बनभूलपुरा इंटर कॉलेज में पढ़ता है। इसी स्कूल में बनभूलपुरा निवासी एक बच्चा आठवीं का छात्र है। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। सोमवार को स्कूट छूटा तो दोनों का स्कूल के बाहर ही विवाद हो गया। बताया जाता है कि इसी बीच आठवीं के छात्र ने चाकू से दूसरे छात्र पर हमला कर दिया। चाकू उसके सिर में लगा और गहरा घाव हो गया। उसके सिर में 12 टांके लगे हैं।

### मनीष नार्की बने उक्रांद के हल्द्वानी ब्लॉक अध्यक्ष

**हल्द्वानी** : उत्तराखंड क्रांति दल में मनीष नार्की को हल्द्वानी ब्लॉक का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संभावना जताई गई है कि युवा मनीष उक्रांद के साथ युवाओं को जोड़ेंगे और जोश के साथ संगठन की उत्तराखंड हित की नीतियों को जनता तक पहुंचाएंगे। उनके मनोनयन पर जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष युवा हरीश मेवाड़ी, जिला महामंत्री उत्तम बिष्ट, पार्षद रवि वाल्मीकि, प्रचार मंत्री मनोज नेगी, जिला महामंत्री प्रमोद सती, कोषाध्यक्ष हरीश कौटिल्या आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### गाजियाबाद में मिले लापता दो छात्र

**हल्द्वानी** : बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से लापता छठवीं कक्षा के दो छात्र भाग कर गाजियाबाद पहुंच गए। दोनों सकुशल है। कोतवाल डीएस फर्त्याल के मुताबिक, मोहम्मदी मस्जिद के पास रहने वाला 15 वर्षीय मो .आसिम और 14 वर्षीय मो .अरसलान दोस्त हैं। 7 फरवरी को दोनों साथ स्कूल के लिए निकले, लेकिन घर नहीं लौटे। शिकायत पर पुलिस ने तलाश शुरू की तो पता लगा कि दोनों गाजियाबाद पहुंच गए। यहां अरसलान के मौसा का घर है। पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया है।

### रानीबाग क्षेत्र में साढ़े छह घंटे बिजली गुल

**हल्द्वानी** : ऊर्जा निगम की ओर से लाइनों के आधुनिकीकरण और मरम्मत कार्य के चलते सोमवार को रानीबाग फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली की भारी कटौती रही। रानीबाग उपसंस्थान (एचएमटी) से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 9 :30 बजे से शाम 4 :00 बजे तक आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। साढ़े छह घंटे तक बिजली न होने से लोगों के कामकाज प्रभावित हुए और कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ा। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि लाइनों का सुदृढ़ीकरण और रखरखाव कार्य बेहद जरूरी है।

---

### एसटीएच में अवकाश से लौटे न्यूरो सर्जन डॉ. अभिषेक राज, बुधवार को ओपीडी में मरीजों को देखेंगे

# छह दिन बंद रहने के बाद अब खुलेगा न्यूरोसर्जरी विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** न्यूरोसर्जन डॉ. अभिषेक राज के अवकाश पर जाने और डॉ. अमित देवल के इस्तीफे के बाद एसटीएच में न्यूरोसर्जरी विभाग बंद हो गया था। राहत की बात है कि डॉ. अभिषेक राज लौट आए हैं और अब मरीजों को देखेंगे।

एसटीएच में न्यूरोसर्जरी विभाग में न्यूरोसर्जनों का टोटा है। यहां केवल दो ही न्यूरोसर्जन काम करते हैं। डॉ. अभिषेक राज भी अनुबंध के तहत सेवा दे रहे हैं। उनकी सेवा का विस्तार किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के न्यूरोसर्जन डॉ. अमित देवल ने नौकरी छोड़ दी है।

इधर गुरुवार से डॉ. अभिषेक अवकाश पर चले गए, जिस वजह से कुमाऊं के सबसे बड़े अस्पताल में न्यूरोसर्जरी विभाग पूरी तरह से बंद ही हो गया और मरीजों को अन्य अस्पतालों में जाना पड़ा। अब डॉ. अभिषेक राज वापस आ गए हैं और बुधवार को ओपीडी में मरीजों को देखेंगे लेकिन दिक्कत यह है कि केवल एकमात्र न्यूरोसर्जन के भरोसे एसटीएच में न्यूरोसर्जरी विभाग कब तक चलेगा।

इस विभाग की ओपीडी में ही एक दिन में 70 से 100 मरीज आते हैं। साथ ही मरीजों के ऑपरेशन भी किए जाते हैं। इधर एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि शासन से न्यूरोसर्जन के लिए कहा गया है, उम्मीद है कि जल्द ही एक और न्यूरोसर्जन की तैनाती हो जाएगी। कहा कि एक और सर्जन की तैनाती से मरीजों को काफी सुविधा होगी।



#### कैथलैब की टेस्टिंग पूरी, अब कार्डियोलॉजिस्ट का इंतजार

**हल्द्वानी** : एसटीएच में बनाई गई कैथलैब की टेस्टिंग पूरी हो गई है। टेस्टिंग को पिछले चार दिनों से किया जा रहा था। मशीनों को सही पाया गया है लेकिन अब असल दिक्कत शुरू हो गई है। अब अस्पताल प्रशासन कार्डियोलॉजिस्ट का इंतजार कर रहा है। हृदय रोगियों के ऑपरेशन के लिए एसटीएच में बनाई गई कैथलैब आखिरकार बनकर पूरी तरह से तैयार हो गई है। इसकी टेस्टिंग संबंधित कंपनी ने चार दिनों में पूरी कर दी है। टेस्टिंग में सीलन बाधा आ रही थी, निर्माणदाई संस्था मंडी परिषद ने सीलन को दूर कर दिया जिसके बाद कंपनी ने आकर काम पूरा किया है लेकिन अब दिक्कत यह है कि एसटीएच के पास कार्डियोलॉजिस्ट नहीं है। इसलिए कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा है। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि जैसे ही कार्डियोलॉजिस्ट मिलेगा, कैथलैब शुरू कर दी जाएगी।

---

# जाम में फंसी एम्बुलेंस में कराई सुरक्षित डिलीवरी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कैंची धाम क्षेत्र में सोमवार सुबह प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिला को अस्पताल ले जा रही 108 एम्बुलेंस भारी जाम में फंस गई। विषम परिस्थितियों के बावजूद एम्बुलेंस कर्मियों और आशा कार्यकर्ता की सूझबूझ से एम्बुलेंस के भीतर ही सुरक्षित प्रसव कराया गया।

महिला ने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार कैंची धाम निवासी सुरजीत सिंह की पत्नी कविता को सोमवार तड़के अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तुरंत आशा कार्यकर्ता और 108 सेवा को सूचना दी। घर सड़क से दूर होने के कारण परिजन महिला को मुख्य मार्ग तक लाए, जहां से एम्बुलेंस अस्पताल के लिए रवाना हुई।

भवाली-नैनीताल मार्ग पर भारी जाम के कारण वाहन आगे नहीं बढ़ सका। इसी दौरान प्रसव पीड़ा बढ़ने पर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन सुनील बिष्ट ने आशा कार्यकर्ता भगवती देवी के सहयोग से एम्बुलेंस में ही सुरक्षित डिलीवरी कराई। बाद में जच्चा-बच्चा को बीडी पांडे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की हालत सामान्य है।

---

# ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी फॉरेस्ट फायर की निगहबानी

### तराई पूर्वी वन डिवीजन ने चार दिन बाद शुरू होने वाले फायर सीजन को लेकर पूरी की तैयारियां

एक्सक्लूसिव

**460** कर्मी/फायर वॉचर किए तैनात | **53** क्रू स्टेशन बनाए गए | **11** वॉच टॉवरों से भी होगी निगरानी

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पहली बार जंगलों में आग की निगरानी ड्रोन और सोलर सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। बकायदा मिशन प्लानिंग के तहत ड्रोन का रूट निर्धारित किया गया है ताकि जंगल के चप्पे-चप्पे की निगेहबानी हो सके। इसके अलावा फॉरेस्ट फोर्स और फायर वॉचर भी वनाग्नि के लिए जंगलों में तैनात रहेंगे।

तराई पूर्वी वन डिवीजन के 82,489 हेक्टेयर जंगल नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में नेपाल और पीलीभीत टाइगर रिजर्व तक फैले हुए हैं। इन जंगलों में फायर सीजन को लेकर डीएफओ से फायर वॉचर स्तर तक कमर कस ली गई है। वन डिवीजन में 53 फायर क्रू स्टेशन व 11 वॉच टॉवर हैं।

क्रू स्टेशन में वन कर्मियों की तैनाती के साथ ही वायरलैस सिस्टम, जरूरी उपकरण मुहैया कराए गए हैं। लगभग 16,500 हेक्टेयर जंगल में कंट्रोल बर्निंग की जाएगी। 300 वन कर्मियों के साथ ही 160 फायर वॉचरों को तैनात किया गया है। फायर सीजन में जरूरत पड़ने पर फायर वॉचरों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जा सकती है।





#### फायर वॉचरों को 5 लाख का बीमा, फुल मेडीक्लेम

**हल्द्वानी** : वन विभाग ने अल्मोड़ा के बिनसर कांड से सबक लेते हुए सभी फायर वॉचरों का बीमा कराया है। इसमें उन्हें 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर की सुविधा दी जाएगी। वहीं, आग में झुलसने पर इलाज का पूरा खर्च मिलेगा। यह बीमा फरवरी से जून माह के लिए ही वैध होगा यदि इनकी नियुक्ति बढ़ाई जाती है तो बीमा अवधि भी बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा उन्हें आपात स्थिति से निबटने का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

#### वाटर प्रेशर से भी ठंडी की जाएगी आग

वन विभाग के पास ट्रैक्टर हैं, इनमें पीछे पानी के टैंकर लगाए जाएंगे। फिर प्रेशर पंप के जरिए आग वाले क्षेत्रों में पानी का छिड़काव किया जाएगा। दरअसल, वनों में आग बुझ जाती है लेकिन ठूंठ में चिंगारी बचती है जो बाद मेंभड़क जाती है। इन ठूंठों की आग प्रेशर से पानी से बुझाई जाएगी।



फायर सीजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। 53 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। पहली बार सोलर सीसीटीवी व मिशन प्लानिंग के तहत ड्रोन से वनाग्नि की निगरानी की जाएगी। 160 फायर वॉचर नियुक्ति के साथ कुल 450 कर्मी तैनात किए हैं जिनका बीमा भी करवाया गया है। आग बुझाने के लिए प्रेशर वाटर टैंकर की भी मदद ली जाएगी। -**हिमांशु बागरी,** डीएफओ तराई पूर्वी वन डिवीजन हल्द्वानी

#### पहली बार मिशन प्लानिंग से उड़ान भरेंगे ड्रोन

वन अधिकारियों के अनुसार, वन डिवीजन के पास 6 ड्रोन उपलब्ध हैं जबकि दो जल्द ही आने वाले हैं। फायर सीजन में निगरानी के लिए इन ड्रोन को मिशन प्लानिंग से उड़ाया जाएगा। इसका अर्थ है कि ड्रोन मैनुअली रिमोट के जरिए उड़ान नहीं भरेंगे बल्कि मिशन प्लानिंग एप के जरिए जंगलों में उनका रूट निर्धारित किया जाएगा। मिशन प्लानिंग एप की मदद से ड्रोन ऑटोमैटिकली निर्धारित रूट पर उड़ान भरेंगे और खुद ही वापस आ जाएंगे। वहीं, जहां-जहां ड्रोन जाएगा, वन कर्मी डिस्प्ले स्क्रीन पर उक्त रूट में आने वाले जंगल की निगेहबानी कर सकेगा। इसके अलावा वन विभाग ने हाईवे व आबादी से सटे जंगलों में पेड़ों पर सोलर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं इनकी मदद से भी जंगलों में आग लगाने वालों की निगरानी की जाएगी। इन कैमरों में इंटरनेट की मदद से लाइव स्ट्रीमिंग भी होती है जिससे वनकर्मी घर या दफ्तर में बैठकर भी निगेहबानी कर सकते हैं।

#### 13 फरवरी को होगी राज्य स्तरीय मॉकड्रिल

हल्द्वानी : वन विभाग की ओर राज्य में एक साथ 13 फरवरी को मॉक ड्रिल की जाएगी। इसमंए प्रत्येक वन डिवीजन को वन मुख्यालय की ओर से आग की सूचना दी जाएगी और फिर उक्त रेंट/बीट को मौके पर पहुंच कर आग बुझाना होगा। इसकी फोटो या वीडियो रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इस मॉकड्रिल के जरिए वन विभाग 15 फरवरी से शुरू होने वाले फायर सीजन को लेकर अपनी तैयारियों का भी जायजा ले सकेगा।

---



एसडीएम कोर्ट परिसर में धरने पर बैठे विधायक सुमित हृदयेश, पार्षद व अन्य।

# एसडीएम की तैनाती के लिए विधायक व पार्षद ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मंडलायुक्त दीपक रावत व डीएम रयाल ने तीन-चार दिन में एसडीएम की नियुक्ति का आश्वासन दिया तब माने विधायक सुमित हृदयेश

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश व पार्षद रवि जोशी हल्द्वानी में एसडीएम की तैनाती की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। विधायक ने मौके से ही आयुक्त दीपक रावत व डीएम ललित मोहन रयाल से फोन पर वार्ता की। इस पर उन्होंने तीन-चार दिनों में एसडीएम की नियुक्ति का आश्वासन दिया तो वे मान गए।

सोमवार को पार्षद रवि जोशी नैनीताल रोड स्थित एसडीएम कोर्ट के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने आक्रोशित स्वर में कहा कि बीती 17 जनवरी को एसडीएम राहुल शाह का ऊधम सिंह नगर तबादला हो गया था, तब से वह कोर्ट संबंधी काम नहीं कर रहे हैं। जमीनी विवाद, 229-बी, 143, विवाह वगैरह जैसे काम ठप हो गए हैं। लगभग तीन सप्ताह से कोर्ट का काम नहीं होने पर अधिवक्ता भी खाली बैठे हैं और इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। एसडीएम शाह दो टूक कोर्ट का काम करने से इंकार कर रहे हैं। उन्होंने हल्द्वानी में फुल फ्लैश एसडीएम की तैनाती की मांग की ताकि कोर्ट संबंधित लंबित काम शुरू हो सके। इस बीच विधायक सुमित हृदयेश भी मौके पर पहुंच गए और पार्षद के साथ धरने पर बैठ गए। बाद में विधायक ने मौके से ही आयुक्त दीपक रावत व जिलाधिकारी एलएल रयाल से वार्ता की तो उन्होंने जल्द ही अधिकारी की नियुक्ति की बात की तब उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद विधायक व पार्षद ने धरना समाप्त कर दिया।

### आरएम ने जयपुर बस सेवा को किया रवाना

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो से सोमवार को एसी स्लीपर बस सेवा का शुभारंभ किया गया। मंडलीय महाप्रबंधक (संचालन) पूजा जोशी, सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम गणेश चंद पंत और सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पांडे ने बस संख्या यूके-04 पीए 9190 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस हल्द्वानी स्टेशन से शाम 4 बजे और जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टेशन से भी शाम 4 बजे चलेगी। जयपुर का किराया 1077 रुपये तय किया गया है। इस मौके पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, केंद्र प्रभारी काठगोदाम रघुवीर चौधरी, नवनीत कपिल, निरंजन लाल, नवीन कोठारी आदि रहे।

### हीरानगर में आज गोलज्यू की जागर

**हल्द्वानी** : पर्वतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के लिए पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच, हीरानगर की ओर से मंगलवार से दो दिवसीय विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गोल्ज्यू देवस्थानम् के 23वें स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आज शाम 6 बजे से पारंपरिक जागर के साथ होगी। इस दौरान न्याय के देवता गोलज्यू का आह्वान कर पूजा-अर्चना की जाएगी। यह आयोजन पूरी तरह पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न होगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहेंगे।

---

# श्रम विभाग में सर्वर ठप, परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** दो सरकारी विभागों में अलग-अलग कारणों से ऐसे काउंटर बंद हो गए हैं जहां रोजाना कई लोगों का काम पड़ता है। एसटीएच में बिलिंग काउंटर बंद हो गया तो श्रम विभाग में श्रम कार्ड से जुड़ी सेवा के काउंटर बंद हो गए। लोगों के पास परेशान होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में प्रशासन के निर्देश के बाद बिलिंग काउंटरों की संख्या बढ़ाई गई थी। ऐसे में एसटीएच में रिसेप्शन के बाहर एक अलग से बिलिंग काउंटर बनाया गया था। सुबह जब अन्य बिलिंग काउंटरों में लोगों की लंबी कतार रही तो इधर तीसरा बिलिंग काउंटर बंद था। पता चला कि कर्मचारी नहीं होने की वजह से इसे बंद किया गया है। कैंसर संस्थान में कर्मचारी की कमी होने से एक कर्मचारी को वहां भेजा गया तो एक अन्य कर्मचारी को आवश्यक काम होने की वजह से घर जाना पड़ा। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि मंगलवार से तीसरा बिलिंग काउंटर भी खोल दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी को इस बाबत निर्देश दिए हैं।



श्रम विभाग में सर्वर ठप होने के बाद परेशान लोग। ● अमृत विचार

### बस से मंगाई चरस बोला आयुर्वेदिक दवा है साहब

**हल्द्वानी:** टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार रविवार को कांस्टेबल अनिल टम्टा और एनटीएफ के कांस्टेबव बलवंत सिंह व संजय नेगी के साथ फायर स्टेशन को ओर निकले थे। सूचना पर फायर से आगे बढ़ी पुलिस को एक युवक पीठ पर पिट्ठू बैग टांगे दिखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 846 ग्राम चरस बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि ययह आयुर्वेदिक दवा है। उसने अपना नाम रविन्द्र सिंह पुत्र शोबन सिंह निवासी दानीबंगर गौलापार थाना चोरगलिया बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

---

# एसीजेएम कोर्ट ने विकास ढाका को दी जमानत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ईवीसीएल फ्रॉड मामले में आरोपी विकास ढाका को एसीजेएम कोर्ट हल्द्वानी से जमानत मिल गई है। वह पिछले चार दिनों से जेल में बंद था। जमानत आदेश की प्रति जेल प्रशासन को मिलने के बाद मंगलवार को उसके उपकारागार हल्द्वानी से रिहा होने की संभावना है।

गौरतलब है कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली ईवीसीएल टी-20 क्रिकेट लीग का आयोजन विकास ढाका द्वारा किया जा रहा था, जो किसी कारणवश रद हो गई। इसके बाद उत्तराखंड सोल्जर्स टीम के खरीदार पूर्व विधायक नारायण पाल और यूपी वॉरियर्स के हेमंत शर्मा ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने 6 फरवरी को विकास ढाका को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। इसके बाद विकास ने अपने अधिवक्ताओं गौरव कुमार पांडे और सौरभ कुमार पांडे के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की। 9 फरवरी को हुई सुनवाई में अधिवक्ताओं ने दलील दी कि एफआईआर में बीएनएस की धारा 318/4 गलत रूप से लगाई गई है, जिसमें गिरफ्तारी का प्रावधान नहीं है। साथ ही नियमानुसार नोटिस न देने और प्रक्रिया का पालन न करने की बात भी रखी गई। कोर्ट ने दलीलों को स्वीकार करते हुए गिरफ्तारी को अवैध माना और आरोपी को जमानत दे दी।



विकास ढाका।

#### हाईकोर्ट पहुंचा विकास, गिरफ्तारी को दी चुनौती

**नैनीताल :** हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग (ईवीसीएल) के आयोजन के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के मामले में गिरफ्तार आरोपी विकास ढाका ने अपनी गिरफ्तारी को उत्तराखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार तक रिमांड शीट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आरोपी की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि सात वर्ष से कम सजा वाले मामलों में गिरफ्तारी उचित नहीं है। फिलहाल आरोपी की जमानत पर फैसला टल गया है। अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी।

---

अपराध

### मजदूर से धन्नासेठ बनने वाले फरार जालसाज धनंजय गिरी पुलिस की पहुंच से दूर राजनीतिक मांद में है दुबका

# धनंजय ने जिसको भी दिया चेक वो कभी नहीं हुआ कैश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : जमीनों की धोखाधड़ी के एक्सपर्ट फरार जालसाज धनंजय गिरी ने जिसको भी चेक दिया, वो कभी कैश नहीं हुआ। ऐसे 38 मामले अब तक सामने आ चुके हैं, जिन्हें अपना शिकार बनाने के बाद या बनाने से पहले धनंजय ने बैंक के चेक दिए और जब चेक को बैंक में लगाया गया तो वह बाउंस हो गए। एनआई एक्ट के ये सभी मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक, इसके अलावा भी धनंजय पर 9 मुकदमे दर्ज हैं।

बिहार से मजदूरी करने हल्द्वानी आया धनंजय गिरी ने उत्तराखंड में जमीन धोखाधड़ी का ऐसा षड्यंत्र रचा कि देखते ही देखते वह अपने नाम के मुताबिक धन्ना सेठ बन गया। हाल में आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने उस दरोगा अनिल कुमार को सस्पेंड कर दिया था, जिसे उन्होंने धनंजय को गिरफ्तार करने का जिम्मा दिया था। ऐसे तमाम जांच अधिकारी सवालों के घेरे में हैं, जिन्हें धनंजय मामले की जांच सौंपी गई थी। अब धनंजय पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की एसआईटी एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल की अगुवाई में काम कर रही है। एसआईजी की ताजा जांच में सामने आया है कि धनंजय पर एनआई एक्ट यानी चेक बाउंस के 38 मामले चल रहे हैं। आईजी की अपील के बाद पांच और लोग धनंजय के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत लेकर एसपी सिटी के पास पहुंचे हैं। इनमें से एक व्यक्ति उत्तर प्रदेश के कन्नौज का रहने वाला है। जबकि दो पीड़ित लालकुआं क्षेत्र के हैं। सूत्रों के मुताबिक, धनंजय फिलहाल पुलिस से दूर राजनीतिक मांद में दुबका है।



धनंजय गिरी।

#### जिस पते का किया इस्तेमाल, वो किसी और का

**हल्द्वानी** : पुलिस के पास धनंजय के पते को लेकर जो ताजा है, उसके मुताबिक धनंजय गिरी हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर आवास विकास का रहने वाला है। पुलिस ने जब इस पते की तस्दीक की तो यहां एक परिवार रहता मिला। परिवार ने पुलिस को जानकारी दी कि वर्ष 2019 तक धनंजय यहीं रहता था, लेकिन धनंजय ने यह मकान उन्हें बेच दिया था और तब से खरीदार परिवार ही सुभाषनगर में रहता है। पुलिस को यह भी पता लगा है कि धनंजय मूलरूप से बिहार का रहने वाला है, लेकिन बिहार में कहां, यह नहीं पता। एसपी सिटी का कहना है कि धनंजय के शस्त्र लाइसेंस और पासपोर्ट के जरिये उसके मूल पते की तस्दीक की जा रही है।

#### पीड़ितों को रकम मिलेगी तो पंजीरी की तरह

**हल्द्वानी** : धनंजय के मूल पते के साथ ही पुलिस यह भी पता करने में जुटी है कि उसके नाम पर कितनी संपत्तियां हैं। हालांकि पुलिस को अभी तक ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ है। सूत्र कहते हैं कि धनंजय ने अपने नाम पर चुनिंदा संपत्ति ही खरीदी है। अगर कोर्ट के आदेश पर इन संपत्तियों को नीलाम किया जाता है कि नीलामी से मिलने वाली रकम पर सबसे पहले उस संस्था का अधिकार होगा, जहां उक्त संपत्ति बंधक होगी। इसके बाद अन्य पीड़ितों को रकम मिलेगी। जानकारों का कहना है कि गलती से रकम बच गई तो वह पीड़ितों को ऐसे मिलेगी जैसे प्रसाद की पंजीरी।

---

# चॉकलेट से सेलिब्रेट किया वेलेंटाइन वीक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वेलेंटाइन वीक के तीसरे दिन सोमवार को चॉकलेट डे पर शहर मिठास के रंग में डूबा नजर आया। शहर के प्रमुख बाजारों से लेकर शॉपिंग मॉल्स तक, हर जगह चॉकलेट की खुशबू और उसे खरीदने वालों की भीड़ देखी गई। युवाओं ने दोस्तों व खास लोगों को चॉकलेट भेंट कर रिश्तों में मिठास घोली।

मुखानी, कालाढूंगी रोड और नैनीताल रोड स्थित प्रमुख बेकरी और गिफ्ट शॉप्स पर सुबह से ही ग्राहकों का तांता लगा रहा। दुकानदार विपिन गुप्ता ने बताया कि इस दिन को खास बनाने के लिए विशेष 'चॉकलेट हैंपर्स' और 'हार्ट शेप' चॉकलेट बॉक्स सजाए थे। बाजार में 50 से लेकर 5 हजार तक के कस्टमाइज्ड चॉकलेट पैक उपलब्ध रहे, जिनकी जमकर खरीदारी हुई। इस बार युवाओं में 'डार्क चॉकलेट' और 'होममेड हैंडमेड चॉकलेट' का क्रेज ज्यादा देखने को मिला। चॉकलेट बुके की भी खासी डिमांड रही। शहर के कैफे और रेस्टोरेंट्स ने भी इस दिन को खास बनाने के लिए 'चॉकलेट कॉम्बो' और स्पेशल डेजर्ट्स पेश किए। चॉकलेट डे का उत्साह केवल युवाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ इसे मनाया। कई लोगों ने अपने परिवार के साथ चॉकलेट केक काटकर खुशियां बांटीं। सोशल मीडिया पर भी युवाओं ने चॉकलेट डे विश करते हुए अपनी तस्वीरें और स्टेटस अपडेट किए।



चॉकलेट डे पर दुकान से चॉकलेट खरीदती युवतियां। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बाइस टायरा व ईंट से लदा ट्रक आपस में भिड़े

**रामनगर :** चिल्किया चौराहा पर रात सवा एक बजे 22 टायरा डंपर और ईंट से लदा ट्रक भयंकर टकरा गया। दोनों वाहनों के टकराने की आवाज सुनकर पास-पड़ोस के लोग भी जाग उठे। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में दोनों ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर को केवल मामूली चोटें आईं। ग्रामीणों ने बताया कि दिन हो या रात, ये डंपर यमदूत बनकर मार्ग पर दौड़ते रहते हैं। स्कूली समय में भी ये बंद नहीं होते हैं, और गांव के छोटे बच्चे अपनी जान हथेली पर रखकर विद्यालय जा रहे हैं। प्रशासन और शासन की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। केवल राजस्व बढ़ाने की चिंता दिखाई देती है। ग्रामीणों ने डंपर और अन्य लोडिंग वाहनों का गांव से गुजरने का समय निर्धारित करने की मांग की है।

### हरीनगर-सीमाला मार्ग के लिए 8 करोड़ स्वीकृत

**धानाचूली :** भीमताल विधानसभा क्षेत्र में हरीनगर से सेरुवा-सीमाला तक मोटर मार्ग के निर्माण और डामरीकरण के लिए 8.06 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल गई है। विधायक राम सिंह कैड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के तहत पूरी की जाएगी और टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विधायक ने बताया कि भीमताल ब्लॉक की ग्राम सभा जगलियागांव के ग्रामीण लंबे समय से इस मार्ग की कमी से परेशान थे। किसानों को कृषि उत्पाद हल्द्वानी तक पहुंचाने के लिए पहले 6 किमी पैदल चलना पड़ता था। वहीं, गंभीर मरीजों को डोली पर लेकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता था। सड़क निर्माण के बाद ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के तोक बूढ़ा धूरा देवी एवं गुरु गुरखनाथ मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों वैसी कार्यक्रम के आयोजन के पश्चात ग्राम पंचायत के विभिन्न मंदिरों में पूजा-पाठ का क्रम जारी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, ओखलकांडा के ब्लॉक प्रमुख के.डी. रूबाली, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, जिला पंचायत सदस्य बिपिन सिंह जंतवाल, ग्राम प्रधान राधा कुल्याल सहित महेंद्र सिंह पड़ियार, प्रमोद भट्ट, प्रेम सिंह कुल्याल, हीरा बल्लभ भट्ट, योगेश भट्ट, गोविंद बल्लभ पलड़िया, सुरेश चंद्र भट्ट, लीलाधर भट्ट, हरीश चंद्र भट्ट, उमेश शर्मा, नरेश पड़ियार, मोहन सिंह पड़ियार, प्रताप सिंह पड़ियार, चंदन सिंह पड़ियार, चारु चंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह पड़ियार रहे।

### कैबिनेट मंत्री महाराज ने लोनिवि की कुल 945.99 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण किया

# कैंचीधाम बाईपास हर हाल में 15 जून तक होगा पूराः महाराज

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विकास भवन पहुंचकर लोक निर्माण विभाग की कुल 945.99 लाख रुपये की चार योजनाओं का शिलान्यास और 312.13 लाख रुपये की एक योजना का लोकार्पण किया। इस प्रकार कुल 1258.12 लाख रुपये की पांच योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पंचायतों को सशक्त करने के लिए 73वें संविधान संशोधन के तहत 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों का हस्तांतरण किया जा रहा है। प्रदेश के सभी जनपदों में नए पंचायत भवन बनाए जा रहे हैं और पुराने भवनों का



विकास भवन में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज। ● अमृत विचार

जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 14,027 नए गांवों को सड़क मार्ग से जोड़कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। दीनदयाल उपाध्याय गृह-आवास (होम स्टे) विकास योजना के अंतर्गत अब तक 5 हजार से अधिक होम स्टे पंजीकृत किए जा चुके हैं, जबकि 1,118 लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।सतपाल महाराज ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि कैंचीधाम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की यात्रा सुगम, सरल और सुरक्षित हो। बायपास निर्माण कार्य 15 जून तक पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 75 मीटर स्पान वाले पुल में विलंब होने पर अस्थायी रूप से वैली ब्रिज की व्यवस्था करते हुए भी 15 जून तक बायपास रोड चालू किया जाए। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पहाड़ों के विकास में सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त गूलों और नहरों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर की जाए। बैठक में विधायक सरिता आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी और अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



भीमताल में कराटे बेल्ट परीक्षा में सफल खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### भीमताल में कराटे बेल्ट परीक्षा संपन्न, 33 प्रशिक्षणार्थियों को मिली कलर बेल्ट

**भीमताल :** औरो मार्शल आर्ट्स के तत्वावधान में भीमताल स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित कराटे बेल्ट परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी तकनीकी दक्षता, अनुशासन एवं आत्मरक्षा कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा का आयोजन अकादमी के प्रशिक्षकों एवं परीक्षा समिति की देखरेख में किया गया। परीक्षा परिणाम के अनुसार कुल 33 प्रशिक्षणार्थियों को कलर बेल्ट प्रदान की गई। उच्च श्रेणी में जयंत भगवाल ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त की। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक हिमांशु कुलेठा एवं अनीता बोरा तथा एग्जामिनर मदन बिष्ट एवं सूरज कुमार ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि मार्शल आर्ट्स न केवल आत्मरक्षा सिखाता है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं मानसिक मजबूती भी विकसित करता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को खेलों से जोड़ने की अपील की।

# लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करना होगी सर्वोच्च प्राथमिकता: चीफ जस्टिस

### मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के स्वागत में 'फुल कोर्ट रेफरेंस' का आयोजन

**विधि संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट के नवागत मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के स्वागत सम्मान में सोमवार को हाईकोर्ट में ''फुल कोर्ट रेफरेंस'' का आयोजन किया गया।

इस मौके पर हाईकोर्ट के 15वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि त्वरित न्याय प्रदान करना और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व तकनीक अनुकूल बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपनी 25 साल की यात्रा में कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं और देश भर के उच्च न्यायालयों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं से अपील की कि वे न्याय की गरिमा बनाए



'फुल कोर्ट रेफरेंस' के दौरान मौजूद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ न्यायाधीशगण।

रखने और वादकारियों को सुलभ न्याय दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। न्यायमूर्ति गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ताओं एवं हाईकोर्ट स्टाफ की समस्याएं उन्हें बताई गई हैं, जिनका समाधान किया जाएगा।

इससे पूर्व समारोह की शुरुआत में प्रदेश के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने मुख्य न्यायाधीश का अभिनंदन किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने न्यायमूर्ति गुप्ता के सुदीर्घ न्यायिक अनुभव और कानून की गहरी समझ की सराहना की। इसके बाद, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत ने बार के सभी सदस्यों की ओर से उनका स्वागत किया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड की न्यायिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने भी मुख्य न्यायाधीश का परिचय देते हुए उनके आगमन को राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

समारोह में चीफ स्टैंडिंग काउंसिल चंद्रशेखर रावत, बार एसोसिएशन के महासचिव सौरभ अधिकारी, जिला न्यायाधीश नैनीताल प्रशांत जोशी, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. सहित बड़ी संख्या में न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

# भवाली में भाजपा का प्रदर्शन, अवैध निर्माण व डेमोग्राफी बदलाव के आरोप

**संवाददाता, भवाली**

**अमृत विचार:** नाबालिग से दुराचार के आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका कार्यालय में प्रदर्शन कर घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के एक सभासद पर पाकिस्तान कनेक्शन, लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

भाजपा की निवर्तमान प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने आरोप लगाया कि पालिका की मिलीभगत से सरकारी भूमि पर कब्जा कर क्षेत्र की डेमोग्राफी और जनसांख्यिकी को लगातार बदलने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेता प्रकाश आर्या ने कहा कि पालिका के एक वर्तमान सभासद के रिश्तेदार पाकिस्तान में रहते हैं, वह विशेष समुदाय के लोगों को टमट्यूड़ा-रेहड़ क्षेत्र में बसाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मस्जिद की भूमि की भी जांच कराए जाने की मांग की और आरोप लगाया कि कुछ लोग लैंड व लव जिहाद जैसी गतिविधियों में संलिप्त हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष



भवाली में पालिका के अधिशासी अधिकारी को घेराव करते भाजपा कार्यकर्ता।

> मामले की जांच के लिए एक समिति गठित कर दी गई है, जो 15 दिनों के भीतर टमट्यूड़ा-रेहड़ क्षेत्र में हुए अवैध निर्माणों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रशासन के सहयोग से अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की जाएगी।
> -**सुधीर कुमार**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका भवाली

हिमांशु बिष्ट ने जमीनों की खरीद-फरोख्त में पालिका प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध भूमि पर बिजली-पानी के कनेक्शन के लिए एनओसी पालिका की मिलीभगत से दी जा रही है। भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट ने आरोप लगाया कि विशेष समुदाय द्वारा अवैध भूमि पर बनाए गए मकानों का असेसमेंट भी कर दिया गया है। अधिवक्ता शिवांशु जोशी ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपी के अवैध निर्माण पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मंडल उपाध्यक्ष शुभम कुमार, महामंत्री अमित पांडेय, गौतम मटियाली, राजेंद्र रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष कंचन साह, हिमांशु रावत, उज्ज्वल चंद्रा, वैभव आनंद, रेहान, आयुष कुमार, विद्या पढ़ालनी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोसी नदी में उतरे अधिकारी, अवैध खनन में लिप्त 10 वाहन किए जब्त

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ वन विभाग ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए एक विशेष गोपनीय छापामार अभियान चलाया। इस अभियान के तहत डीएफओ रामनगर प्रकाश चंद्र आर्य (तराई पश्चिमी वन प्रभाग) एवं एसडीओ किरण शाह के नेतृत्व में अधिकारी खुद कोसी में उतर गए।

वन विभाग की टीम ने पूरी गोपनीयता बरतते हुए अवैध खनन और खनिज परिवहन में संलिप्त वाहनों पर अचानक कार्रवाई की। विशेष बात यह रही कि प्रभागीय वनाधिकारी और उप-प्रभागीय वनाधिकारी स्वयं निजी वाहनों से कोसी नदी क्षेत्र में पहुंचे और मौके पर सघन जांच अभियान चलाया, जिससे अवैध खनन माफिया को संभलने का मौका तक नहीं मिल सका। अभियान के दौरान बिना वैध प्रपत्रों के अवैध रूप से खनन एवं खनिज परिवहन करते हुए कुल 08 डंपर जब्त किए गए। इनमें 06 डंपर (6 टायर) और 02 डंपर (10 टायर) शामिल हैं। इसके अलावा, अवैध खनन में प्रयुक्त पाए जाने पर 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 01 मोडिफाइड ट्रैक्टर (केकड़ा) को भी मौके से जब्त किया गया। सभी जब्त वाहन रेंज स्टाफ एवं एसओजी टीम की निगरानी में संबंधित वन चौकियों में सुरक्षित रखे गए हैं। इस पूरे प्रकरण में वन अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार दोषियों पर भारी जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोसी नदी क्षेत्र एवं आरक्षित वन भूमि में किसी भी प्रकार के अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नदी के प्राकृतिक स्वरूप, जैव विविधता और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ विभाग पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के गोपनीय और विशेष अभियानों को आगे भी नियमित रूप से जारी रखा जाएगा, ताकि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों पर लगातार दबाव बना रहे। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है और क्षेत्र में कानून का सख्त संदेश गया है।

# पुलिया निर्माण में गुणवत्ता से न हो कोई भी समझौता: भगत

**संवाददाता, कालाढूंगी**

● **विधायक भगत ने निर्माणाधीन पुलिया का लिया जायजा**

**अमृत विचार:** कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे में चकलुवा बाजार के पास नाले पर बन रहे पुल के धीमे निर्माण की वजह से हजारों राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 3 करोड़ से अधिक की लागत से बन रही इस पुलिया का सोमवार को विधायक बंशीधर भगत ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। विधायक भगत ने अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे पर 1996 में बनी तंग पुलिया के कारण राहगीरों को अक्सर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता था। शासन से डबल लेन और 24 मीटर लंबाई वाले नए पुल के लिए धनराशि स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ। निर्माणाधीन पुलिया पर धूल के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। यहां लोनिवि के एई आनंद गिरी, जेई गणेश रौतेला, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, ग्राम प्रधान किशोर देउपा, राजू कार्की, पुष्कर बिष्ट, विनोद बुढलाकोटी, हरीश अटवाल, महेन्द्र दिगारी, कुंदन बसेडा, पूरन सिंह मेहरा, विरेन्द्र कुमार आदि रहे।

### श्मशान घाट में लकड़ी की कमी पर आक्रोश

**रामनगर :** श्मशान घाट के समीप वन निगम के टाल में जलौनी लकड़ी उपलब्ध न होने के कारण मृतक के आश्रितों को बाजार से महंगी लकड़ी खरीदकर दाह संस्कार करना पड़ा। इससे परिजनों में रोष देखा गया।

राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, सभासद सचिन कुमार आर्य और पूर्व सैनिक नवीन पोखरियाल ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बताया कि वन निगम द्वारा लकड़ी देर शाम साढ़े तीन बजे उपलब्ध कराई, जिससे मृतक के परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ा। वन विकास निगम के डीएसएम मुदित आर्या ने बताया कि निगम से टाल तक लकड़ी लाने में ठेकेदार को समय पर वाहन उपलब्ध नहीं हो पाया, जिससे विलंब हुआ। संबंधित इंचार्ज और ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं।



कार्य बहिष्कार के दौरान नारेबाजी करते लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी।

### लोनिवि मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन का कार्य बहिष्कार

**नैनीताल :** लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन की ओर से पारस्परिक स्थानांतरण को लेकर सोमवार से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया गया है। यह कार्य बहिष्कार लोनिवि प्रांतीय खंड कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में किया जा रहा है, जो अनिश्चितकालीन रहेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष हिमेश सनवाल ने बताया कि पूर्व में मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों के पारस्परिक स्थानांतरण प्रमुख अभियंता स्तर से ही किए जाते रहे हैं, लेकिन वर्तमान में स्थानांतरण की प्रक्रिया शासन स्तर से किए जाने के कारण लंबित पड़ी हुई है। इससे कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानियां हो रहीं हैं। बार-बार मांग उठाने के बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते कार्य बहिष्कार जैसा कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा। एसोसिएशन ने पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया को पुनः प्रमुख अभियंता स्तर से ही संपन्न कराए जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों की समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**नवाचार** | राजकीय इंटर कॉलेज बबियाड़ में प्रदर्शनी के साथ कौशलम कार्यक्रम का समापन

# छात्र-छात्राओं ने स्थानीय संसाधनों से तैयार किये उत्पाद

**संवाददाता, धानाचूली**

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज बबियाड़ में कौशलम ग्रैंड फिनाले का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच, हुनर और नवाचार क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा स्थानीय संसाधनों और प्राकृतिक उपज का उपयोग कर तैयार किए गए विविध उपयोगी व कलात्मक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई।

कौशलम कार्यक्रम की प्रभारी रश्मि गहतोड़ी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने हस्तशिल्प एवं लोककला से जुड़े अनेक आकर्षक उत्पाद तैयार किए। प्रदर्शनी में मेजपोश, थालपोश, कालीन, ऐपण



कौशलम कार्यक्रम के तहत छात्राओं द्वारा तैयार किए गए पायदान।

कला, तोरण, सुंदर पेंटिंग, पिरूल से बनी टोकरियां, पहाड़ी पिसी लूण, मालू के पत्तों से बने दोने-थाल, धूप सामग्री तथा 'तिमिर' का मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इन सभी रचनाओं में स्थानीय संस्कृति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

प्रदर्शनी के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों से उनके उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया, उपयोगिता और संभावित बाजार मूल्य को लेकर चर्चा की। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर देकर अपने व्यावहारिक ज्ञान और समझ का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मनिर्भरता, नवाचार और स्वरोजगार की सोच को विकसित करते हैं।

उन्होंने कौशलम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम प्रभारी रश्मि गहतोड़ी के प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय संसाधनों के महत्व से परिचित कराना और उन्हें व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करना था, जिसमें विद्यालय पूरी तरह सफल रहा।

### बोर्ड परीक्षाओं के लिए व्यवस्थापक नियुक्त

**हल्द्वानी:** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की तैयारियां इन दिनों जोर-शोर से चल रही हैं। जिले के 108 स्कूलों में केंद्र व्यवस्थापक व कस्टोडियन तैनात किए गए हैं। बोर्ड की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं, जो 20 मार्च तक चलेंगी। बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू और शांतिपूर्वक संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों में केंद्र व्यवस्थापक और कस्टोडियन की नियुक्ति कर दी गई है। मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी आदेश में प्रधानाचार्य, प्रभारी प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापकों की तैनाती की गई है। मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने आदेश जारी करते हुए जिले के समस्त ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारियों को भी परीक्षा के सफल संचालन के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं का संचालन शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और नियमों के अनुरूप किया जाएगा।

# फागोत्सव में कलाकारों ने जमाया रंग

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचार:** श्री श्याम कृपा परिवार द्वारा होली पर्व के अवसर पर आयोजित भव्य फागोत्सव में जयपुर, कानपुर और रुद्रपुर के धार्मिक कलाकारों ने क्षेत्रवासियों को भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्री खाटू श्याम की झांकी में गुलाल, अबीर और फूलों की होली के साथ रंगीलो फागोत्सव में लोगों ने पूरी रात आनंद मनाया। भजन संध्या में रुद्रपुर से आए शुभम सक्सेना ने गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने मेरा भोला है भंडारी, आओ गणपति महाराज, आज ब्रज में होली रे रसिया सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी। कानपुर से आए श्रेष्ठ दीक्षित ने कीर्तन कर भजनों रात बाबा आज थाणे आनों है और खाटू वाले का द्वार खुला है आदि



फागोत्सव कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के समक्ष अपनी प्रस्तुति देते कलाकार।

गाए। जयपुर के महेश परमार ने श्याम तेरा जयकारा है, खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है" सहित भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का समापन महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। समारोह का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी और युवा मोर्चा के दीपेंद्र कोश्यारी ने किया। मुख्य यजमान अभिमन्यु और आंचल ढींगरा रहे। इस मौके पर आंचल ढींगरा, श्री श्याम कृपा परिवार की कार्यकारिणी के राहुल मित्तल, पंकज गुप्ता, ऋहुल शर्मा, अनिल पाल, राहुल सिंह, मोहन पाल, कार्तिक जोशी, शशि अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, धन सिंह बिष्ट, वरिष्ठ समाजसेवी हेमवती नंदन दुर्गापाल, सुरेश चंद्र गोयल, प्रेमपाल गंगवार, शशि भूषण अग्रवाल और जगदीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड





प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकताः** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआइ) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआइ) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रुपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रुपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी** | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## सिटी ब्रीफ

### बीएलओ ड्यूटी से शिक्षण प्रभावित

**खटीमा :** राणा थारू किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन में उपजिलाधिकारी को पत्र भेजकर स्कूल के शिक्षक को बीएलओ ड्यूटी के लिए कार्यमुक्त करने से शिक्षण कार्य प्रभावित होना बताया है। विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र भट्ट ने एसडीएम तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि उनके विद्यालय के शिक्षक गोविंद गिरी को खेतलसंडा मुस्तजर में बीएलओ ड्यूटी के लिए दो बार पत्र जारी किया गया है। उन्होंने कहा है कि उनके विद्यालय में पहले ही शिक्षकों के पद रिक्त हैं। वहीं फरवरी में ही बोर्ड परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने शिक्षण कार्य प्रभावित होने को देखते हुए टीचर की बीएलओ ड्यूटी निरस्त करने की मांग की है।

### जर्जर विद्युत पोल को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

**किच्छा :** देवभूमि व्यापार मंडल ने सोमवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रदीप शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर नगर की समस्याओं के समाधान की मांग की। नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा और महामंत्री नितिन फुटेला के नेतृत्व में व्यापारियों ने बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों और मुख्य बाजार में जर्जर विद्युत पोल दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं, जिनमें बरसात के दौरान करंट उतरने का खतरा बना रहता है। व्यापारियों ने सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्य मार्गों पर कूड़े के ढेर लगने से गंदगी फैल रही है। ईओ शुक्ला ने जल्द सर्वे कराकर जर्जर पोलों को बदलने और सफाई व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया।

# कोटद्वार घटना के विरोध में क्रांलोसं ने किया प्रदर्शन

## सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई की उठाई मांग


कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन सौंपते क्रांलोसं के सदस्य। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

- कलेक्ट्रेट प्रभारी के माध्यम से पुलिस महानिदेशक को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** कोटद्वार में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने, दहशत का माहौल पैदा करने और रुद्रपुर के एक पत्रकार को धमकी देने के मामलों को लेकर क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। संगठन के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट प्रभारी गौरव पांडे के माध्यम पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया।

सोमवार को पुलिस महानिदेशक को भेजे ज्ञापन में संगठन के सदस्यों ने कहा कि उत्तराखंड में बीते कुछ समय से अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर लगातार नफरत फैलाने की गतिविधियां की जा रही हैं, जो संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। संगठन का आरोप है कि कोटद्वार में बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा एक अल्पसंख्यक समुदाय के दुकानदार पर दुकान के नाम से बाबा शब्द हटाने का दबाव बनाया गया।

इस दबाव का स्थानीय नागरिक दीपक और विजय द्वारा विरोध किया गया। जिसके बाद बजरंग दल के कई कार्यकर्ता अलग-अलग शहरों से कोटद्वार पहुंचे और दीपक के जिम के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर उन्माद और दहशत का माहौल बनाया। संगठन ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उपद्रव कर रहे लोगों को रोकने के लिए कोई सख्त कार्रवाई नहीं की, जबकि सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की कोशिश करने वाले दीपक और विजय पर नामजद मुकदमे दर्ज कर दिए गए। इस अवसर पर शिवदेव सिंह, रविंद्र कौर, कैलाश भट्ट, दिनेश चंद्र, ललित मटियाली, वीर सिंह, मजहर रिजवी, विजय सिंह, एनएल शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पत्नी से झगड़े के बाद राजमिस्त्री ने लगाई फांसी

**रुद्रपुर :** पत्नी के साथ हुए घरेलू विवाद के बाद राजमिस्त्री ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मूलरूप से कांठ मुरादाबाद निवासी 30 वर्षीय आशु कुमार राजमिस्त्री का काम करता था और ट्रांजिट कैंप इलाके में परिवार के साथ रहता था। बताया कि रोजमर्रा की भांति सोमवार राजमिस्त्री आशु कुमार काम पर जा रहा था। इस बीच किसी बात को लेकर पति और पत्नी में विवाद हो गया। जिससे खफा होकर राज मिस्त्री कमरे में चला गया। काफी देर बाद भी कोई हलचल नहीं हुई तो पत्नी ने कमरे में जाकर देखा तो आशु फंदे पर लटका हुआ था। चीख पुकार की आवाज सुनकर पड़ोसी भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैंप थाने के दरोगा महेश कांडपाल घटनास्थल पर पहुंचे और जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर सुसाइड नोट नहीं मिला। प्रारंभिक पड़ताल में दंपति के बीच विवाद होने की चर्चा है। पुलिस ने सुसाइड किए जाने की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।


प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षित महिलाएं और महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्लांट हेड। ● अमृत विचार

# प्रशिक्षण के बाद 70 महिलाओं को प्रमाण पत्र और जॉब लेटर वितरित

**संवाददाता, रुद्रपुर**

- दो साल में प्रशिक्षण के बाद 500 महिलाओं को मिला रोजगार
- सनातन डिग्री कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार:** प्रेरणा स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत आठ सप्ताह का दीक्षांत प्रशिक्षण कार्यक्रम महिंद्रा एंड महिंद्रा के सहयोग से आयोजित हुआ। प्रशिक्षण महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, ताकि वे अपने परिवारों के लिए सहायक बन सकें। इस दौरान 70 महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं जॉब लेटर वितरित किए गए।

सनातन डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्लांट हेड धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि महिलाएं किसी भी परिवार की रीढ़ होती हैं और उनका सशक्तिकरण परिवार एवं समाज की संरचना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा हमेशा से कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास करता रहा है, जो एक मजबूत समाज और राष्ट्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सेंटम फाउंडेशन के सहयोग से ऊधमसिंह नगर जनपद में विभिन्न बैचों के माध्यम से लगभग 690 महिलाओं को प्रशिक्षित किया है। इस परियोजना को रोजगार के अवसरों से जोड़ा है। परियोजना की एक बड़ी उपलब्धि यह है कि सफल प्रशिक्षण के बाद करीब 500 महिलाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार दिया गया है। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रोजेक्ट सेंटम फाउंडेशन अपर्णा, नीरज, गोपिका, तसलीम, सेंटम फाउंडेशन के प्रशिक्षक एवं केंद्र स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन महिंद्रा एंड महिंद्रा के एडमिन हेड सुधीर खंतवाल ने किया।

# मनरेगा को किया है बेहद मजबूत

- कांग्रेस झूठ फैलाकर कर रही है भ्रामक प्रचार, कृषि मंत्री ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**संवाददाता,रुद्रपुर**


पत्रकारों से वार्ता करते कृषि मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम ही नहीं बदला है,बल्कि बेहद मजबूत किया है। जिसको लेकर किसान और मजदूर वर्ग संतुष्ट है। बावजूद इसके कांग्रेस झूठा भ्रामक प्रचार कर मनरेगा को लेकर देश की जनता को भ्रमित कर रही है,लेकिन देश का मजदूर और गरी ब तबका खुश है,क्योंकि मनरेगा का बजट दो फीसदी बढ़ाया भी गया है।

सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में ही मनरेगा का नाम और कार्यशैली को बदला गया था, लेकिन मोदी सरकार ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर उसका ढांचा मजबूत किया है। यही कारण है कि मनरेगा का छह फीसदी बजट बढ़ाकर नौ फीसदी कर दिया। जिसके बाद पर्वतीय इलाकों की समस्याओं का समाधान होगा और पर्वतीय ढांचा भी मजबूत होगा, क्योंकि मनरेगा के तहत काम की गारंटी के दिनों को बढ़ाया गया है। एक ओर कांग्रेस मनरेगा को लेकर अफवाहों की राजनीति कर रही है। वहीं मोदी सरकार ने इस वर्ष जारी बजट में दो बड़ी योजनाएं महात्मा गांधी के नाम पर जारी की है। मनरेगा के तहत किसान-मजदूर बेहद खुश है। यहीं कारण है कि मनरेगा में किए गए बदलाव के बाद एक भी व्यक्ति ने इसकी आलोचना नहीं की।

### चिह्नीकरण की मांग को लेकर एसडीएम से की वार्ता

**बाजपुर :** राज्य आंदोलनकारियों के एक शिष्टमंडल ने सोमवार को उपजिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा से मुलाकात कर लंबे समय से लंबित चिह्नीकरण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि कई वास्तविक आंदोलनकारी अभी तक चिह्नित नहीं हो पाए हैं, जिससे वे सरकारी योजनाओं और सुविधाओं के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने प्रशासन से उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग उठाई। एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने शिष्टमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार जल्द ही चिह्नीकरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभिलेखों की जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी और किसी भी पात्र व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होगा। वार्ता में नंदलाल कंबोज, जगतार सिंह बाजवा और हरीश भट्ट सहित कई प्रमुख आंदोलनकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ता 16 को करेंगे राजभवन का घेराव

- कुमाऊं से 10 हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद

**संवाददाता, रुद्रपुर**


पत्रकारों से वार्ता करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार का पांच साल पूरा होने जा रहा है। इस दौरान भाजपा सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। भ्रष्टाचार जारी है, बेरोजगार चरम पर है। पलायन रूक नहीं रहा है। भू-माफिया, शराब माफिया और जंगल माफिया पर प्रशासन की सरपरस्ती है और सरकार का संरक्षण है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता16 फरवरी को राजभवन का घेराव करेंगे। कुमाऊं से करीब 10 हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है।

सोमवार को काशीपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि सरकार अब तक कार्यकाल में हर क्षेत्र में पूरी तरीके से विफल हो चुकी है। सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर चुकी है। जमीनों को खुर्द बुर्द किया जा रहा है। मसूरी में पर्यटन विभाग की जमीन को 23 करोड़ का ऋण नाबार्ड से लिया है। सौंदर्यीकरण के बाद इस जमीन को 15 करोड़ रुपये में लीज पर दे दिया है। जबकि 27 हजार करोड़ रुपये जमीन का मूल्य है। उन्होंने कहा कि नदियों को प्राइवेट कंपनियों को बेच दिया गया है। आम आदमी नदी से खनन लाने का दुस्साहस नहीं कर सकता है। यह सब सरकार के संरक्षण में खेल किया जा रहा है। राज्य में अफसरशाही हावी है और कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इस अवसर पर जसपुर विधायक आदेश चौहान, खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

### मीना शर्मा की नहीं की अनदेखी : आर्य

**रुद्रपुर :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि मीना शर्मा कांग्रेस की सीनियर लीडर हैं। अगर उनके घर नहीं जा पाये तो इसके ये मायने नहीं कि उन्होंने उनकी अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि वे एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इस बीच जानकारी मिली की पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की मां अस्पताल में भर्ती हैं तो उनका हाल जानने के लिए चले गये। परिवार का मामला है इसे सुलझा लेंगे। उन्होंने कहा कि ठुकराल के कांग्रेस में आने की बात मीडिया के माध्यम से पता चली है। अगर ऐसा है भी तो यह हाईकमान के स्तर का मामला है।

### छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला

**रुद्रपुर:** छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित मनोदर्पण कार्यशाला का आयोजन एनसीईआरटी व एससीईआरटी उत्तराखंड के नेतृत्व में ऋषिकेश में आयोजित हुआ। कार्यशाला में ऊधमसिंह नगर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता डॉ. दिलीप वैश्य ने प्रतिभाग किया। सोमवार को कार्यशाला से लौटने के बाद जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता डॉ. वैश्य ने बताया कि कार्यशाला में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मनोदर्पण कार्यक्रम का आयोजन 7 एवं 8 फरवरी को ऑरो वैली आश्रम रायवाला ऋषिकेश में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली द्वारा किया गया। इसमें जिसमें राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), उत्तराखंड का विशेष सहयोग रहा। दो दिवसीय कार्यशाला में उत्तराखंड राज्य के सभी डायट के शैक्षिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# दुष्कर्म में बरी, अपहरण में सात साल की सजा

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने युवक को दुष्कर्म के आरोप से बरी कर दिया। जबकि अपहरण के मामले में सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने 22 अप्रैल 2023 को तहरीर देकर कहा था कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री बिना बताए गायब हो गई। इस पर नानकमत्ता थाना पुलिस ने गुमशुदगी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना में ग्राम मूड झाला नानकमत्ता निवासी गुरमीत सिंह उर्फ गित्तू का नाम सामने आया था। जिसके बाद आरोपित को पकड़कर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि गित्तू उसे बहला फुसलाकर ले गया और जबरन दुष्कर्म किया। मामले की सुनवाई एफटीएससी न्यायाधीश संगीता आर्य की अदालत में हुई। जहां सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उमेश कुमार गुप्ता ने छह गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने गुरमीत सिंह उर्फ गित्तू को पॉक्सो में दोषमुक्त कर दिया,जबकि धारा 363 में सात वर्ष की कारावास और 10 हजार का जुर्माने से दंडित किया है।

# श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

- ट्रांजिट कैंप से गांधी पार्क तक निकाली बाइक रैली

**संवाददाता, रुद्रपुर**


बाइक रैली के बाद गांधी पार्क में प्रचार करते श्रमिक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 4 श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के विरोध में 12 फरवरी की राष्ट्रीय आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए श्रमिक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने परशुराम चौक ट्रांजिट कैंप से गांधी पार्क तक बाइक रैली निकाली।

सोमवार को परशुराम चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि 12 फरवरी को 4 श्रम संहिताओं (कोड्स) को लागू करने से रोकने की मांग पर देशव्यापी हड़ताल आहूत की गयी है। जिसे व्यापक समर्थन मिल रहा है। श्रमिक वर्ग मजदूरों पर हो रहे शोषण से परेशान है। केंद्र सरकार ने मजदूर को बंधुवा गुलाम बनाने के लिए पुराने श्रम कानूनों को खत्म कर पूंजीपतियों के पक्ष में 4 श्रम कोड्स लागू कर दिए हैं।

सीएसटीयू के मुकुल ने कहा कि चार श्रम संहिताएं पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाए गए हैं। पुराने 29 श्रम कानूनों में जो अधिकार मजदूरों को हासिल थे। उन अधिकारों में कटौती करके सरकार ने नए सिरे से 4 श्रम संहिता बना दी हैं। पहले से ही सरकार के मजदूर विरोधी रुख के कारण मजदूर बदहाली में जी रहा था। लेकिन अब नए श्रम संहिताओं में मजदूरों के हालत बंधुआ गुलाम जैसे हो जाएंगे। इस अवसर पर भाकपा (माले) के ललित मटियाली, इंकलाबी मजदूर केंद्र के दिनेश चंद्र, ऐक्टू जिला सचिव अनिता अन्ना, हरेंद्र सिंह, महेंद्र राणा, जगमोहन आदि मौजूद रहे।

### नई बस्ती में लगाया नेत्र स्वास्थ्य शिविर

**खटीमा :** तंज़ीम उलेमा-ए-अहले सुन्नत के तत्त्विधन में रंजना हेल्थकेयर की तरफ से मोहल्ला नई बस्ती में आंखों के इलाज के लिए फ्री.मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें आंखों से जुड़ी सभी तरह की बीमारियां जैसे मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद, आंखों से पानी आना, धुंधला दिखना, आंखों में खुजली, आंखों में कीचड़, आंखों का लाल होना, पलकें झड़ना, आंखों में सूखापन, आंखों में टेढ़ापन आदि का मशीनों से निशुल्क टेस्ट किया गया। कैंप में हॉस्पिटल के डॉक्टरों की एक टीम सुबह से दोपहर बाद तक लॉगऑन के आंखों की जांच की। कैंप का शुभारंभ ख़लीफ़ा-ए-हुज़ूर तहसीने मिल्लत, मुजाहिद उत्तराखंड हज़रत अल्लामा मौलाना इरफ़ान-उल-हक़ कादरी, हज़रत अल्लामा मुफ़्ती फ़रियाद आलम ने रिबन काटकर किया। इस मौके.पर इरशाद हुसैन तहसीनी, सईद अनवर इरशादी, ज़फरुद्दीन अज़हरी मौजूद रहे।

**मंथन** पीएचसी के कामकाज में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन

# बैठक में अधिकारियों ने रखे सुझाव और विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**


अर्बन पीएचसी की समीक्षा बैठक में मौजूद जिला नोडल ऑफिसर, सीएमओ व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में अर्बन पीएचसी की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान ट्रांजिट कैंप, रम्पुरा और खेड़ा के चिकित्सक, एएनएम और स्टाफ नर्स मौजूद रहे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने अपने सुझाव और विचार रखे और अर्बन पीएचसी के कामकाज में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

सोमवार को समीक्षा बैठक में जिला नोडल ऑफिसर अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ. संजीव सरना ने टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग और गर्भवती महिलाओं की देखभाल के संबंध में पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अर्बन पीएचसी से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी समस्त इंडिकेटर शत-प्रतिशत होना आवश्यक है। इसमें टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग और गर्भवती महिलाओं की देखभाल शामिल हैं। सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने कहा कि जिन भी अर्बन पीएचसी द्वारा शत-प्रतिशत नहीं किया जाएगा। वहां के स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अनुशासनात्मक कार्रवाई और प्रशिक्षण शामिल हो सकता है। अपने स्वास्थ्य संबंधी सारे इंडिकेटर शत प्रतिशत करें। जिसमें टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग और गर्भवती महिलाओं की देखभाल शामिल है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मुस्युनी, दान सिंह भंडारी, जिला लेखा प्रबंधक चांद मियां, जिला डेटा प्रबंधक संजय पांडे, जिला कंसल्टेंट दिनेश जोशी, जिला समन्वयक सीपीएचसी पूरणमल, जिला समन्वयक आदि मौजूद रहे।

# ब्रह्मपुत्र सदन ने की जीत दर्ज

- एएनझा स्कूल में आयोजित की गईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**संवाददाता, रुद्रपुर**


विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीएमसी अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी, खो-खो, रस्सा खींच इत्यादि प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय ने किया

सोमवार को आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ब्रह्मपुत्र सदन ने नर्मदा सदन को हराकर प्रतियोगिता जीती, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में गंगा सदन ने कावेरी सदन को फाइनल जीता। वॉलीबॉल में विशाल और नीरज ने शानदार खेल दिखाकर सभी का मन जीता। इसके साथ ही निबंध प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में दीपक राजपूत और सीनियर वर्ग में विष्णु सिंह राठौड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में निश्चय पांडे तथा जूनियर वर्ग में अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर गिरीश चंद्र शर्मा, राजपति बिंद, प्रमोद बाबू शर्मा, कमला पांडे, गोविंद सिंह बिष्ट, इंदिरा ग्वासीकोटी, पूजा बत्रा, सुमित पंत, नीलम यादव, प्रभु दयाल सिंह, भरत मिश्रा, नूपुर सिंह, प्रज्ञा त्रिपाठी, बीसी जोशी, आरपी सिंह, एसडी पाठक, ललित मोहन जोशी, प्रीति चौहान, विपिन गुप्ता, शिवेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, जगदीश चंद्र भट्ट आदि मौजूद थे।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 17138820 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है। **सन्जू सिंह पुत्र श्री कमान सिंह प्रतापपुर नंबर-07, थाना-नानकमत्ता, उधम सिंह नगर।**

ब्रीफ न्यूज

## सितारगंज के रक्तवीर राजीव गुप्ता का निधन


राजीव (फाइल)।

**सितारगंज** : रक्तदान समिति के संस्थापक एवं पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रक्तदान समिति का संस्थापक राजीव गुप्ता (48) को सितारगंज में रक्तवीर के नाम से जाना जाता था। उन्होंने रक्तदान शिविरों के माध्यम से हजारों लोगों को रक्तदान के लिए न सिर्फ प्रेरित किया। बल्कि, हजारों जरूरतमंदों को समय पर रक्त भी उपलब्ध कराया। वहीं, उनके निधन पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष उमेश गर्ग, महेश मित्तल, मृदुल त्रिपाठी, हरीश दुबे, करन जंग, संदीप गुप्ता सोनू, दीपेंद्र सिंघल, संजय गोयल, हरपाल सिंह, सुमन राय समेत विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने शोक जताया।

## जे-ब्लॉक के खेत में करंट से नीलगाय की मौत

**पंतनगर** : बरेली निवासी किसान ने विवि परिसर के हल्दी स्थित जे-ब्लॉक में कृषि भूमि लीज पर ली है। जिसमें उसने मक्के की फसल उगाई है। लीज होल्डर ने जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा के लिए खेत में सोलर वायर फेंसिंग कराई है। सोमवार की सुबह एक नील गाय (लगभग पांच वर्षीय नर) उसके तारों पर मृत मिला। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत देर रात करंट लगने से हुई होगी। सुरक्षा कर्मियों की सूचना पर पहुंचे वन महकमे के अधिकारियों ने नील गाय का शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया।

## एनएसएस शिविर से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया

**पंतनगर** : सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और समाज में महिलाओं और बालिकाओं की विज्ञान में भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत से हुई, जिसके बाद महिलाओं के विज्ञान में योगदान पर प्रकाश डाला गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने पोस्टर व स्लोगन निर्माण, क्विज प्रतियोगिता, महिला सशक्तिकरण और महिला वैज्ञानिकों पर भाषण दिए।

### रामबाग प्राचीन शिव मंदिर का पुरातात्विक व धार्मिक महत्व, शिवलिंग से जुड़ी हैं कई किंवदंतियां

# 360 साल पुराना प्राचीन शिव मंदिर अटूट आस्था का केंद्र

केवल चंद्र पाठक, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** तराई में पुरातात्विक व धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र का जब भी जिक्र होता है, रामबाग को कोई नहीं भूलता। यह चंद्रवंशियों की भक्ति का गवाह है। तराई के आदिवासी बुक्सा जनजाति समुदाय की अटूट आस्था के केंद्र रामबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि पर्व की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं।

महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों कांवड़िए शिवलिंग में जलाभिषेक करते हैं। रामबाग वर्ष 1988 के आसपास सुर्खियों में आया, जब पुरातत्व विभाग के दलों की खुदाई में यहां आधा दर्जन से अधिक छोटी- बड़ी देवी- देवताओं की मूर्तियां मिलीं। पुरातत्वविदों ने अनुमान लगाया कि पत्थरों को काटकर बनाई गई यह कलाकृतियां तेरहवीं सदी से पूर्व की हो सकती हैं। 1953 में रामबाग के पवित्र स्थान पर मंदिर स्थापित किया गया। किंवदंतियां हैं कि मंदिर के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया के दादा शिवभक्त कल्याण सिंह की संतान नहीं थी। उन्हें स्वप्न में बाबा भोलेनाथ ने दर्शन दिए और कहा कि गांव में ही एक टीले पर शिवलिंग मिलेगा। यदि वह शिवलिंग के दर्शन करें तो उनकी मनोकामना पूरी हो जाएगी।


दिनेशपुर के प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में स्थापित शिवलिंग। ● अमृत विचार

### रामबाग में शिवलिंग चमत्कारी

प्राचीन शिव मंदिर के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने बताया कि शिवलिंग के दर्शन से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने बताया कि शिवलिंग के रंग सुबह- शाम बदलते हैं और आकार में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन हजारों कांवड़िए यहां आते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

### प्राचीन शिव मंदिर रामबाग का इतिहास

प्राचीन शिव मंदिर रामबाग के इतिहास के अनुसार मंदिर 360 साल पुराना है। मंदिर का निर्माण बुक्सा जनजाति के लोगों ने करवाया था। मंदिर में शिवलिंग की स्थापना 1953 में की गई। मंदिर लोगों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है।

### शिवरात्रि पर पांच दिनी मेले की तैयारियां जोरों पर

महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर को रंग- बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। मेले में हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।


दिनेशपुर से हरिद्वार रवाना होता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

## दिनेशपुर से हरिद्वार रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था

**दिनेशपुर** : शिवरात्रि पर्व से पूर्व जलाभिषेक के लिए पवित्र गंगाजल लाने क्षेत्र के सैकड़ों कांवड़ियों का जत्था प्राचीन शिव मंदिर रामबाग से पूजा-अर्चना कर हरिद्वार के लिए रवाना हुए। 10 व 11 फरवरी को पवित्र गंगा जल लेकर पैदल चलकर 14 फरवरी को वापस पहुंचेंगे। 15 फरवरी को शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। सोमवार को प्रात: प्राचीन शिव मंदिर रामबाग के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने शिव भक्तों को तिलक लगाकर रवाना किया। मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया ने बताया कि शिव भक्त श्रद्धालु शिव मंदिर रामबाग के अलावा नगर के शिव मंदिर, खटोला, हरिपुरा, चरनपुर, चक्कीमोड़, ललपुरी, दलीपनगर, तिलपुरी, लालपुरी, धिमरीब्लॉक, दुर्गापुर, कालीनगर, आनंदखेड़ा, हरिदासपुर, शिवपुर व जाफरपुर आदि क्षेत्रों से कांवड़िए शिव मंदिरों से पूजा-अर्चना करने के बाद हरिद्वार के लिए रवाना हुए। कांवड़िए हरिद्वार पहुंचकर नीलकंठ महाराज के साथ सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर पवित्र गंगाजल लेकर 10-11 फरवरी को हरिद्वार से पैदल यात्रा कावड़ यात्रा शुरू करेंगे।

# सितारगंज में 525 लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

### जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत हुआ आयोजन

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार:** जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद सितारगंज में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 525 लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

सोमवार को एडीएम की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 26 शिकायतों में से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 76 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया। साथ ही, 12 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। होम्योपैथिक विभाग ने 74 लोगों की जांच और आयुष विभाग ने 29 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

वहीं, समाज कल्याण विभाग ने 13 लोगों के पेंशन आवेदन पत्र भराए। 2 लोगों के दिव्यांग बस पास बनाए गए। 2 पात्र लाभार्थियों को शादी अनुदान दिया गया। 3 लोगों को जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित किया गया। डेयरी विभाग ने 250 लोगों को साइलेज एवं दुधारू पशु योजना से लाभांवित किया गया।

शिविर में कुल 525 लोगों को राज्य/केन्द्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं (मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, ब्रॉयलर फार्म प्रोत्साहन योजना, बैकयार्ड पोल्ट्री योजना, मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना, महिला मंगलदल व युवक मंगलदल का गठन, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन- पशुधन बीमा, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजनाओं से लाभांवित किया गया।

वहीं, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने लाभार्थियों को चेक व अन्य सामग्री वितरित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, रवि रस्तोगी, सचिन गंगवार आदि मौजूद रहे।


शिविर में बालिकाओं को चेक वितरित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

## सिपाही पर हमले के आरोपियों पर एनबीडब्लू

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** सुभाष कॉलोनी में एसओजी और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला करने वाले फरार अभियुक्तों का गैर जमानती वारंट जारी किया गया है।

एक जनवरी की शाम पांच बजे एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने एसओजी के साथ मिलकर सुभाष कॉलोनी स्थित नाजिम उर्फ नदीम के घर पर दबिश दी और स्मैक भी बरामद की, लेकिन हिरासत के दौरान अचानक माफियाओं ने संयुक्त टीम पर पथराव कर दिया था। जिसमें भुवन पांडेय नाम का एसओजी सिपाही घायल हो गया, जबकि नशा माफिया फरार हो गया। प्रकरण में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने 64 ग्राम स्मैक के साथ हसीना निवासी सुभाष कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि नामजद कई अभियुक्त फरार हो गए। जिसमें अभियुक्ता का देवर नाजिम उर्फ नदीम, शाहरुख, इरशाद उर्फ दाऊद उर्फ शद्दा, सूरज, अनमोल, अफसाना, फिजा, रोशनी, फरहाना पर शामिल है। कई दिन बीत जाने के बाद भी अभियुक्तों का कोई सुराग नहीं लगा। कोतवाली पुलिस ने फरार अभियुक्तों का गैर जमानती वारंट जारी करने का आवेदन किया और अदालत ने भी स्वीकृति प्रदान कर दी।


काशीपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

## उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा को दी विदाई

**काशीपुर** : उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा की विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को विद्यालय में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर दीपक बाली ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय में 11वीं के छात्रों ने बुलाई गई आर्केस्ट्रा पार्टी और डीजे पर छात्रों ने जमकर नृत्य किया और गीत गाकर लुत्फ उठाया। पूर्व छात्र अज्जू प्रिंस और अनस ने खामोशियां एक साज है संयारा तू तो बदला नहीं है गीत से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान पूर्व छात्र बाली, प्रधानाचार्य प्रदीप सपरा, प्रधानाचार्य अनुज भाटिया समेत अन्य छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर बोर्ड परीक्षार्थियों को सर्वोच्च अंकों के साथ उत्तीर्ण होने की बधाई दी। संचालन पंकज अग्रवाल ने किया। वहां पर संजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अभिषेक गोयल, मेजर मुनीशकांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, कौशलेश गुप्ता, मधुबाला गुप्ता, पूनम चन्याल, कल्पना आदि मौजूद रहे।

## जसपुर विधायक ने डीएम से की बाजार लगवाने की मांग

**जसपुर** : नगर का पुराना साप्ताहिक बाजार फिर से लगवाने के लिए विधायक ने जिलाधिकारी से मिलकर वार्ता की। साथ ही नगर पालिका को निर्देशित करने की मांग की। सोमवार को विधायक आदेश चौहान जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से मिले। इस दौरान विधायक ने कहा कि जसपुर नगर में प्रत्येक शुक्रवार को सैकड़ों वर्षों से लगने वाला साप्ताहिक बाजार संचालित होता था। इससे नगर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के आम नागरिकों को आवश्यकतानुसार रोजमर्रा के आवश्यक सामान आसानी से उपलब्ध रहते थे। लेकिन स्थानीय कुछ स्वार्थ परक व्यक्तियों द्वारा गलत तथ्यों के साथ हॉट बाजार संचालन के विरोध में हाईकोर्ट में पीआईएल दायर कर दी। जिस पर हाईकोर्ट ने साप्ताहिक बाजार पर रोक लगा दी। विधायक ने डीएम से साप्ताहिक बाजार को फिर से लगवाने कि बात करते हुए नगर पालिका को निर्देशित करने की मांग की है। यहां इख्तियार बबलू, शैलेन्द्र गहलौत आदि मौजूद रहे।

## छापा मारकर छह स्पा सेंटर किए सीज

**रुद्रपुर:** शहर के बड़े शॉपिंग मॉल में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने छापा मार कर छह स्पा सेंटर को सीज कर दिया है, जबकि किशोर को शराब का सेवन करने पर जुर्माना भी डाला।

सोमवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी बसंती आर्या ने सिडकुल पुलिस के साथ मिलकर थाना पंतनगर के मेट्रोपोलिस मॉल में छापामार कार्रवाई की। स्पा सेंटर पर छापामार कार्रवाई के दौरान छह स्पा सेंटर बंद पड़े हुए थे, जबकि छह स्पा सेंटर संचालित पाए। जब पुलिस ने रजिस्ट्रर, सीसीटीवी कैमरे, मसाज कक्ष की जांच की तो कई खामियां पाई गई। जिस पर पुलिस ने छह स्पा सेंटर को सीज कर दिया। इसके बाद एएचटीयू ने मॉल स्थित बार में छापा मारा। जहां एक किशोर को शराब का सेवन करता हुआ पाया गया।

पूछे जाने पर पता चला कि बार संचालक द्वारा ही ऑर्डर के आधार पर शराब दी थी। जिस पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई की। एएचटीयू प्रभारी बसंती आर्या ने बताया कि छह स्पा सेंटर पहले से बंद थे और छह स्पा सेंटर के अलावा बार संचालित सहित बार संचालक के खिलाफ 50 हजार रुपये का कोर्ट चालान काटा गया और छह स्पा सेंटर को सीज कर दिया।


महोत्सव में उत्तम तिवारी को सम्मानित करतीं सीएम की पत्नी गीता धामी।

## बीटेक के छात्र ने मंच संचालन कर बढ़ाया मान

**सितारगंज** : बीटेक के छात्र उत्तम तिवारी ने देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय उत्तरायणी कौथिक महोत्सव में मंच संचालन कर सितारगंज का मान बढ़ाया है। वहीं, उसकी इस कला से प्रभावित होकर सेवा संकल्प धारिणी फाउंडेशन की संस्थापक गीता धामी ने उसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कमल आवास कॉलोनी, सितारगंज निवासी बृजेश दुबे के भांजे उत्तम तिवारी बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उसका पालन पोषण उसके मामा ने ही किया। दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर वह पहले ही सितारगंज का नाम रोशन कर चुके हैं। फिलहाल, वह बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की पढ़ाई कर रहे हैं। इसके अलावा जेईई, नीट और विदेशों में पढ़ने वाले छात्रों का ऑनलाइन मार्गदर्शन भी करते हैं।

## स्थानीय फलों को उन्नत बनाने पर जोर

**पंतनगर:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आईसीएआर के सहयोग से आयोजित 'ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटर रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन फ्रूट्स' की 13वीं समूह चर्चा का भव्य उद्घाटन हुआ। इस सम्मेलन में देश भर के 19 आईसीएआर संस्थानों और 22 विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों सहित कई राज्यों के प्रगतिशील किसान हिस्सा ले रहे हैं। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने शोध परिणामों को किसानों के खेतों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से उत्तराखंड के स्थानीय फलों जैसे बेड़ू और काफल के आकार व वजन सुधारने के लिए शोध का सुझाव दिया। उन्होंने ड्रैगन फ्रूट और एवाकाडो जैसी आधुनिक फसलों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।


बारात के मंडप पर दोनों पक्षों को समझातीं महिला एसआई सोनिका जोशी।

## युवक ने तलाक दिए बिना रचाई दूसरी शादी

**दिनेशपुर** : तलाक दिए बिना दूसरी शादी का विरोध करने पहली पत्नी विवाह मंडप में पहुंच गई। पीड़िता व पुलिस को देखकर हड़कंप मच गया। लेकिन तब तक विवाह संपन्न हो चुका था। पुलिस ने पीड़िता को न्यायालय की शरण में जाने की सलाह दी। सोमवार को गदरपुर के क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने पहुंचकर पति पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी का आरोप लगाते हुए शादी रुकवाने की मांग की। जिस पर एसआई सोनिका जोशी पुलिस टीम के साथ मदनापुर गांव पहुंच गई। पुलिस को देखकर विवाह समारोह में हड़कंप मच गया। मगर तब तक मंडप में विवाह संपन्न हो चुका था। पुलिस ने बताया कि पहली पत्नी से तलाक लिए बिना दूसरी शादी करना कानूनन अपराध है। युवक पक्ष का कहना था पूर्व में पंचायत में फैसले के बाद रजामंदी से दोनों चार साल से अलग-अलग रह रहे हैं। इस दौरान पुलिस और युवक पक्ष में बहस भी हुई।

# किशोर को कार ने रौंदा, मौत

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** किच्छा हाईवे पर सोमवार को सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई जीवन और मौत के बीच जूझ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैगुल कॉलोनी निवासी अनुराग यादव (17) अपने चचेरे भाई अभय कुमार के साथ साइकिल से दवाई लेने कुंवरपुर, सिसैया जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।


अनुराग यादव।

हादसा इतना भीषण था कि टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल किशोरों को तत्काल उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अनुराग को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अभय को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। कार चालक भी इस घटना में घायल हुआ है, जिसका उपचार चल रहा है।

परिजनों ने बताया कि मृतक अनुराग के पिता मजदूर हैं और घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अनुराग भी मेहनत-मजदूरी कर परिवार की मदद करता था। उसकी मौत की खबर से छोटे भाई-बहनों और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। समाजसेवी शक्ति त्रिपाठी और अमित रस्तोगी ने अस्पताल पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

### बुलेट की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

**किच्छा** : नगर के बरेली मार्ग पर रविवार देर रात्रि सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक गणेश गुप्ता की जान चली गई। वार्ड संख्या 2 निवासी गणेश अपनी चाय की दुकान बंद कर साइकिल से सड़क पार कर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बुलेट ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गणेश गुप्ता और बाइक चालक पंकज मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने गणेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल चालक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार बच्चों को छोड़ गए हैं। सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने अस्पताल पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।


बाजपुर में आयोजित बजट सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा नेता राजेश कुमार।

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने बजट पर किया सार्थक संवाद

**बाजपुर** : सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में सोमवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 'बजट सम्मेलन 2026' का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बजट को 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने वाला और सर्वसमावेशी बताया। सम्मेलन में चर्चा की गई कि इस बजट के प्रावधानों से युवाओं, महिलाओं, किसानों और अल्पसंख्यकों के लिए स्वरोजगार व सशक्तिकरण के नए द्वार खुलेंगे। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीश और महामंत्री महमूद हसन समेत कई दिग्गज मौजूद रहे। वक्ताओं ने जोर दिया कि यह बजट देश की आर्थिक मजबूती और सामाजिक विकास के लिए एक सकारात्मक संदेश है। कार्यक्रम का सफल संचालन यासीन शेख द्वारा किया गया, जिसमें स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सराहना — श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज को विधायक बेहड़ ने की 10 लाख देने की घोषणा

# प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया दम

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज में सोमवार को दो दिवसीय जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में ऊधमसिंह नगर के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 267 छात्र-छात्राओं ने अपने मौलिक वैज्ञानिक मॉडल और नवाचारी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए।

विधायक तिलक राज बेहड़ ने बाल वैज्ञानिकों के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यालय को गोद लेने की घोषणा करते हुए विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपये देने का ऐलान किया। साथ ही, विशिष्ट अतिथियों ने छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु 500 कुर्सियां भेंट करने की घोषणा की। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने कहा कि यह प्रदर्शनी बच्चों में रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच विकसित करने का एक सशक्त मंच है। नोएडा से आए प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील भास्कर सहित विशेषज्ञ निर्णायक मंडल ने मॉडलों का सूक्ष्म निरीक्षण किया।


किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते लोग।

### मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान : बेहड़

**किच्छा** : क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने को निंदनीय बताया है। आवास विकास स्थित कार्यालय में उन्होंने कहा कि यह फैसला राष्ट्रपिता के सम्मान और करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों के हितों पर आघात है। उन्होंने भाजपा पर इतिहास और महापुरुषों के योगदान को मिटाने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनता को जागरूक करने का आह्वान किया। इसी दौरान आयोजित 'जनता संवाद' कार्यक्रम में विधायक ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं।

# अस्पताल में ईएसआई क्लेम का बड़ा खेल

**सितारगंज:** सितारगंज स्थित एक निजी अस्पताल में ईएसआई (एम्पलाइज स्टेट इंश्योरेंस) के नाम पर करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो डॉक्टरों के विरुद्ध धोखाधड़ी, फर्जी हस्ताक्षर और जालसाजी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

'प्रयास अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर' के एमडी डॉ. आरिफ खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सितंबर 2023 में रुद्रपुर निवासी डॉ. अतुल पांडे और डॉ. रिचा पंत ने उनका अस्पताल पांच साल की लीज पर लिया था। समझौते के तहत लीज समय से पहले तोड़ने पर 90 लाख रुपये हर्जाने का प्रावधान था। डॉ. आरिफ का आरोप है कि आरोपियों ने बिना सूचना दिए जुलाई 2025 में अस्पताल खाली कर दिया। आरोप है कि लीज अवधि के दौरान डॉ. अतुल और डॉ. रिचा ने लगभग 150 मरीजों को डॉ. आरिफ के नाम पर भर्ती दिखाया, जबकि डॉ. आरिफ ने उस दौरान कोई इलाज नहीं किया था। डॉ. आरिफ के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर बनाकर लाखों-करोड़ों के फर्जी बिल ईएसआई क्लेम के लिए अपलोड कर दिए गए। इस अनियमितता के कारण अस्पताल की ईएसआई सेवाएं भी समाप्त कर दी गईं। दूसरी ओर, आरोपी डॉ. अतुल पांडे ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए इसे केवल दबाव बनाने की रणनीति करार दिया है।



काशीपुर में ग्राम ब्रह्मनगर में धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार




काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में लगा पुलिस बैरियर। ● अमृत विचार



काशीपुर में ब्रह्मनगर गांव को जाने वाले रास्ते पर सड़क के दोनों ओर खंभे लगाते कर्मी। ● अमृत विचार

# डंपरों से कुचलकर तीन की मौत, गुस्सा फूटा

## आक्रोशित ग्रामीणों ने फूंका डंपर, घंटों लगाया जाम, तनाव को देखकर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर में खनन भरे डंपर लोगों के लिए काल बनते जा रहे हैं। तीन अलग-अलग घटनाओं में डंपरों ने तीन लोगों को कुचल दिया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने एक डंपर में आग लगा दी। वहीं दूसरी घटना में ग्रामीणों ने घंटों तक रास्ता जाम कर दिया। घटनाओं को देखते हुए पुलिस भी सतर्क हो गई। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर तीनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं।



जयपाल सिंह (फाइल फोटो)।



अनिल (फाइल फोटो)।



कृष्णकांत (फाइल फोटो)।

### हादसा 1

**काशीपुर:** कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढकिया नंबर एक में सोमवार सुबह खनन सामग्री से भरे डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आक्रोशित भीड़ ने डंपर में आग लगा दी।

कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र के ढकिया नंबर एक शिव नगर निवासी जयपाल सिंह (60) सोमवार सुबह अपने घर से बाइक पर सवार होकर गांव के पास निवासी अपने बेटे सोनू के घर जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर पीछे से आ रहे खनन सामग्री लदे डंपर ने उन्हें चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने डंपर में आग लगा दी, वहीं हादसे से इलाके में तनाव की स्थिति बन गई।

सूचना मिलते ही एएसपी स्वप्न किशोर सिंह, कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी, तहसीलदार पंकज चंदोला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। मृतक जयपाल सिंह दूध का कारोबार करते थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और डंपर चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों ने बताया मृतक अपने पीछे चार बेटे देवेंद्र (35), सोनू (32), गुड्डू (25), मुन्ना (22) और चार बेटियों को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। बताया कि देवेंद्र, सोनू और मुन्ना के साथ बहनों की शादी हो चुकी है। गुड्डू अविवाहित है। वहीं हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।



काशीपुर में घटना के बाद डंपर में लगाई गई आग। ● अमृत विचार

### हादसा 2

**काशीपुर:** ब्रह्मनगर कुंडेश्वरी निवासी 29 वर्षीय अनिल कुमार अपने साथी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे डंपर को देखकर अनिल ने बाइक सड़क किनारे रोक दी, लेकिन डंपर चालक ने नियंत्रण खो दिया। अनिल का साथी खंती में गिरने की वजह से सुरक्षित बच गया, लेकिन डंपर अनिल के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तीन भाइयों में अनिल बीच का था। बड़े भाई सुनील और छोटे भाई सुखवीर सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर डंपर चालक को गिरफ्तार करने और भारी वाहनों की गांव से आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है।

### हादसा 3

**काशीपुर:** मूल रूप से शाहजहांपुर के रहने वाले कृष्णकांत (40) पुत्र तुलसीराम सक्सेना एक डंपर की चपेट में आ गए। कृष्णकांत पिछले 15 वर्षों से कुंडेश्वरी में रह रहे थे और अपने ही एक परिचित की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर काम करते थे। भोजपुर से लौटते समय वह आलू फार्म रोड पर एक मोमोज के ठेले के पास खड़े थे। तभी डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे ने तीन मासूम बेटियों को अनाथ कर दिया। मृतक की बड़ी बेटी अनन्या (15 वर्ष), परी (11 वर्ष) और सबसे छोटी डोली (7 वर्ष) है।

### कुंडेश्वरी से चैती तिराहे तक बेरोकटोक दौड़ते हैं बेकाबू डंपर

**काशीपुर** : कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में डंपर की चपेट में आकर दो लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। कुंडेश्वरी के मुख्य चौराहे पर काशीपुर जाने वाले मार्ग पर पुलिस ने भारी वाहनों की नो एंट्री का बैनर लगा बैरियर भी लगाया है, लेकिन फिर भी ओवरलोड डंपर दिन भर सड़क पर दौड़ते नजर आते हैं।

# देर शाम तक धरने पर बैठे रहे ग्रामीण

● एक मामले में प्रशासन ने ग्रामीणों की मांग मानी, ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कुंडेश्वरी क्षेत्र में दो डंपरों की टक्कर से अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत के मामले में ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। घटना के बाद से तीन मांगों को लेकर ग्रामीण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि एक मामले में प्रशासन ने ग्रामीणों की मांग मान ली है।

ग्राम ब्रह्मनगर कुंडेश्वरी निवासी 29 वर्षीय अनिल कुमार को डंपर ने टक्कर मार दी थी। जिससे अनिल की मौके पर मौत हो गई। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने रास्ते में बैठकर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि भारी वाहनों को गांव में न घुसने दिया जाए। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों को समझाने का भरसक प्रयास किया। देर शाम तक ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने महादेव नगर मोड़ और ब्रह्मनगर गांव को जाने वाले रास्ते पर सड़क के दोनों और खंभे गाड़ दिये। इधर ढकिया नंबर एक शिव नगर निवासी जयपाल सिंह (60) की डंपर की टक्कर से हुई मौत के मामले में ग्रामीणों ने रास्ते पर बैठकर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि इस घटना में आक्रोशित लोगों द्वारा डंपर में लगाई आग की घटना में किसी भी ग्रामीण पर मुकदमा दर्ज नहीं होना चाहिए। इसके अलावा परिवार वालों को पूरा हर्जाना मिलना चाहिए। साथ ही डंपरों के लिये अलग से रूट तय किया जाए।

इधर देर शाम नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी धरना स्थल पर पहुंच गये थे। ग्रामीणों का धरना देर शाम तक चलता रहा।



काशीपुर में ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार

### ओवरलोड डंपर बन चुके हैं मौत की मशीनें : आर्य

**हल्द्वानी :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने काशीपुर में खनन कार्य में लगे तेज रफ्तार और ओवरलोड डंपरों को चलती-फिरती मौत बताते हुए कहा कि इन लगातार हो रही मौतों की सीधी जिम्मेदारी राज्य सरकार, प्रशासन और पुलिस विभाग की है। कहा कि सोमवार को काशीपुर क्षेत्र के ढकिया नंबर-1 स्थित शिवनगर ग्राम में एक ग्रामीण की खनन वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। बीते दो-तीन दिनों में ढकिया, कुंडेश्वरी, कुण्डेश्वरा और ब्रह्मनगर क्षेत्रों में खनन वाहनों से पांच निर्दोष नागरिकों की अकाल मृत्यु हो चुकी है। काशीपुर में जिस रफ्तार से लोग मर रहे हैं, उतनी मौतें अब युद्ध या प्राकृतिक आपदा में भी नहीं होतीं। कहा कि यदि तत्काल ओवरलोड डंपरों पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो बड़ा जनआंदोलन छेड़ेंगे।

### बैरियर पर लिखा प्रवेश प्रतिबंधित फिर भी दौड़ रहे डंपर

**काशीपुर** : पुलिस द्वारा लगाए गए बैरियर में साफ लिखा है कि सुबह 6 बजे से 9 बजे तक और शाम 4 बजे से 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है लेकिन इसके बावजूद डंपर कुंडेश्वरी से चैती तिराहे तक सड़क रौंदते मिलते हैं। जबकि इस मार्ग पर छह स्कूल भी स्थापित हैं। सुबह स्कूली वाहनों का दबाव ज्यादा रहता है। वहीं तमाम बच्चे साइकिल और दो पहिया वाहनों से आते जाते हैं। ऐसे में दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

> काशीपुर की पुलिसिंग के हर पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जल्द सभी कोतवाली और चौकी प्रभारियों की बैठक ली जाएगी। ऐसी दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो इस बारे में सख्त कदम उठाए जाएंगे। -**स्वप्न किशोर सिंह**, एएसपी, काशीपुर

## सिटी ब्रीफ

### हाथियों के झुंड ने खेत में घुसकर गेहूं की फसल को रौंदा

**बाजपुर** : बरहैनी क्षेत्र के ग्राम झारखंडी में रविवार और सोमवार की रात हाथियों के झुंड ने एक किसान के खेत में घुसकर खड़ी गेहूं की फसल को रौंद डाला। हाथियों के इस हमले से किसान को भारी नुकसान हुआ है। रविवार देर रात हाथियों का एक झुंड महात्मानंद जोशी के खेत में घुस आया और करीब एक बीघा क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल को तहस-नहस कर दिया। सोमवार तड़के करीब चार बजे पड़ोसी चंद्रबल्लभ बलसोली ने खेत में हाथियों की मौजूदगी देखी और इसकी सूचना खेत स्वामी को दी। सुबह जब किसान मौके पर पहुंचे तो खेत में फसल पूरी तरह नष्ट पड़ी मिली, जिससे परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। पीड़ित किसान ने प्रशासन और वन विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग की है। समाजसेवी वीरेंद्र बिष्ट ने बताया कि गांवों में आए दिन वन्यजीवों की आवाजाही बनी रहती है।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**काशीपुर** : राजकीय पॉलिटेक्निक की एनएसएस यूनिट दो एवं यूनिट तीन के स्वयंसेवियों ने रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। सोमवार को ग्राम धनौरी में स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत रैली निकाली। उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण कर वहां के लोगों को जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में मार्शल आर्ट्स मुकेश यादव ने स्वयंसेवियों को सेल्फ डिफेंस की जानकारी दी और एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। वहां पर कार्यक्रम अधिकारी मनमोहन, असमा, हेमा सुयाल, नीरज आर्या मौजूद रहे।

### महिला ने पति पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**काशीपुर** : एक महिला ने अपने पति पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस्लाम नगर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति रोजाना फोन करके उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देता है और गालियां देता है। बताया कि पिछले तीन साल से आरोपी ने उसे जीवन यापन के लिए कोई खर्चा नहीं दिया है, जबकि उसके चार बच्चे हैं। बताया बीती 25 दिसंबर 2025 को आरोपी ने घर आकर पीड़िता से मारपीट भी की।



ग्राम पैगा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा।

### सरकार पर अमेरिका के दबाव में झुकने का आरोप

**काशीपुर** : कांग्रेस की एक रणनीतिक बैठक ग्राम पैगा में पूर्व प्रधान अरविंद सिंह के निवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एआईसीसी सदस्य और कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि जनविरोधी सरकार द्वारा देश के हितों को दांव पर लगाकर अमेरिका के सामने किए गए सरेंडर और इनकी गलत नीतियों के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई होगी। प्रदेश महासचिव ने कहा कि केंद्र सरकार देश हित को पीछे रखकर अमेरिका जैसे देशों के सामने झुकती नजर आ रही है। यह देश की संप्रभुता और आत्म सम्मान पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। प्रदेश में धामी सरकार में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ता जा रहा है। जिन नीतियों को राष्ट्र हित के नाम पर लागू किया जा रहा है, वह वास्तव में कुछ गिने चुने कॉर्पोरेट घरानों के हितों को साधने की कोशिश है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अलका पाल ने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संघर्ष तभी सफल होगा। जब हर कार्यकर्ता अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाएगा। बैठक में पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, जाट महासभा युवा विंग के अध्यक्ष गौरव चौधरी, सारीम सैफी, राकेश टोपीवाला, सतपाल, जसवंत सिंह, अख्तर अली आदि मौजूद रहे।

### फोटो स्टेट के पैसे मांगने पर धमकी दी

**काशीपुर:** आईटीआई थाना क्षेत्र में एक सीएससी सेंटर संचालक ने एक व्यक्ति पर फोटो स्टेट के पैसे मांगने पर उसका सेंटर बंद कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला आदर्श नगर, महुआखेड़ा गंज निवासी शमशाद हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 05 फरवरी की सुबह संजय कुमार निवासी ग्राम बघेलेवाला, उसके सीएससी सेंटर पर आया और उससे कुछ कागजों की फोटो कॉपी करवाई, जिसके 30 रुपये बनते थे। शमशाद ने बताया कि जब उसने फोटो स्टेट के रुपये मांगे, तो वह उसे धमकाने लगा और बोला कि मैं तेरा सीएससी सेंटर बंद करा दूंगा। साथ ही वह उसे गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# यूजीसी के नए नियमों का विरोध




बाजपुर में एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने सोमवार को नगर में प्रदर्शन किया। यूजीसी बिल हटाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर अनाज मंडी परिसर स्थित मंदिर से चलकर प्रदर्शनकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बाजपुर को सौंपा।

ज्ञापन में यूजीसी 3(सी) एक्ट 2026 के तहत लागू किए गए नए नियमों को वापस लेने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह नियम देश की शैक्षणिक व्यवस्था में असंतुलन पैदा करने वाले हैं। इससे समाज में असमानता और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने सरकार से इस पर पुनर्विचार कर संशोधन करने की मांग की। प्रदर्शन में ब्राह्मण सभा, क्षत्रिय महासभा, वैश्य (अग्रवाल सभा), खत्री सभा, बार एसोसिएशन बाजपुर, कायस्थ सभा, जैन सभा और विश्नोई सभा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे। इस मौके पर संयोजक उदयराज सिंह, भगवंत म्यान, एडवोकेट विजय गर्ग, राजीव राणा, पं.मूलशंकर शास्त्री, अंशुल गर्ग, रविशंकर गोयल, विमल शर्मा, आशीष ठारकु, चंद्रप्रकाश मित्तल, राजेंद्र शर्मा, तेजप्रकाश शर्मा, विशाल ठाकुर, लोकेश कुमार शर्मा, रवींद्र कुमार शर्मा, संजय गोयल आदि मौजूद रहे।

### खेलो इंडिया के लिए चयन ट्रायल

**काशीपुर:** भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में खेलो इंडिया अनुसूचित जनजाति के पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के खेल विधाओं का एथलीट, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, स्विमिंग व आर्चरी के लिए पुनः चयन ट्रायल सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुआ। ट्रायल में ऊधम सिंह नगर, देहरादून, पौड़ी, नैनीताल से करीब छह दर्जन खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। स्टेडियम प्रभारी महेश्वर सिंह नेगी ने बताया कि 2 फरवरी को भी खेलो इंडिया अनुसूचित जनजाति के पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के लिए ट्रायल हुआ था, बच्चे कम आए थे। इसलिए सोमवार को पुनः यह ट्रायल किया गया। इसमें चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ में होने वाले खेलो इंडिया ट्रायल नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर एथलीट कोच सरफराज चौधरी व हरीश राम, हॉकी कोच मोहित रावत मौजूद रहे।

## आस्था

हवन में पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ समापन

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नगर के प्राचीन बोंडा शिव मंदिर में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन सोमवार को हवन में पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। समापन अवसर पर क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

इस धार्मिक आयोजन में श्रीमहंत शंकर गिरी (जूना अखाड़ा, बागेश्वर), गणेश गिरी (पिथौरागढ़), बंशापुरी (हरियाणा), विकास अग्निहोत्री (काशीपुर) सहित पंजाब, चंडीगढ़, हरिद्वार, काठगोदाम, खाटू धाम, नोएडा और दिल्ली से बड़ी संख्या में संत-महात्मा एवं श्रद्धालु पहुंचे। पूरे सप्ताह मंदिर परिसर में धार्मिक व आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। अंतिम दिन मंदिर के श्रीमहंत भगवान गिरी महाराज के सान्निध्य एवं संचालन में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ और पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के उपरांत विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों साधु-संतों तथा हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास आचार्य पं.सतीश जोशी (स्नेही) ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन को सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इससे मन की शुद्धि होती है तथा व्यक्ति में भक्ति, सदाचार और सेवा की भावना का विकास होता है। समापन के अवसर पर भजन-कीर्तन और जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर के महंत भगवान गिरी महाराज की ओर से सभी संत-महात्माओं को सम्मानपूर्वक विदा किया गया।



प्राचीन बोंडा शिव मंदिर में दूर-दराज से पहुंचे साधु-संत। ● अमृत विचार



प्राचीन वनखंडी महादेव मंदिर में कथा सुनाते पं.भास्कर पांडे। ● अमृत विचार

### शिवमहापुराण कथा में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**बाजपुर** : बरहैनी स्थित प्राचीन श्रीवनखंडी महादेव मंदिर में आयोजित शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक पंडित भास्कर पांडे ने माता सती के प्रसंग और राजा दक्ष के अहंकार के अंत की मार्मिक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि शिवभक्ति मनुष्य को पापों से मुक्त कर सदाचार के मार्ग पर ले जाती है। भजन-कीर्तन और ''हर-हर महादेव'' के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति ने बताया कि 15 फरवरी की शाम सामूहिक महादीपदान का आयोजन होगा, जबकि 16 फरवरी को हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ कथा का विधिवत समापन (परायण) किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई है।



भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### ठाकुर मंदिर में हुए विशाल भंडारे में उमड़े लोग

**जसपुर** : स्थानीय ठाकुर मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। धार्मिक अनुष्ठान के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ वेदोक्त मंत्रोच्चार और विधि-विधान से शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ। रामेश्वर महादेव नाम रखा गया। इस अवसर पर आसपास के अलावा काशीपुर, हरिद्वार, देहरादून, हिमाचल प्रदेश, ब्रजघाट आदि स्थानों के प्रतिष्ठित संतों और महात्माओं का आगमन हुआ। मंदिर के महंत बाबा भगवत दास जी महाराज ने संतों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। संतों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में समरसता और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरा मंदिर परिसर ''हर-हर महादेव'' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं दूर यात्रा के आए कांवरियों ने नए मंदिर में जलाभिषेक किया। इसके बाद स्वागत मंडप में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के स्वयंसेवकों ने मुस्तैदी के साथ व्यवस्था संभालीं। इस दौरान विधायक आदेश चौहान, सिद्धार्थ मोहन सिंघल, सीताराम, रवि चौधरी, चौधरी चंद्रपाल सिंह, तनुज अग्रवाल, कुसुमपाल नाथ, कौशल चौहान, नितिन मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### एएसपी ने किया फायर स्टेशन निरीक्षण

**रानीखेत** :अपर पुलिस अधीक्षक हरवंश सिंह ने फायर स्टेशन का वार्षिक निरीक्षण किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अल्मोड़ा एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा अगुवाई की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली तथा स्टेशन पर उपलब्ध वाहनों को स्टार्ट करवाया। सभी वाहन कार्यशील पाए गए। उपलब्ध आपदा उपकरण भी ठीक पाए गए। उन्होंने कर्मचारियों के सम्मेलन में उनकी समस्याएं जानीं। किसी भी कर्मचारी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। अधीक्षक द्वारा फायर स्टेशन के कार्यालय के अभिलेखों को अध्यवाधिक किया गया। सभी अभिलेख सही पाये। बैरिक, मेस, स्टोर आदि का निरीक्षण किया गया सभी सही पाया। उन्होंने आगामी फायर सीजन की दृष्टिगत विशेष सतर्कता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### आवासीय स्कूल में 12वीं की छात्राओं को दी विदाई

**टनकपुर** : कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 12वीं की छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जूनियर छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। 12वीं की कई छात्राओं ने विद्यालय के अपने अनुभवों को साझा किया। विद्यालय की वार्डन प्रेमा ठाकुर ने 12वीं की छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में आत्मनिर्भर, अनुशासित एवं लक्ष्य के प्रति सजग रहने का भी संदेश दिया साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लोनिवि के मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

## वंचित रहे कर्मियों को पदोन्नति देने व स्थानांतरण संबंधी समस्याओं का हो समाधान

- जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर उत्तराचंल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को एसोसिएशन से जुड़े कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से स्थानांतरण की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से मांग उठा रहे हैं, लेकर सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखा कर रही है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त हैं। कर्मचारियों ने मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के पारस्परिक स्थानातंरण करने समेत पदोन्नत से वंचित कार्मिकों को जल्द पदोन्नति देने की मांग उठाई। चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती कार्मिक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष टीका सिंह खोलिया, शंकर सिंह, भीम सिंह, नंदन सिंह, नंदू, अंकित तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, पान सिंह, सुनील फर्त्याल, रमेश महेरा समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में सोमवार को प्रदर्शन करते मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी। ● अमृत विचार


बागेश्वर में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मी। ● अमृत विचार

### लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मियों का कार्य बहिष्कार शुरू

**बागेश्वर** : दो सूत्रीय मांगों को लेकर लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने सोमवार से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी की और मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। कर्मचारी अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सभा में वक्ताओं ने पारस्परिक स्थानांतरण समय पर नहीं होने पर नाराजगी जताई। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा पदोन्नति सूची जारी नहीं करने पर भी असंतोष व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि वे लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन बार-बार चेतावनी देने के बावजूद मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन उन्हें कार्य बहिष्कार का रास्ता अपनाना पड़ा है। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी न हुईं तो उग्र आंदोलन होगा। हड़ताल के कारण कार्य प्रभावित रहा। इस मौके पर धरम सिंह, आनंद सिंह, अनिल जोशी, नवीन जोशी, महिपाल सिंह, राजेंद्र, रेनुका भैसोड़ा, नवीन दानू, हरीश दानू आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज कर्मचारियों ने वेतन भुगतान की मांग को लेकर की नारेबाजी

**अल्मोड़ा** : वेतन भुगतान की मांग को लेकर उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारी मुखर हो गए है। सोमवार को कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द दो माह का वेतन देने की मांग उठाई।

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद आह्वान पर अल्मोड़ा डिपो में रोडवेज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। बांह में काली पट्टी बांधकर नाराजगी जताई है। कहा कि दो माह का वेतन अब तक नहीं मिलने से कर्मचारी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। वहीं, वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। कहा कि उन्हें दिसंबर और जनवरी दो माह का वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने जल्द वेतन का भुगतान करने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां प्रदर्शन करने वालों में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष प्रदीप टम्टा, मंत्री राजकुमार टम्टा, प्रदीप कुमार, करण सिंह, गोधन सिंह, गोपाल दत्त जोशी, राजेंद्र प्रसाद, तारा दत्त जोशी, गिरीश चंद्र, भगवती नेगी, हरीश जोशी, मदन लाल, सुरेश जोशी, चंद्रशेखर जोशी, नवीन चंद्र, दीपक कुमार, धीरज लटवाल आदि मौजूद रहे।

# 7 मेडिकल स्टोरों पर मारे छापे, दवाओं के सैंपल भरे


चम्पावत में एक मेडिकल स्टोर में जांच करती औषधि निरीक्षक हर्षिता। ● अमृत विचार

- चम्पावत में प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर प्रशासन व विभाग सख्त

**संवाददाता, चम्पावत**

**अमृत विचारः** जनपद में नशीली एवं मनःप्रभावी दवाओं के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक हर्षिता के नेतृत्व में कोडीन युक्त कफ सिरप एवं अन्य मनःप्रभावी दवाओं की बिक्री के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान जनपद के सात थोक एवं खुदरा मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान संदिग्ध श्रेणी की दवाओं के सात नमूने एकत्र कर परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए राजकीय औषधि विश्लेषणशाला भेजे गए। निरीक्षण के दौरान दवाओं के स्टॉक रजिस्टर तथा क्रय-विक्रय अभिलेखों की गहन जांच की गई, जो अधिकांश प्रतिष्ठानों में संतोषजनक पाए गए। साथ ही स्टोरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग व्यवस्था तथा पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में बिक्री सुनिश्चित करने की भी समीक्षा की गई। औषधि निरीक्षक ने सभी संचालकों को निर्देश दिए कि बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के किसी भी मनःप्रभावी या एंटीबायोटिक दवा का विक्रय न किया जाए। नियमों के उल्लंघन पर औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाकर युवाओं को नशे से बचाना है।

# मनीष उप्रेती, मनीष भंडारी व पंकज ने जीती पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचारः** कपकोट में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी चैंपियनशिप का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे और पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत भौर्याल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में मनीष उप्रेती ने प्रथम स्थान प्राप्त कर एक लाख रुपये का पुरस्कार जीता। द्वितीय स्थान पर रहे मनीष भंडारी को 50 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पंकज कुमार को 30 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। महिला पायलटों को पांच-पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। समापन पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पैराग्लाइडिंग और अन्य एडवेंचर स्पोर्ट्स की अपार संभावनाएं हैं। यह क्षेत्र भविष्य में रोमांच प्रेमियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने पर्यटन विभाग, फ्लाई हिमालया एडवेंचर, जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग की सराहना की।

प्रतियोगिता में देशभर से 92 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 78 पायलटों ने भाग लिया और 55 ने सभी राउंड पूरे किए। उत्तराखंड से 34 पायलट शामिल रहे। जिलाधिकारी ने स्वयं जालेख से उड़ान भरकर रोमांचक अनुभव भी साझा किया।


समापन समारोह में उपस्थित जिलाधिकारी व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

### हवलदार हरीश चन्द की तबीयत बिगड़ने से मौत

**टनकपुर**:पिथौरागढ़ में तैनात 12 कुमाऊं रेजीमेंट के हवलदार हरीश चन्द की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई।


हरीश (फाइल)।

गड़ीगोठ निवासी भरत चन्द के बेटे हवलदार हरीश चन्द (35) कुछ दिन पूर्व अवकाश पर घर आए थे। सोमवार तड़के करीब 3 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वे अपने पीछे पत्नी आशा चन्द और 14 माह के पुत्र को छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज 10 फरवरी को सैन्य सम्मान के साथ बनबसा के शारदा नदी तट पर होगा।

# मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देगी सरकार: जोशी

- अल्मोड़ा में कैबिनेट मंत्री ने की प्रेस वार्ता, केंद्रीय बजट में मिली सौगातों की दी जानकारी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को अल्मोड़ा में कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाएगी। इससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने केंद्रीय आम बजट को हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया बताया। कहा कि बजट में उत्तराखंड के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल लाइन विस्तार और किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की कृषि भूमि को संरक्षित करने के साथ-साथ किसानों के लिए उद्यान और बागवानी को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड को मेडिकल टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले मरीजों और पर्यटकों को अनुकूल वातावरण और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें।

प्रेस वार्ता में मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिला महामंत्री दर्शन रावत, विनीत बिष्ट, पार्षद अमित साह मोनू रहे।


अल्मोड़ा में सोमवार को प्रेस वार्ता करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

### डेस्टिनेशन मैरिज टूरिज्म को बढ़ावा, बिनसर समेत नौ स्थान चयनित

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार डेस्टिनेशन मैरिज टूरिज्म को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए प्रदेश भर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अल्मोड़ा के बिनसर समेत प्रदेश में डेस्टिनेशन मैरिज टूरिज्म के लिए नौ स्थानों का चयन किया गया है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## हल्द्वानी

# वेतन के लिए काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार** : उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारियों को वेतन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। रोडवेज कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। शीघ्र वेतन भुगतान की मांग को लेकर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के कर्मचारियों ने सोमवार को बांहों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने शीघ्र वेतन नहीं दिए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से उन पर रोजी-रोटी का संकट आ गया है। कई कर्मचारी बच्चों की स्कूल फीस समय पर जमा नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही अन्य दैनिक जरूरतें पूरी करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि रोडवेज कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन का अनियमित भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारी विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से प्रत्येक माह की 7 तारीख को वेतन दिए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। विरोध प्रदर्शन में संगठन के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी, तत्कालीन क्षेत्रीय मंत्री उमेश जोशी, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, मोहन सिंह बोरा, आनंदी शुक्ला, गगन जोशी, केएन तिवारी, भुवन जीना, राजीव भट्ट, सुभाष पांडे, दिनेश कुमार रहे।


वेतन नहीं मिलने पर रोडवेज स्टेशन में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### होटल-रेस्टोरेंट में मारे छापे, पांच सैंपल लिए

**हल्द्वानीः** खाद्य सुरक्षा विभाग ने नैनीताल जिले में रामनगर, हल्द्वानी शहर, हल्द्वानी ग्रामीण आदि इलाकों में छापे मारे। इस दौरान 15 होटल और रेस्टोरेंट में छापे मारे गए। यहां आठ प्रतिष्ठान ऐसे मिले जहां फूड हेंडर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट ही नहीं बने हैं।

इस दौरान टीम ने पांच खाद्य नमूने जांच के लिए भेजे हैं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने सभी को 10 दिन के भीतर मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा विभिन्न स्थानों से पनीर, मावा और रिफाइंड ऑयल के एक-एक और मसाल के दो नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं।

# कराटे बेल्ट टेस्ट में उत्साह से लिया भाग

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार** : कियो किशन कराटे फाउंडेशन ने देवभूमि एजुकेशन सोसाइटी, देवलचौड़ में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया। शिविर में 28 बच्चों ने अलग-अलग बेल्टों के लिए ग्रेडिंग टेस्ट दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे और वार्ड 56 की पार्षद भागीरथी देवी ने किया। इस दौरान देहरादून में आयोजित कियो किशन कराटे के 35वें राष्ट्रीय टूर्नामेंट में पदक जीतने वाले हल्द्वानी, भीमताल सहित नैनीताल जिले के अन्य खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने बताया कि बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट राष्ट्रीय सचिव व सीनियर कोच हरिश्चंद्र पांडे (ब्लैक बेल्ट), अक्षिता पांडे, दीपक रावल, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुजाहिद इस्लाम सहित अन्य सीनियर कोचों ने लिया। जिसमें ब्राउन बेल्ट सहित विभिन्न श्रेणियों में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। यहां अभिषेक कश्यप सहित खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।


कराटे के बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट के दौरान मौजूद हर्षवर्धन पांडे और पार्षद भागीरथी देवी।

# केपीएल के लिए पांच जिलों का प्रशिक्षण शुरू

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** कुमाऊं में फुटबॉल के प्रति जुनून और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजित होने वाली कुमाऊं प्रीमियर लीग के लिए शहर के मिनी स्टेडियम में प्रतियोगिता के लिए पांच जनपदों की टीमों का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कैंप शुरू हो गया है।

लीग को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखा जा रहा है। जहां एक ओर हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में पांच जिलों के खिलाड़ी खेल की बारीकियां सीख रहे हैं और मैदान पर पसीना बहा रहे हैं, वहीं मेजबान नैनीताल जनपद की टीम रुद्रपुर में अभ्यास कर रही है। आयोजक वीरू कालाकोटी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 22 फरवरी तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लीग चरण के शुरुआती मैच अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में आयोजित होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर भी खेल को बढ़ावा मिले। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मैच हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम में खेले जाएंगे। निर्णायक मुकाबले दूधिया रोशनी में यानी डे-नाइट मैच होंगे। आयोजकों का मानना है कि रात्रि मैचों के आयोजन से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिलेगा और कुमाऊं के दूरस्थ क्षेत्रों की छिपी फुटबॉल प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलेगा।

**विवाद** लोगों का कहना है कि गहराई कम हुई तो कुछ घर सीवर कनेक्शन से रह जाएंगे वंचित

# दमुवाढूंगा में सीवर लाइन की गहराई पर असमंजस

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** दमुवाढूंगा में वार्ड 36 में सीवर लाइन बिछाई जा रही है। देवनगर कॉलोनी से सरदार की कोठी तक भी सीवर लाइन डाली जा रही है लेकिन सीवर लाइन की गहराई को लेकर काफी विवाद हो रहा है। यूयूएसडीए का कहना है कि शहर में बिछाई जा रही सीवर लाइन के मानकों के आधार पर ही सीवर लाइन बिछाई जा रही है।

रविवार को हुए विवाद के बाद सोमवार को यूयूएसडीए की तरफ से दिनेश चंद्र आर्य आए और उन्होंने स्थानीय लोगों को बताया कि यहां जो सीवर लाइन डाली जा रही है उस लाइन को पनचक्की से चंबलपुल तक की सीवर लाइन में जोड़ा जाएगा। उसके बाद सीवर की लाइन चंबलपुल से लालडांठ तक में जोड़ी जाएगी। उनकी गहराई के आधार पर ही सीवर लाइन डाले जाने का काम चल रहा है। कहा कि जितना भी संभव होगा उतनी गहराई दी जाएगी। इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ घर काफी गहराई में है। इस वजह से सीवर लाइन का लाभ उन्हें नहीं मिल पाएगा। ऐसे में करीब पांच घर हैं जो कम गहराई पर सीवर लाइन डाले जाने की वजह से कनेक्शन से वंचित रह जाएंगे।


दमुवाढूंगा में सीवर लाइन के लिए खुदाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

### दो दिन बाद आया दमुवाढूंगा में पानी

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : दमुवाढूंगा के जिन क्षेत्रों में शीशमहल फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति है वहां पर दो दिनों तक पानी नहीं आया। पेयजल की समस्या से लोग जूझते रहे। राहत की बात है कि सोमवार को पेयजल आपूर्ति शुरू हो गई। दमुवाढूंगा में चंबल पुल से लेकर पनचक्की तक के इलाके में पानी की किल्लत बनी हुई थी। जलसंस्थान ने बताया कि पेयजल लाइन टूटने की वजह से पानी की दिक्कत हुई है और इस वजह से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है। लाइन ठीक होने के बाद पानी की आपूर्ति शुरू हो गई।

# रक्षित ने जीती कुमाऊंनी कविता पाठ प्रतियोगिता

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** कुमाऊंनी भाषा को बढ़ावा देने के लिए सौहार्द जन सेवा समिति की ओर से सोमवार को सेंट लॉरेंस स्कूल देवलचोड़ में एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता जोशी और संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने की। बच्चों की शानदार प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों ने कुमाऊंनी भाषा में की गई सरस्वती वंदना रही। कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिता में करीब 15 बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में रक्षित पांडे ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, प्रियांशी तिवारी दूसरे और वर्तिका भट्ट व उन्नति नोला तीसरे स्थान पर रहे। संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने कहा कि हम चाहे दुनिया के किसी भी कोने में रहें, हमें अपनी बोली और संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाचार्या अनीता जोशी ने कहा कि अब स्कूल में हर दिन 5 मिनट बच्चों के लिए कुमाऊंनी भाषा में भाषण का कार्यक्रम रखा जाएगा। निर्णायक और आयोजक प्रतियोगिता के निर्णायक साहित्यकार नरेंद्र बंगारी और लोकपाल पुष्पा कांडपाल रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ममता जोशी ने किया।



अतीत चाहे दु:खद ही क्यों न हो,
उसकी स्मृतियां मधुर होती हैं।
-मुंशी प्रेमचंद, साहित्यकार



# महत्वपूर्ण है मलेशिया

एशिया–प्रशांत की बदलती भू-राजनीति में मलेशिया भारत के लिए एक रणनीतिक धुरी बनता जा रहा है। हिंद महासागर से दक्षिण चीन सागर को जोड़ने वाले मलक्का जलडमरू मध्य के किनारे स्थित मलेशिया उस समुद्री मार्ग की निगरानी में अहम है, जिससे भारत के कुल समुद्री व्यापार का आधे से अधिक हिस्सा गुजरता है। ऐसे में कुआलालंपुर के साथ गहराता सहयोग केवल व्यापार नहीं, बल्कि समुद्री सुरक्षा और सामरिक संतुलन का प्रश्न भी है। ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में हुए समझौते इस साझेदारी को संस्थागत आधार देते हैं। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और सोलर परियोजनाओं में सहयोग भारत की ऊर्जा विविधीकरण नीति को मजबूती देगा, वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष, सस्ती दवाओं और नर्सिंग सेवाओं में तालमेल दोनों देशों के सामाजिक क्षेत्र को लाभ पहुंचा सकता है। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास और समुद्री सहयोग से हिंद–प्रशांत में भारत की उपस्थिति सुदृढ़ होगी।

पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला संकट के बीच भारत का क्षेत्रीय सहयोग पर जोर स्वाभाविक है। 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' की नीति अब आर्थिक और सामरिक दोनों रूपों में परिपक्व हो रही है। मलेशिया, जो आसियान में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, इस प्रक्रिया का प्रवेश द्वार बन सकता है। 2016 में भारत–आसियान व्यापार 65 अरब डॉलर था, जो 2025 तक 123 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। नए समझौतों के बाद इसमें उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है, विशेषकर सेमीकंडक्टर और डिजिटल क्षेत्र में। सेमीकंडक्टर उद्योग में मलेशिया के चार दशकों के अनुभव और मजबूत इकोसिस्टम का भारत को सीधा लाभ मिलेगा। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और चिप निर्माण को बढ़ावा दे रहा है; ऐसे में संयुक्त निवेश, तकनीकी साझेदारी और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग से भारत आयात निर्भरता घटेगी। मलेशिया को भी विशाल भारतीय बाजार और उत्पादन आधार का लाभ मिलेगा, यह परस्पर पूरकता का उदाहरण है। डिजिटल क्षेत्र में मलेशिया–इंडिया डिजिटल काउंसिल, यूपीआई और पेननेट के जुड़ाव से व्यापार, पर्यटन तथा निवेश में सहजता आएगी। भारत की फिनटेक तकनीक को विस्तार मिलेगा। रुपये–रिंगिट में लेन-देन की व्यवस्था डॉलर निर्भरता घटा सकती है। मलक्का जलडमरू मध्य और दक्षिण चीन सागर में चीन–ताइवान–अमेरिका तनाव के कारण समुद्री मार्ग संवेदनशील बने हुए हैं। ऐसे में भारत–मलेशिया समुद्री सहयोग का महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और सीमा-पार कट्टरपंथ पर समन्वय का निर्णय भी सुरक्षा सहयोग को नया आयाम देता है। मलेशिया ने अतीत में क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर संतुलित रुख अपनाया है, किंतु हाल के वर्षों में आतंकवाद विरोधी सहयोग में सक्रियता दिखाई है। मलेशिया में लगभग 29 लाख भारतीय रहते हैं, प्रवासी भारतीयों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या, ऐसे में नया वाणिज्य दूतावास, तिरुवल्लुवर केंद्र और छात्रवृत्ति सांस्कृतिक कूटनीति को गहराई देंगे। सोशल सिक्योरिटी समझौता, मुफ्त ई-वीजा और यूपीआई का विस्तार भारतीय कामगारों और पर्यटकों के लिए राहतकारी कदम होंगे।

## प्रसंगवश

# फरवरी का महीना खत से सोशल मीडिया तक

फरवरी का महीना आते ही प्यार की ऋतु का आगमन हो जाता है। इस बसंत महीने में नवयुवकों और नवयुवतियों के मन में अलग तरह की अनुभूति होने लगती है। यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। इस उम्र में ऐसा होना बिल्कुल स्वाभाविक है। अक्सर इस समय सही और गलत समझने की शक्ति पूरी तरह विकसित नहीं होती, क्योंकि मन अनियंत्रित-सा इधर-उधर अपने संग-साथी की तलाश में भटकता रहता है।

आज का प्यार पहले की तुलना में कम टिकाऊ दिखाई देता है। ज़रा-सी गलतफ़हमी या गुस्सा आ जाए, तो आज के युवाओं में सब्र करने की शक्ति कम पड़ जाती है। रिश्ते में मेहनत और समझदारी दिखाने के बजाय वे तुरंत निर्णय ले लेते हैं। रिश्ते को खत्म कर आगे बढ़ जाना और कुछ ही दिनों में नए रिश्ते की तलाश शुरू कर देना आम हो गया है। आज के दौर में प्रेम कई बार छणिक-भंगुर सा महसूस होने लगा है। युवा बिना ठहराव के रिश्ते बदल देते हैं और गहरी समझ-बूझ की जगह लिव-इन रिलेशनशिप ने ले ली है। स्थायित्व, त्याग और प्रतीक्षा जैसी भावनाएं अब पहले जैसी दिखाई नहीं देतीं।



धनीश शर्मा
लेखक

फ़रवरी का महीना आरंभ होते ही युवाओं में नई उमंगें तैरने लगती हैं। इस महीने का इंतज़ार पहले से ही शुरू हो जाता है। मन के अंदर दबे अहसासों को बयां करने की हिम्मत मिलती है— कुछ कामयाब होते हैं, तो कुछ नाकाम। नब्बे के दशक में युवा अपने दिल की बात ख़त के ज़रिये पहुंचाते थे। वो खत किसी वफ़ादार दोस्त के हाथों आदान–प्रदान होते थे और जवाब के इंतज़ार में महीनों गुज़र जाते थे। अगर जवाब मिल जाए तो खुशी, वरना फिर अगले साल फ़रवरी आने तक इंतज़ार सिर्फ़ इंतज़ार। उस दौर में प्यार धीमी रफ़्तार वाला था। भावनाएं गहरी थीं और धैर्य सबसे बड़ी ताकत थी।

पहले प्यार पर बनने वाली फ़िल्में—लैला–मजनू, हीर–रांझा, सोनी–माहिवाल—जो कभी प्रेम की मिसाल मानी जाती थीं, वक़्त के साथ जैसे कहीं गुम हो गई हैं। उन कहानियों में त्याग, तपस्या और लंबे इंतज़ार की गहरी परतें थीं। वहीं आज की पीढ़ी तेज़ रफ़्तार, त्वरित जवाब और बिना संघर्ष वाली प्रेम कहानियों की आदी हो चुकी है। पुराने प्रेम की वह आत्मा अब परदे पर भी कम ही दिखाई देती है।

साल 2000 आते-आते बहुत कुछ बदल चुका था। मोबाइल का जमाना शुरू हो गया था और युवा अब अपनी दिल की बात ख़त में नहीं, बल्कि टेक्स्ट मैसेज में लिखने लगे थे। फ़रवरी का सफ़र अब कागज़ के पन्नों से निकलकर मोबाइल की स्क्रीन पर सीमित हो गया था। जो इंतज़ार पहले महीनों का होता था, वह अब मिनटों और घंटों में सिमट गया। भावनाओं की गहराई जैसी-की-तैसी रही, लेकिन अभिव्यक्ति का माध्यम तेज़ और सरल हो गया।

धीरे-धीरे मोबाइल का स्वरूप और तकनीक दोनों विकसित हुए। जहां युवा सिर्फ़ टेक्स्ट भेजकर 'हां' या 'न' का इंतज़ार करते थे, वहीं 2010 आते-आते वीडियो कॉलिंग का दौर शुरू हो गया। अब चेहरे के हावभाव, मुस्कान, झिझक और शर्म भी स्क्रीन पर दिखाई देने लगे। रिश्तों में एक नई नज़दीकी और एक नया अंदाज़ जन्म लेने लगा। कुछ लोग इस बदलाव से खुश हुए, तो कुछ को लगा कि भावनाओं की गंभीरता अब कम होने लगी है।

साल दर साल वक़्त बदलता गया, लेकिन फ़रवरी का महत्व वही रहा—उत्सुकता, उमंग, उम्मीद और थोड़ी-सी घबराहट वाला महीना। अब 2026 तक आते-आते वीडियो कॉलिंग से लेकर इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और व्हाट्सऐप तक प्यार कई रंगों में बदल चुका है। अब स्टोरी, रील, स्टेटस और इमोज़ी भी प्रेम के संदेश बन गए हैं।

# वैश्विक व्यापार की धुरी बनता भारत





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

विश्व की कुल आबादी का करीब 17.7 प्रतिशत हिस्सा रखने वाला भारत आज 1.47 अरब मानव संसाधन के साथ दुनिया का अग्रणी व सर्वाधिक युवा शक्ति वाला देश है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। ये ऐसे युवा हैं, जिनके पास व्यापक विजन, दक्षता, उत्साह, अपने व राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का जज्बा तो है ही, वैश्विक व्यापारिक समझ में भी किसी विकसित देश से कमतर नहीं हैं। भारत व यूरोपीय संघ के मध्य चाहें 'मदर आफ आल डील' को जमीन पर उतारना हो या संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ सात फरवरी अर्थात शनिवार को हुआ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता... भारत ने वैश्विक बाजार में अपनी 'साख व धाक' बना ली है।

मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं, वरन एक बड़ा बाजार भी बन चुका है। उपभोक्ताओं का समंदर बन चुका भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं। उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप के दो बड़े देशों कनाडा व यूएसए के अलावा दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के देशों अर्थात ब्राजील, अर्जेंटीना, चिली, मैक्सिको, क्यूबा व पैरागुए से भी भारत का आयात-निर्यात परवान चढ़ रहा है। यूरोपीय संघ के देशों यानी फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, स्पेन व इटली से भी व्यापारिक लेन-देन सुदृढ़ हो चला है।

अफ्रीकी महाद्वीप के कुछ देशों के साथ हमारी व्यापारिक गतिविधियां सकारात्मक दिशा की ओर तो बढ़ ही रही हैं, एशिया-ओसियाना के देशों में भी हमने अपनी व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाई हैं। चीन व रूस के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार सतत आगे बढ़ रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया के अलावा इंडोनेशिया, मलेशिया, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड से भी आपसी व्यापार पटरी पर दौड़ रहा है।

विकसित, अर्द्धविकसित व विकासशील देशों की अनेकानेक वस्तुओं का आयात तो भारत कर ही रहा है, अपनी गुणवत्तापरक चीजों व आधारभूत संरचनाओं को उन्हें बड़े पैमाने पर निर्यात भी कर रहा है। उत्तम व्यापारिक समझ, मजबूत सेवा निर्यात व विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण आज भारत का भुगतान संतुलन सही दिशा में है। हमारे पास 11 महीनों से अधिक के आयात के बराबर का मुद्रा भंडार है, जो छह माह के आदर्श से बेहतर है। हम 135.4 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ विश्व का सबसे बड़ा प्रेषण प्राप्तकर्ता बन चुके हैं। यह हमारी बाह्य क्षेत्र को स्थिरता को दर्शा रहा है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश व अन्य पूंजी प्रवाह में स्थिरता है, ये हमारी भुगतान संतुलन को मजबूत सहारा दे रहे हैं। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले प्रमुख देशों में सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, नीदरलैंड व जापान अग्रणी हैं। सिंगापुर व मॉरीशस तो भारत के लिए शीर्ष निवेशक आज भी बने हुए हैं। अंतरदेशीय या द्विपक्षीय व्यापार पारस्परिक लाभ, समानता, निष्पक्षता व राज्य के आर्थिक विकास के साधन पर निर्भर होता है। वैश्विक व्यापार आपसी समझ व साख को खास तरजीह देता है। व्यापारिक समझौते साझा विकास पर आधारित होने चाहिए, न कि एक पक्ष द्वारा दूसरे के शोषण पर। विभिन्न देशों के साथ व्यापार करते समय भारत को अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना होगा।

दुनिया के बाजार में भारत को फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना चाहिए, वह चाहे यूएसए या ईयू के साथ व्यापारिक रिश्ते ही क्यूं न हों। भारत-ईयू के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते के तहत वर्ष 2031 तक 51 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। शनिवार को यूएसए के साथ हुए अंतरिम व्यापारिक समझौते में भारतीय निर्यातकों, विशेष तौर पर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए करीब 30 हजार अरब अमेरिकी डालर का बाजार खुलने की बात हो रही है। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ अब 18 प्रतिशत रह जाने के बाद वहां निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं के उत्पादकों को भारी राहत मिलेगी।

भारत के कुल निर्यात में यूएसए का का हिस्सा 18 प्रतिशत, जबकि आयात में 6.22 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डालर तक पहुंच गया है। भारत-अमेरिका के मध्य हुए व्यापारिक समझौते से भारत में किसानों व उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत से यूएसए को निर्यात किए जाने वाले मसालों, फलों, सब्जियों के अलावा कृषि उत्पादों, रत्न-आभूषणों शुल्क रहित होंगे। भारत से करीब 13 अरब डालर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। दोनों देशों की डील में भारतीय किसानों की रक्षा के लिए गेहूं, चावल, चीनी व डेयरी उत्पादों को बाहर रखा गया है।

व्यापारिक समझौते से निर्यात ढांचे, निवेश आकर्षण के साथ रोजगार सृजन की दिशा को बल मिलेगा। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने यह समझा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं। इन देशों के लिए भारत का सबसे बड़ा आकर्षण इसका विशाल मध्यम वर्ग, बढ़ती खपत क्षमता और युवा आबादी है, जो आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा व डिजिटल सेवाओं की मांग को लगातार बढ़ा रही है।

विशाल उपभोक्ता बाजार, निवेश का भरोसेमंद ठिकाना व साख आधारित साझेदारी के कारण विकसित देशों की पसंद बन चुका है। वैश्विक व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में भारत को बेहद चौकन्ना भी रहना होगा। कौटिल्य ने अपनी कृति 'अर्थशास्त्र' में लिखा है कि आपसी व्यापार में अत्यधिक विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अवसरों की विश्वसनीयता की जांच करने पर जोर देते हुए यह भी लिखा है कि समान लोगों के बीच ही प्रेम या स्नेह (संबंध) फलते-फूलते हैं।

मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं वरन एक बड़ा बाजार भी है। भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं।

## आमने सामने



राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान एक निर्दोष दर्जी की सरेआम हत्या कर दी गई थी। उस समय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। राजस्थान में जो भी हिंसा और लिंचिंग जैसी घटनाएं हुईं, वे कांग्रेस के शासनकाल में ही फली–फूलीं।
-निर्मला सीतारमण
केंद्रीय वित्तमंत्री

कन्हैयालाल हत्याकांड में राजस्थान पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए कुछ ही घंटों में हत्यारों को अरेस्ट किया था, फिर पुलिस से केस लेकर केंद्र सरकार ने जांच एनआईए को दे दी। 2022 से आज 2026 तक कन्हैयालाल का परिवार न्याय का इंतजार कर रहा है।
-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# दुनिया से हर साल कहां गुम जाते हैं 80 लाख लोग



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में दिल्ली में 807 लोगों के लापता होने की खबर छपी। इनमें 137 बच्चे और 63 फीसदी महिलाएं तथा लड़कियां शामिल हैं। यह कुल लापता लोगों का बड़ा हिस्सा है। बताया गया कि एक जनवरी से 27 जनवरी तक हर दिन औसतन 27 लोग गायब हुए। इन 807 मामलों में से केवल 235 लोगों का ही अभी तक पता लग सका है। वहीं 538 लोग अब भी लापता हैं, जिनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं लापता लोगों के परिवार भी पुलिस से सहयोग नहीं मिल पाने की शिकायत कर रहे हैं। दिल्ली की इन घटनाओं ने एक बार फिर लापता लोगों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ऐसा नहीं है कि केवल दिल्ली से ही लोग लापता हुए हैं। भारत सहित पूरी दुनिया में हर साल लापता लोगों के मामले सामने आते हैं।

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूरी दुनिया में हर साल 80 लाख लोग लापता होते हैं, जिनमें से कुछ ही मिल पाते हैं। अधिकतर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाती। कुछ साल पहले मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी दुनिया भर में गायब होने वाले लोगों पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए गहरी चिंता जताई थी। उसका कहना था कि दुनिया में अधिकतर लोगों को जबरन उठा लिया जाता है और उन्हें युद्ध सहित कई अनैतिक कामों में धकेल दिया जाता है। संगठन का कहना है कि सीरिया में साल 2011 से लेकर अब तक लगभग 82,000 लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है। इनमें से अधिकांश लोग सशस्त्र विपक्षी समूहों और खुद को इस्लामिक स्टेट कहने वाले सशस्त्र समूह द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद लापता हो गए हैं। वहीं श्रीलंका में 1980 से लेकर अब तक करीब 60,000 से अधिक लोग गायब हो गए हैं।

अगर इतिहास की बात करें तो अर्जेंटीना में बीसवीं शताब्दी में सामूहिक रूप से लोगों के जबरन गायब किए जाने का सबसे प्रसिद्ध उदाहरण अंतिम तानाशाही थी। 1976-1983 के बीच दक्षिण अमेरिकी देश में सैन्य शासन के दौरान सुरक्षा बलों ने लगभग 30,000 लोगों का अपहरण किया, जिनमें से कई का अभी भी कोई सुराग नहीं लगा है। इस दौरान व्यापक और व्यवस्थित रूप से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ, जिसमें बड़े पैमाने पर यातनाएं और गैर-न्यायिक हत्याएं शामिल थीं। इनमें कुख्यात मौत की उड़ानें भी शामिल थीं, जिनमें पीड़ितों को सैन्य विमानों या हेलीकॉप्टरों से गिराकर मार डाला गया था। दुनिया भर में कई संगठन लंबे समय से गायब होने वाले लोगों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, हालांकि अधिकतर मामलों में ज्यादा कुछ सफलता नहीं मिल पाई है। इतना जरूर है कि कुछ मामलों में जिम्मेदारों को दोषी ठहराने के लिए अभियान चलाया गया। इसके बाद कुछ दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने में सफलता मिली।

असल में जबरन गुम किए जाने के शिकार वे लोग होते हैं, जो सचमुच गायब हो जाते हैं। वे तब लापता हो जाते हैं, जब उन्हें सड़क या उनके घरों से उठा लिया जाता है। अधिकतर मामलों में इनकी गुमशुदगी से इनकार किया जाता है या यह बताने से मना कर दिया जाता है कि वे कहां हैं। कभी-कभी ये गुमशुदगी सशस्त्र गैर-सरकारी तत्वों जैसे सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत यह एक अपराध है। इन लोगों को अक्सर रिहा नहीं किया जाता और उनका क्या हुआ, यह भी अनिश्चित रहता है।

बताया जाता है कि इन लापता लोगों को गलत कामों में धकेल दिया जाता है। लड़कियों को वेश्यावृत्ति में भेज दिया जाता है। बच्चों को चाइल्ड ट्रैफिकिंग में फंसा दिया जाता है। इन लापता लोगों को अक्सर यातनाएं दी जाती हैं। इनमें से कई मारे जाते हैं या फिर मारे जाने के भय में जीते हैं। वे जानते हैं कि उनके परिवार को पता नहीं है कि वे कहां हैं और उनकी मदद की संभावना बहुत कम है। भले ही वे मौत से बच जाएं और रिहा हो जाएं, लेकिन शारीरिक और मानसिक घाव उनके साथ रह जाते हैं।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि जबरन गुमशुदगी एक वैश्विक मुद्दा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे लोगों का इस्तेमाल अक्सर समाज में आतंक फैलाने की रणनीति के रूप में किया जाता है। इससे उत्पन्न असुरक्षा और भय की भावना केवल गुमशुदगी के करीबी रिश्तेदारों तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित करती है। कभी सैन्य तानाशाहों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाने वाली ये गुमशुदगियां अब दुनिया के हर क्षेत्र में और विभिन्न परिस्थितियों में घटित होती हैं। ये आमतौर पर आंतरिक संघर्षों में विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को दबाने की कोशिश कर रही सरकारों या सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती हैं। लापता लोगों के परिवार और मित्र मानसिक पीड़ा से जूझते हैं। उन्हें यह नहीं पता होता कि उनका बेटा या बेटी, मां या पिता जीवित हैं या नहीं। उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उन्हें कहां रखा गया है या उनके साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है।

भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लापता लोगों के मामले सामने आते रहे हैं। हर साल पूरी दुनिया में 80 लाख लोग लापता होते हैं, अधिकतर के बारे में सुराग ही नहीं मिल पाता।

## सोशल फोरम

# "...अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"

छोटा कुर्ता, खुला पायजामा, पांव में कोल्हापुरी, यदा कदा मुंह में बीड़ी, लंबे बिखरे बाल। यह सब एक बाहरी व्यक्तित्व हैं। किंतु जब उनकी जुबां खुलती, "यह आकाशवाणी है, अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"...। खनकदार आवाज, उसमें अजब सा भारीपन, स्पष्ट उच्चारण, हर शब्द का असल असर। पांडेय साहब भारत के सबसे अधिक सुने जाने वाले समाचार वाचक थे।



ललित शर्मा
ब्लॉगर

21 मार्च 1948 से शुरू हुआ उनका समाचार वाचक का करियर 1983 तक चला। पेशे से रंगकर्मी, लेखक, उद्घोषक कानपुर में जन्मे पांडेय साहब देश की आवाज नाम से जाने जाते थे। मौलाना आजाद, लियाकत अली, लाल बहादुर शास्त्री, जवाहर लाल नेहरू, संजय गांधी के मृत्यु समाचार उन्होंने ही पढ़े। ऑल इंडिया रेडियो में कार्यरत पांडेय साहब का दूरदर्शन में भी काफी दखल रहा।

इन्होंने राष्ट्र को भाषा क्या है, के विषय में बताया। सही उच्चारण, कॉमा, पूर्ण विराम, पॉज केवल लिखने के लिए नहीं बोलने में भी महत्वपूर्ण है, बताया। उन्होंने भाषा के लिए नए मानक तय किए।

कहा जाता है कि सुबह आठ बजे जब उनका बुलेटिन शुरू होता था, तो लोग अपनी घड़ियां मिलाते थे। उनकी पाबंदी और उच्चारण (Pronunciation) इतना सटीक था कि उसमें एक सेकंड या एक मात्रा की भी गलती की गुंजाइश नहीं होती थी।

वे इतने विश्वसनीय थे कि संजय गांधी के निधन (1980) के समय, देवकी नंदन पांडेय जी रिटायर हो चुके थे, लेकिन प्रशासन ने विशेष रूप से उन्हें घर से बुल्वाया, क्योंकि उनका मानना था कि इतनी बड़ी और दुखद खबर अगर पांडे जी की भारी आवाज़ में नहीं जाएगी, तो शायद लोगों को यकीन नहीं होगा। आज की तेज़-तर्रार मीडिया के दौर में, देवकी नंदन पांडे की वो 'ठहरी हुई' और 'दमदार' आवाज़ एक सुनहरी याद बनकर रह गई है।

आज के जमाने में समाचार वाचक का कोई खास महत्व नहीं है। समाचार वाचक, एक संदेश वाहक मात्र है। उसका अपना ओपिनियन उसके चेहरे पर नजर नहीं आना चाहिए, आवाज में झलकना नहीं चाहिए। इस युग में अब इसका कोई महत्व नहीं। न्यूज रीडर ही न्यूज बना रहा है, वही हैंडल कर रहा है। न भाषाई शुद्धता है और न ही व्यवहारिक आचरण। युवक आज यही सीख भी रहा है।

-फेसबुक वाल से



## सामयिकी

# नर्सरी से कॉलेज तक दाखिले की युद्धभूमि

आज शिक्षा का अर्थ सीखना नहीं, बल्कि साबित करना हो गया है। साबित करना कि बच्चा बेहतर है, तेज़ है, दूसरों से आगे है और यह साबित करने की ज़िम्मेदारी बच्चे से ज़्यादा उसके माता-पिता के कंधों पर डाल दी गई है। नतीजा यह है कि नर्सरी से लेकर विश्वविद्यालय तक, 'दाख़िला' अब एक सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक तनाव का कारण बन चुका है।

दाख़िले की इस दौड़ में सबसे पहले निशाने पर आता है मासूम बच्चा। वह उम्र, जब खेलना, कल्पना करना और सवाल पूछना चाहिए, उसी उम्र में उसे फ़ॉर्म, इंटरव्यू, टेस्ट और रैंक के बोझ तले दबा दिया जाता है। नर्सरी एडमिशन के नाम पर माता-पिता छुट्टियां लेते हैं, स्कूल-दर-स्कूल भटकते हैं, सिफ़ारिशें ढूंढते हैं और कई बार आत्मसम्मान तक गिरवी रख देते हैं। यह सब इसलिए नहीं कि बच्चा सीख सके, बल्कि इसलिए कि वह 'अच्छे स्कूल' का टैग हासिल कर सके।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

आज शिक्षा संस्थान ज्ञान के मंदिर कम और प्रतिस्पर्धी बाज़ार ज़्यादा बनते जा रहे हैं। अख़बारों में 'मिशन एडमिशन' जैसे शब्द आम हो चुके हैं। टीवी चैनलों पर दाख़िले को लेकर बहसें होती हैं, कोचिंग संस्थान भविष्य की गारंटी बेचते हैं और स्कूल-कॉलेज अपनी ब्रांड वैल्यू चमकाने में लगे रहते हैं। इस पूरे तंत्र में बच्चा एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक प्रोजेक्ट बन जाता है, जिसे हर हाल में सफल दिखाना ज़रूरी है।

कभी 60–65 प्रतिशत अंक लाना सम्मान की बात हुआ करती थी। सेकंड डिविज़न जीवन की हार नहीं मानी जाती थी। आज हालात यह हैं कि 90 प्रतिशत से नीचे अंक लाने वाला बच्चा और उसके माता-पिता अपराधबोध में जीते हैं। 95–96 प्रतिशत अंक लाने वालों को भी चैन नहीं है, क्योंकि कट-ऑफ़ हर साल नई ऊंचाई छू रहा है। ऐसा लगता है मानो अंकों की इस दौड़ का कोई अंत ही नहीं।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब ज़्यादातर बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक ला रहे हैं, तो क्या वास्तव में सब असाधारण प्रतिभाशाली हैं? या फिर मूल्यांकन प्रणाली ही अपना संतुलन खो चुकी है? शिक्षा का उद्देश्य समझ विकसित करना था, लेकिन वह अब अंकों और रैंक के गणित में सिमट कर रह गया है। ज्ञान से ज़्यादा प्रदर्शन मायने रखता है, और प्रदर्शन से ज़्यादा उसका प्रचार।

इस पूरी प्रक्रिया का सबसे भयावह पहलू है बच्चों पर पड़ने वाला मानसिक दबाव। परीक्षा, इंटरव्यू और चयन की अनिश्चितता बच्चे के भीतर डर और असुरक्षा पैदा करती है। असफलता की स्थिति में पहला सवाल यही होता है— "अब क्या होगा?" यह सवाल सिर्फ़ भविष्य का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी होता है। बच्चा यह मानने लगता है कि उसकी असफलता उसके माता-पिता की हार है। यह भाव उसके आत्मविश्वास को गहरे तक चोट पहुंचाता है।

विडंबना यह है कि माता-पिता भी इस दबाव के शिकार हैं। समाज ने उनके सामने सफलता की एक संकीर्ण परिभाषा रख दी है- टॉप स्कूल, टॉप कॉलेज और टॉप करियर। वे यह सोचने से डरते हैं कि अगर उनका बच्चा इस तय ढांचे में फिट नहीं हुआ, तो लोग क्या कहेंगे। परिणामस्वरूप वे बच्चे की रुचि, क्षमता और स्वभाव को नज़रअंदाज़ कर देते हैं।

शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त असमानता इस समस्या को और गंभीर बना देती है। जिनके पास संसाधन हैं, वे महंगी कोचिंग, प्राइवेट स्कूल और मैनेजमेंट कोटा खरीद सकते हैं, लेकिन मध्यम और निम्न वर्ग के बच्चों के लिए यह दौड़ कहीं ज़्यादा कठिन है। योग्यता के बावजूद अवसर न मिलना, व्यवस्था पर से भरोसा तोड़ देता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



हिन्दू पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि हर साल फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष यह पावन पर्व 15 फरवरी रविवार को है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पावन पर्व भगवान शिवजी को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव के भक्त उनकी कृपा पाने के लिए उनकी विधि-विधान के साथ पूजा आराधना करते हैं। इस दिन रात्रि पूजन भी किया जाता है, लेकिन इससे महत्वपूर्ण चार पहर की पूजा होती है। मान्यता है कि चार पहर की पूजा करने से व्यक्ति जीवन के पापों से मुक्त हो जाता है तथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा संध्या काल से शुरू होकर अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त तक की जाती है। सामान्य गृहस्थ को महाशिवरात्रि के दिन शुभ और मनोकामना पूर्ति के लिए सुबह और संध्या काल में शिव की आराधना करनी चाहिए।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक, ज्योतिषाचार्य

# महाशिवरात्रि

## देवों के देव महादेव की आराधना का पर्व

### समग्रता के प्रतीक शिव

भगवान शिव का व्यक्तित्व एवं स्वरूप समग्रता का प्रतीक है यह उनके जीवन का वह दर्शन प्रदान करता है, जो मनुष्य को उसके व्यक्तित्व के उच्चतम शिखर तक ले जाता है। भगवान शिव का यह चरित्र मानवीय जीवन के उच्चतम आदर्शों की पराकाष्ठा है। महादेव गृहस्थ भी हैं और वीतरागी आदियोगी भी, उनका यह गुण संदेश देता है कि योग के मार्ग पर चलने के लिए ईश्वर की भक्ति के लिए संसार त्याग आवश्यक नहीं है। त्याग तो स्वयं की दुष्प्रवृत्तियों का, आसत्ति व अहंकार का करना चाहिए ताकि अंतःकरण को योग के अनुकूल बनाया जा सके। कैलाशवासी भगवान शिव एक ओर तो परम पवित्र हिमालय में तपस्या में लीन रहते हैं, तो दूसरी ओर भूतगणों के साथ श्मशान में निवास करते भी माने जाते हैं। इसका व्यावहारिक आशय यह है कि पवित्र और श्रेष्ठ के संपर्क में रहना श्रेयकर है, किंतु घृणित और पापी किसी को नहीं समझा जाना चाहिए। सब परमात्मा की ही संतान हैं एवं वे स्वयं सबको बराबर स्नेह करते हैं। शिव यहां सम्यक दृष्टि व मैत्री की शिक्षा देते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन शिवजी पहली बार प्रकट हुए थे। शिव का प्राकट्य ज्योतिर्लिंग यानी अग्नि के शिवलिंग के रूप में था। ऐसा शिवलिंग जिसका न तो आदि था और न अंत। बताया जाता है कि शिवलिंग का पता लगाने के लिए ब्रह्माजी हंस के रूप में शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग को देखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। वह शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग तक पहुंच ही नहीं पाए। दूसरी ओर भगवान विष्णु भी वराह का रूप लेकर शिवलिंग के आधार ढूंढ रहे थे, लेकिन उन्हें भी आधार नहीं मिला।

### शिव और शक्ति मिलन


महाशिवरात्रि को पूरी रात शिवभक्त अपने आराध्य के लिए जागरण करते हैं। शिवभक्त इस दिन शिवजी की शादी का उत्सव मनाते हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि को शिवजी के साथ शक्ति की शादी हुई थी। इसी दिन शिवजी ने वैराग्य जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। शिव जो वैरागी थे, वह गृहस्थ बन गए। माना जाता है कि शिवरात्रि के 15 दिन पश्चात होली का त्योहार मनाने के पीछे एक कारण यह भी है। इसलिए महाशिवरात्रि हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों एवं भगवान शिव के उपासकों का एक मुख्य त्योहार है। मान्यता यह भी है कि इस दिन भगवान शिव की सेवा में दान-पुण्य करने व शिव उपासना से उपासक को मोक्ष मिलता है। शिवरात्रि के पर्व पर जागरण का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा है कि एक बार पार्वतीजी ने भगवान शिवशंकर से पूछा, 'ऐसा कौन-सा श्रेष्ठ तथा सरल व्रत-पूजन है, जिससे मृत्युलोक के प्राणी आपकी कृपा सहज ही प्राप्त कर लेते हैं?' उत्तर में शिवजी ने पार्वती को 'महाशिवरात्रि' के व्रत का उपाय बताया। चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिव हैं। अतः ज्योतिष शास्त्रों में इसे परम शुभफलदायी कहा गया है। वैसे तो शिवरात्रि हर महीने में आती है, परंतु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही महाशिवरात्रि कहा गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य देव भी इस समय तक उत्तरायण में आ चुके होते हैं तथा ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यंत शुभ कहा गया है।

### पूजा से शांत होते हैं कुंडली के दोष

महाशिवरात्रि में शिवलिंग की पूजा करने से जन्मकुंडली के नवग्रह दोष तो शांत होते हैं विशेष करके चंद्रजनित दोष जैसे मानसिक अशान्ति, मां के सुख और स्वास्थ्य में कमी, मित्रों से संबंध, मकान-वाहन के सुख में विलम्ब, हृदयरोग, नेत्र विकार, चर्म-कुष्ट रोग, नजला-जुकाम, स्वांस रोग, कफ-निमोनिया संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है और समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ती है। सुहागिन महिलाओं को इसदिन मां पार्वती को श्रृंगार हेतु मेंहदी चढ़ानी चाहिए और पुरुषों को पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से स्नान कराकर बेलपत्र पर अष्टगंध, कुमकुम अथवा चंदन से राम-राम लिखकर 'ॐ नमः शिवाय करालं महाकाल कालं कृपालं ॐ नमः शिवाय' कहते हुए शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। साथ ही भांग, धतूरा और मंदार पुष्प तथा गंगाजल भी अर्पित हुए काल हरो हर, कष्ट हरो हर, दुःख हरो, दारिद्रय हरो, नमामि शंकर भजामि शंकर शंकर शंभो तव शरणं। मंत्र से प्रार्थना करनी चाहिए।



## समस्त सृष्टि के स्वामी शिव



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

देवों के देव महादेव, भूतभावन, व्योमकेष, जीवों का परम कल्याण करने वाले भगवान आषुतोश भोले भंडारी के परम उत्सव पर अपनी लेखनी को पवित्र करने का लेख संवरण नहीं कर पा रहा हूं। शिवरात्रि हिन्दुओं के सबसे पवित्र त्योहारों मे से एक है। शिव ही समस्त सृष्टि के स्वामी हैं। भूतभावन भगवान शंकर ही इस चराचर जगत के समस्त प्राणियों (मनुश्य, पशु, पक्षी, देव, दानव) को इस धरा पर अस्तित्व प्रदान करते हैं। वे ही आदि हैं और वे ही अंत हैं। भूत का तात्पर्य केवल भूत-प्रेत आत्माओं से नहीं है, बल्कि भूत का मूल अर्थ, जो इस धरा पर उत्पन्न हुआ है, अर्थात पंचभूत से बना हर जीव भूत है। भावनः का तात्पर्य है-इनका पालन करने वाला एवं इनका कल्याण करने वाला।



बाबा विश्वनाथ के इस पर्व को मनाने के पीछे कई कथाएं प्रचलित हैं। शिव पुराण में महाशिवरात्रि का विस्तार से वर्णन किया गया है। शिव पुराण के रुद्र संहिता (पार्वती खंड) में भगवान शिव के पार्वती से विवाह उत्सव का वर्णन मिलता है। बसंत पंचमी के बाद आने वाला यह पर्व प्रकृति के अत्यंत सुंदर मनभावन स्वरूप के समय मनाया जाता है। यहां शिव को चेतना एवं शक्ति को ऊर्जा (शक्ति) के योग का उत्सव भी माना जाता है। शिवरात्रि में आध्यात्मिक रूप यदि देखा जाए तो शिव का अर्थ है-कल्याण और रात्रि का अर्थ है विश्राम अथवा अंधकार। महाशिवरात्रि का यह पर्व अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर आत्मज्ञान के प्रकाश की और बढ़ने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

महाशिवरात्रि को मनाने के पीछे दूसरी पौराणिक गाथा का वर्णन समुद्र मंथन और विशपान से जुड़ा है। समुद्र मंथन के समय जब हलाहल नामक विष समुद्र से निकला, तो उसे ग्रहण करने को सुर-असुरों में से कोई भी तैयार नहीं हुआ, ऐसे समय में भगवान शिव ने इस हलाहल को पीकर अपना नाम नीलकंठ चरितार्थ किया। इसी उपकार के कारण भी आभार स्वरूप भक्त लोग इस व्रत को रखते हैं और शिवरात्रि का पर्व मनाते हैं। महाशिवरात्रि को उपवास रखने का नियम है, जिसका तात्पर्य है, हमें अपनी इन्द्रियों पर संयम रखना चाहिए। रात्रि जागरण करके हम अज्ञान से जागरण की शिक्षा प्राप्त करते हैं। बेल पत्र को शिवलिंग पर अर्पण करने का तात्पर्य त्रिगुणों पर विजय है।

## पौराणिक कथा

### विधि का लेख



एक बार भगवान विष्णु गरुड़ पर आरूढ़ होकर कैलाश पर्वत पहुंचे। द्वार पर गरुड़ को छोड़कर वे स्वयं महादेव से मिलने भीतर चले गए। गरुड़ बाहर खड़े कैलाश की अलौकिक प्राकृतिक शोभा को निहार रहे थे। हिमशिखरों की दिव्यता, मंद समीर और दिव्य शांति उन्हें मंत्रमुग्ध कर रही थी। तभी उनकी दृष्टि एक अत्यंत सुंदर, नन्हीं-सी चिड़िया पर पड़ी। वह इतनी कोमल और आकर्षक थी कि गरुड़ का मन अनायास ही उसी में उलझ गया। उसी क्षण यमराज कैलाश पधारे। भीतर जाने से पहले उन्होंने उस चिड़िया को एक गहरी और आश्चर्यपूर्ण दृष्टि से देखा।

गरुड़ यह संकेत समझ गए। उन्हें आभास हो गया कि उस चिड़िया की मृत्यु निकट है और यमराज कैलाश से लौटते समय उसे अपने साथ ले जाएंगे। करुणा से भरकर गरुड़ का हृदय द्रवित हो उठा। वे इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरते हुए नहीं देख सके। उन्होंने उसे अपने पंजों में सहेजा और कैलाश से हजारों कोस दूर एक निर्जन वन में, एक ऊंची चट्टान पर सुरक्षित छोड़ दिया। इसके बाद वे पुनः कैलाश लौट आए। जब यमराज बाहर आए, तो गरुड़ ने विनम्रतापूर्वक पूछा-"प्रभु, आपने उस छोटी-सी चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी दृष्टि से क्यों देखा था?"

यमराज बोले- "गरुड़, जब मैंने उस चिड़िया को देखा, तब मुझे ज्ञात हुआ कि कुछ ही क्षणों बाद वह यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा निगल ली जाएगी। मैं इसी बात पर विचार कर रहा था कि वह इतनी अल्प अवधि में इतनी दूर कैसे पहुंचेगी? पर अब वह यहां नहीं है, तो निश्चय ही उसका अंत हो चुका होगा।" यह सुनकर गरुड़ को सत्य का बोध हो गया। वे समझ गए कि मृत्यु को टाला नहीं जा सकता, चाहे कितनी ही चतुराई क्यों न कर ली जाए। इसीलिए परमात्मा कहते हैं-"तू करता वही है, जो तू चाहता है, पर होता वही है, जो मैं चाहता हूं। तू वही कर, जो मैं चाहता हूं- फिर होगा वही, जो तू चाहेगा।"

## सोमनाथ और घटता-बढ़ता चंद्रमा

चंद्रमा बहुत सुंदर था। उसकी सुंदरता के चर्चे सर्वत्र होते थे। चंद्रमा की सुंदरता पर मोहित होकर दक्ष प्रजापति की सत्ताइस पुत्रियों ने उससे विवाह कर लिया था। कुछ दिन हंसी-खुशी में व्यतीत हुए फिर चन्द्रमा रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों से नाराज रहने लगा। एक दिन तो उसने हद ही कर दी। रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों को उसने महल से निकाल दिया। अपमानित दक्ष पुत्रियों ने मायके जाकर अपने पिता दक्ष प्रजापति से रो-रोकर अपनी व्यथा सुनाई। दक्ष ने चन्द्रमा को बुलाकर समझाया पर चन्द्रमा नहीं माना। उसने दक्ष प्रजापति को उल्टे बहुत भला-बुरा कहा। इस पर दक्ष प्रजापति को गुस्सा आ गया। उन्होंने चन्द्रमा को शाप दे दिया- 'तुम्हें अपने रूप-सौंदर्य का बड़ा गर्व है, जा तुझे क्षय रोग हो जाएगा। तू- कांतिहीन हो जाएगा। दक्ष के शाप से छुटकारे के लिए चन्द्रमा ने भोले शंकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। शिव प्रसन्न हुए और चन्द्रमा से वर मांगने को कहा। चन्द्रमा ने शिव को सारी घटना बताई और श्राप से मुक्त होने का वर मांगा। शिव बोले- वत्स, मैं दक्ष के श्राप को समाप्त तो नहीं करूंगा, पर उसे कम करके लगभग निष्प्रभावी कर दूंगा। अब महीने के पहले पन्द्रह दिन तुम दक्ष के श्राप से क्षय रोग से ग्रसित रहोगे, प्रतिदिन घटते रहोगे। पर शेष 15 दिन तुम दक्ष के श्राप से मुक्त होकर तुम कांतिवान होकर बढ़ते रहोगे। दक्ष के श्राप से तुम अमावस्या को क्षय रोग से पूर्णतः ग्रसित होगे, जबकि पूर्णिमा को पूर्ण रूप से मुक्त होकर तुम विश्व को मोहित करोगे। तुम्हारी 27 पत्नियों के नाम अब तुम्हारे साथ जुड़कर अमर हो जाएंगे। ये सभी नक्षत्र मंडल में होंगी।



तब से चन्द्रमा क्षय रोग से ग्रसित हो गया। दक्ष के श्राप के कारण वह प्रत्येक मास पहले पक्ष में पहले क्षय रोग के कारण धीरे-धीरे घटता रहता है और अमावस्या को लोप हो जाता है। इसे कृष्ण पक्ष कहते हैं। शिव के वरदान के कारण अमावस्या के बाद चन्द्रमा क्षय रोग से धीरे-धीरे मुक्त होता रहता है और पूर्णिमा को पूर्ण मुक्त हो जाता है। इसे शुक्ल पक्ष कहते हैं। पूर्णिमा के चांद की सुंदरता की तुलना सदियों से मनुष्यों द्वारा की जाती रही है। कहते हैं कि गुजरात के प्रभाष पाटन क्षेत्र में जहां चन्द्रमा ने भगवान शिव की पूजा की थी, वहां उसने महादेव शिव का भव्य मंदिर बनवाया था, जो सोमनाथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज भी प्रभाष क्षेत्र (गुजरात) में सोमनाथ का मंदिर हैं, जहां लाखों लोग भगवान शिव के दर्शन को जाते हैं। यहां पर पिंड दान भी किया जाता है और महाशिवरात्रि, भादौ, कार्तिक तथा चैत्र के महीने में मेला भी लगता है।




शिवचरण चौहान
लेखक

## बोधकथा

### विवेक और उदारता

विनीता संस्कारों की छाया में पली-बढ़ी एक सुलझी हुई बेटी थी। उसका स्वभाव उतना ही विनम्र था जितना उसका नाम। बड़ों का आदर, सेवा-भाव और अनुशासित जीवन उसकी दिनचर्या का हिस्सा थे। पढ़ाई के साथ-साथ वह दूसरों के काम आने को भी अपना कर्तव्य मानती थी। इसी सहजता और सरलता के कारण वह जहां जाती, लोगों के मन में जगह बना लेती। भाग्य ने उसे ऐसे परिवार की बहू बना दिया, जहां धन तो बहुत था, पर दान और करुणा का अभाव था। उस घर में संपत्ति को केवल भोगने और बढ़ाने की सोच थी, बांटने की नहीं। धर्म और पुण्य की बातें वहां केवल शब्द बनकर रह गई थीं। एक दिन घर के द्वार पर एक वृद्ध आया, कमज़ोर, भूखा और बेसहारा। विनीता ने उसे देखा और जो घर में उपलब्ध था, वही उसे दे दिया, सूखी, बासी रोटी। वृद्ध ने उसे हाथ में लेकर कहा- "बेटी, यह मुझसे नहीं खाई जाएगी।" विनीता ने बिना किसी कटुता के उत्तर दिया- "बाबा, इस घर में ऐसा ही भोजन होता है।"

वहीं खड़े उसके श्वसुर यह सुनकर चौंक पड़े। वे बहू के व्यवहार से सदा प्रसन्न रहते थे। उन्होंने पूछा- "बेटी, तुम ऐसा क्यों कह रही हो?" विनीता ने शांत स्वर में कहा- "पिताजी, मैंने इस घर में यही देखा है कि जो धन पूर्व पुण्य से मिला है, उसे केवल संजोया और भोगा जाता है। दान, सेवा और धर्म का आचरण यहां दिखाई नहीं देता।" उसके शब्दों ने श्वसुर के मन को झकझोर दिया।



उन्हें पहली बार अपनी भूल स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उसी क्षण उन्होंने बहू को उचित कार्य करने की अनुमति दी। विनीता ने तुरंत उस वृद्ध को सम्मानपूर्वक अच्छा भोजन कराया, उससे स्नेह से बातें कीं और उसके जीवन के बारे में जाना। उसे सच्चरित्र पाकर घर के पास ही रहने की व्यवस्था कर दी। कुछ समय बाद वृद्ध बीमार पड़ा। अल्प समय में ही, ईश्वर का स्मरण करते हुए, आत्मा की शुद्धता का चिंतन करते हुए, सबके प्रति क्षमाभाव रखकर वह शांतिपूर्वक इस संसार से विदा हो गया। उसका जीवन एक मौन संदेश छोड़ गया- धन की कमी मनुष्य को केवल परेशान करती है, पर धन की अधिकता यदि विवेक से रहित हो जाए, तो वही धन मनुष्य को अहंकार, विलास और निर्दयता की ओर ले जाकर उसके पतन का कारण बन जाता है।

## आधुनिक युग में माता सीता की प्रासंगिकता और नारी सम्मान


भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक चेतना में माता सीता केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण, धैर्य, करुणा, असीम पवित्रता और नारी मर्यादा की ऐसी जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो युगों-युगों से नारी शक्ति को परिभाषित करती आई हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी ही कठिन क्यों न हों, यदि मन में धर्म, संयम और आत्मविश्वास अडिग हो, तो जीवन की हर अग्निपरीक्षा सार्थक बन जाती है। माता सीता का व्यक्तित्व स्त्री चेतना का वह स्वरूप प्रस्तुत करता है, जिसमें सौम्यता के साथ अडिग शक्ति का संतुलन दिखाई देता है।



श्वेता गोयल
लेखिका

माता सीता के प्राकट्य की कथा भारतीय परंपरा की सबसे दिव्य और अर्थपूर्ण कथाओं में से एक है। रामायण के अनुसार मिथिला में एक समय भयंकर अकाल पड़ा था। ऋषियों के परामर्श पर मिथिला के राजा जनक ने स्वयं हल चलाने का संकल्प लिया, जिससे धरती माता प्रसन्न हों और वर्षा हो। जब राजा जनक खेत जोत रहे थे, तब हल का अग्र भाग, जिसे 'सीत' कहा जाता है, धरती में गड़े एक स्वर्ण कलश से टकराया। उस कलश से एक दिव्य, तेजस्वी और अनुपम सौंदर्य से युक्त कन्या प्रकट हुई। निःसंतान राजा जनक ने उसे ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार किया। हल के अग्र भाग से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम सीता पड़ा, राजा जनक की पुत्री होने के कारण वे जानकी कहलाईं और धरती से जन्म लेने के कारण भूमिजा। इस प्रकार माता सीता का जन्म स्वयं प्रकृति और धर्म के पवित्र मिलन का प्रतीक बन गया।

माता सीता का संपूर्ण जीवन त्याग, सहनशीलता और आत्मबल की जीवंत मिसाल है। राजमहल की सुख-सुविधाओं को छोड़कर वनवास स्वीकार करना, अपहरण, अकेलापन, लोकापवाद और कठोर परीक्षाओं को सहन करना-इन सबके बावजूद उन्होंने अपने चरित्र, आत्मसम्मान और धर्म से कभी समझौता नहीं किया। वे केवल भगवान राम की अर्धांगिनी नहीं थीं, बल्कि उनके धर्मपथ की सहचरी और नैतिक शक्ति भी थीं। उनका जीवन यह दर्शाता है कि नारी शक्ति मौन सहनशीलता नहीं, बल्कि मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता है।



माता सीता को आदर्श पत्नी, पुत्री और स्त्री के रूप में देखा जाता है, लेकिन उनकी भूमिका इन पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे जाती है। वे संबंधों में समर्पण के साथ आत्मसम्मान का संतुलन स्थापित करती हैं। उनका आचरण यह सिखाता है कि प्रेम में भी स्वाभिमान आवश्यक है और त्याग का अर्थ आत्मविस्मरण नहीं होता। यही कारण है कि माता सीता आज भी पारिवारिक जीवन, सामाजिक संरचना और नैतिक मूल्यों की आधारशिला मानी जाती हैं।

भारतीय परंपरा में माता सीता को लक्ष्मी स्वरूप भी माना गया है-सुख, समृद्धि और स्थायित्व का प्रतीक। उनके व्यक्तित्व में बाहरी वैभव से अधिक आंतरिक समृद्धि का महत्व दिखाई देता है। यही संदेश आज के उपभोक्तावादी और भौतिकतावादी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। स्त्री को केवल सहनशील या त्यागमूर्ति के रूप में नहीं, बल्कि सृजन, संतुलन और सामाजिक शक्ति के केंद्र के रूप में देखने की दृष्टि माता सीता के जीवन से ही विकसित होती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, मानसिक तनाव और रिश्तों में बढ़ती जटिलताओं के बीच माता सीता का जीवन आत्मचिंतन की प्रेरणा देता है। वे सिखाती हैं कि धैर्य कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। जब मन स्थिर होता है, तो निर्णय स्पष्ट होते हैं और रिश्तों में मधुरता स्वतः विकसित होती है। यही कारण है कि आज भी ग्रामीण समाज से लेकर महानगरों तक, माता सीता का नाम पारिवारिक शांति और सामाजिक संतुलन से जुड़ा हुआ है।

माता सीता की आराधना केवल बाह्य पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके गुणों-संयम, करुणा, आत्मबल और सत्यनिष्ठा-को जीवन में उतारने का संकल्प है। यदि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, चाहे वह परिवार हो, समाज हो या व्यक्तिगत संघर्ष, तो जीवन की कठिन से कठिन राह भी सहज और अर्थपूर्ण बन सकती है। जिस प्रकार उन्होंने अशोक वाटिका में रहते हुए भी अपने आत्मसम्मान और धैर्य को अडिग रखा, वह हर युग के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। आज के समय में, जब नारी सम्मान, मानसिक संतुलन और संवेदनशील रिश्तों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है, माता सीता का जीवन हमें सच्ची शक्ति का अर्थ समझाता है-वह शक्ति जो भीतर से आती है और पूरे समाज को दिशा देती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,065.75 | 25,867.30 |
| बढ़त | 485.35 | 173.60 |
| प्रतिशत में | 0.58 | 0.68 |

सोना 1,58,500 0
प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000
प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, मंगलवार, 10 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2125, सचिन 2120, सूरज 2125, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1975, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2320, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2565

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4460, बहेड़ी 4300

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4400, मसूरी- 1400, बासमती- 8000-9200, परमल- 2700-3600

**दाल दलहन :** काला चना- 2800-4200, साबुत चना दाल- 1400, मूंग साबुत- 5400, राजमा- 9400-11000, दाल उड़द- 7400, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 1400, उड़द साबुत- 10500, काबुली चना- 7500-10200, अरहर दाल- 10300 -12000, लोबिया/करमानी- 2800-4100

# भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता

## भारत पर लगा शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश की तुलना में कम



- **समझौते के अनुसार अमेरिका भारत पर लगाए जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिए जाने से घरेलू निर्यातकों को शुल्क के मोर्चे पर तत्काल निश्चितता और बेहतर समझ मिलेगी। अमेरिका इस पेश रूपरेखा के अनुसार भारत पर लगाए जाने वाले जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। इससे पहले वह रूसी कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा चुका है। भारत पर लगाया शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे कम है।

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार रुद्र कुमार पांडे ने कहा कि यह रूपरेखा हालिया शुल्क युक्तिकरण पर अत्यंत आवश्यक परिचालन स्पष्टता प्रदान करती है। रूपरेखा स्पष्ट रूप से पुष्टि करती है कि वस्त्र एवं परिधान, चमड़ा एवं जूते, प्लास्टिक व रबर, कार्बनिक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद तथा चयनित मशीनरी क्षेत्रों सहित कई प्रमुख भारतीय निर्यात क्षेत्रों पर 18 प्रतिशत की जवाबी शुल्क दर लागू होगी।

निर्यातकों के लिए यह रूपरेखा निश्चितता और बेहतर समझ प्रदान करती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 18 प्रतिशत शुल्क भारत को बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया और चीन जैसे प्रतिस्पर्धी निर्यातकों की तुलना में सापेक्ष लाभ की स्थिति में रखता है। इन देशों पर अमेरिकी शुल्क अपेक्षाकृत अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों के लिए बाजार हिस्सेदारी में क्रमिक वृद्धि की उचित संभावना है। ऊर्जा, विमान एवं विमान कलपुर्जों, पूंजीगत वस्तुओं तथा प्रौद्योगिकी उत्पादों सहित पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान की खरीद की भारत की घोषित मंशा को बुनियादी ढांचा विस्तार, विमानन वृद्धि और डिजिटल अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप रणनीतिक आयात प्रतिबद्धता के रूप में देखा जाना चाहिए।

### गैर-शुल्क बाधाओं के हटने से बढ़ेगा मुक्त व्यापार

डेलॉयट इंडिया के साझेदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने पर ध्यान देने से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति में यह समग्र रूप से एक अत्यंत सकारात्मक विकास है और इससे भारतीय निर्यातकों को तात्कालिक तथा दीर्घकालिक दोनों ही अवधि में लाभ होगा। फ्लोरेंस शू कंपनी के चेयरमैन एवं ग्रैंड अटलांटिया पनपक्कम एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अकील पनारुना ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के जूता एवं चमड़ा क्षेत्र के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। पहले भारतीय जूता निर्यात पर अमेरिका में 50% तक शुल्क था जिससे प्रतिस्पर्धात्मकता एवं दीर्घकालिक सोर्सिंग प्रभावित थी। नए समझौते से शुल्क युक्तिकरण, बाजार पहुंच की बहाली और भारतीय निर्माताओं को आत्मविश्वास के साथ निर्यात बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। हम तमिलनाडु में अपने 2,500 करोड़ रुपये के संयुक्त उद्यम का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। इसमें हमारे ताइवानी साझेदार शामिल हैं जो दुनिया के दूसरे एथलेटिक फुटवियर उत्पादकों में से हैं। निर्माणाधीन इकाई के अप्रैल तक पूरे होने की उम्मीद है। भविष्य में भी निवेश की योजना है और परिवार संचालित चमड़ा कारोबार का विस्तार जारी रहेगा।

# 2026-27 में जीडीपी रहेगी 6.4% : मूडीज

- **रेटिंग एजेंसी ने जी-20 देशों में तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताया**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आगामी वित्त वर्ष में 6.4% रहने का अनुमान है जो घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में ये बात कही।

मूडीज ने बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी रहेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है। इसके बावजूद, बैंकों के पास ऋण नुकसान को झेलने के लिए पर्याप्त भंडार है। मजबूत व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और संरचनात्मक सुधारों के समर्थन से 2026 में बैंकों के लिए परिचालन माहौल मजबूत रहेगा। 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 6.4% रहेगी जो मजबूत घरेलू खपत एवं नीतिगत उपायों से सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का युक्तिकरण और इससे पहले व्यक्तिगत आयकर की सीमा बढ़ाए जाने से उपभोक्ताओं की वहन क्षमता सुधरेगी एवं खपत आधारित वृद्धि को समर्थन मिलेगा। 2026-27 के लिए मूडीज का यह अनुमान वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में जताई गई 6.8-7.2 प्रतिशत की सीमा से कम है।

### 2025-26 में वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना

आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत की वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना है जो 2024-25 में दर्ज 6.5% से अधिक है। मूडीज ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने और वृद्धि की गति मजबूत बने रहने से वह उम्मीद करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 2026-27 में मौद्रिक नीति में और ढील तभी देगा, जब आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिलेंगे। आरबीआई ने 2025 में अपनी नीतिगत दर में 1.25% की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया है। मूडीज के अनुसार, समूची बैंकिंग प्रणाली में ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2026-27 में मामूली बढ़कर 11-13% रह सकती है जो 2025-26 में अब तक 10.6% रही है।



# पीएसबी का लाभ 18% बढ़कर 52,603 करोड़

- **एसबीआई का 52,603 करोड़ के लाभ में 40% का योगदान**

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 52,603 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभ कमाया है। यह सालाना आधार पर 18% की वृद्धि है।

सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) ने मिलकर 2024-25 की दिसंबर तिमाही में 44,473 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के मुकाबले लाभ में कुल मिलाकर 8,130 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। एसबीआई ने अकेले 52,603 करोड़ के कुल लाभ में 40% का योगदान दिया। स्टेट बैंक का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 21,028 करोड़ रुपये रहा।

# भारत-अमेरिका समझौते से सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

- **बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन**

मुंबई, एजेंसी

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उत्साह और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।



बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक बढ़कर 84,065.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 734.28 अंक चढ़ा था। वहीं, एनएसई निफ्टी 173.60 अंक बढ़कर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में एसबीआई, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, सन फार्मा और एशियन पेंट्स में तेजी हुई। पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.31 और मिडकैप 1.27 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक सबसे अधिक 2.83 प्रतिशत चढ़ा।

# आयकर कानून का नया नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम

- **मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किए जाने की उम्मीद, नियमों की संख्या 35% घटाकर की 333, फॉर्म संख्या में 50% की कटौती**

नई दिल्ली, एजेंसी

नये आयकर कानून के लिए जारी नियमों का मसौदा एवं फॉर्म को काफी सरल बनाया गया है। इसमें नियमों की संख्या 35 प्रतिशत घटाकर 333 कर दी गई है जबकि फॉर्म की संख्या में 50% से अधिक की कटौती की गई है। इस पहल का मकसद करदाताओं के लिए प्रावधानों को सरल बनाना, अनुपालन बोझ को कम करना और व्यवस्था को करदाताओं के अनुकूल बनाना है।

आयकर विभाग के सूत्रों ने कहा कि नये मसौदा नियम और फॉर्म पर लोगों के सुझाव आने के बाद इसे मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कर विभाग ने बीते सप्ताह शनिवार को नये आयकर कानून, 2025 के तहत नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किये थे। आयकर विभाग ने 22 फरवरी तक आयकर नियम, 2026 के मसौदा नियम और फॉर्म पर संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। नया आयकर कानून, 2025 एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

# नकद जमा में पैन के उल्लेख को लेन-देन सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव

- **सीबीडीसी को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर किया शामिल**

**नई दिल्ली।** आयकर नियम के मसौदे में बैंकों में नकद जमा/निकासी, गाड़ी व संपत्ति खरीदने और होटल बिल भुगतान के लिए पैन का उल्लेख करने को लेकर लेन-देन सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव है।

मसौदे में नियोक्ताओं द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का मूल्य बढ़ाने और क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए कर विभाग के साथ जानकारी साझा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव है। इसमें केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर भी शामिल किया गया है। मसौदा नियम में आवास किराया भत्ते (एचआरए) का दावा करने के मकसद से बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को शामिल करने

## राष्ट्रीय

# राहुल को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति

## लोकसभा : कांग्रेस सदस्यों के हंगामे से सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए की गई स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी



- **राहुल गांधी का दावा- लोस अध्यक्ष ने अपनी बात रखने की अनुमति देने का किया वादा**



- **संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू बोले- कांग्रेस नेता की बात सही नहीं अध्यक्ष ने विषय बताने को कहा**

लोकसभा में बजट पर चर्चा से पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अन्य विषय पर आसन से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बीच कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बजट पर चर्चा से पहले अपनी बात रखने की अनुमति देने का वादा किया है, वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि कांग्रेस नेता की बात सही नहीं है और अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता से कहा था कि पहले वह विषय बताएं जो वह सदन में उठाना चाहते हैं।

दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम पुकारा। थरूर ने उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की अनुमति मांगी। पीठासीन सभापति ने कहा कि यदि नेता प्रतिपक्ष बजट पर चर्चा में भाग लेना चाहते हैं तो वह बात रख सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ देर पहले लोकसभा अध्यक्ष के पास कक्ष में कांग्रेस के सदस्य गए थे और बिरला ने हमें वादा किया था कि मुझे बजट पर चर्चा से पहले बोलने की अनुमति दी जाएगी। लेकिन अब वह पीछे हट रहे हैं। पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि उनके पास किसी तरह का नोटिस नहीं है और वर्तमान स्थिति में वह केवल बजट पर बोलने की अनुमति दे सकती हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की बैठक में वह भी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने पहल की थी कि अगर सभी पक्ष मान जाएं तो सदन चलना चाहिए। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने जब बैठक में कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में कुछ बोलना चाहते हैं तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जब वह विषय बताएंगे, तब अनुमति दी जाएगी, इसलिए राहुल गांधी ने स्पीकर से वादा किए जाने की जो बात कही है वह सही नहीं है। रीजीजू ने कहा कि अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगर वह नेता प्रतिपक्ष को बोलने का अवसर देंगे तो अन्य दलों के नेताओं को भी मौका देंगे और सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री पक्ष रखेंगे। हम सरकार की ओर से हमेशा तैयार हैं।

### बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी में विपक्ष

विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने की तैयारी में है और इसके लिए सदन के सदस्यों के हस्ताक्षर लिए जाने की प्रक्रिया जारी है। सूत्रों ने बताया कि सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत नहीं देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 94सी के तहत यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सदन में की टिप्पणियों को लेकर उन पर कार्रवाई शुरू नहीं करने और कांग्रेस की महिला सांसदों पर बिना साक्ष्य के आरोप लगाने के मामले में भी अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव के लिए नोटिस देने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही लोकसभा में एक वैधानिक प्रस्ताव लाया जा सकता है। विपक्ष प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा के 100 सदस्यों के हस्ताक्षर लेने का प्रयास कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर दो बजे तक करीब 20 सांसदों ने प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए थे तथा 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने के बाद इसे लोकसभा सचिवालय को सौंपा जाएगा।

### राहुल को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भी हंगामा, विपक्ष का बहिर्गमन

लोकसभा में राहुल गांधी को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। प्रश्नकाल शुरू होते ही दोपहर 12 बजे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह मुद्दा उठाया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वह दूसरे सदन में हुई घटनाओं पर चर्चा न करें। खरगे ने कहा कि वह संविधान से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं और संसद दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनी है। उन्होंने कहा कि निचले सदन में नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हालांकि, सभापति ने लोकसभा से संबंधित इस मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी और कहा कि खरगे द्वारा कही कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। सभापति ने प्रश्नकाल की कार्यवाही आगे बढ़ाई, लेकिन खरगे और अन्य विपक्षी नेता बोलने की मांग करते रहे।

# बजट : उच्च सदन में पक्ष विपक्ष आमने सामने

## बजट में पूंजीगत व्यय में कमी का दावा गलत : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

बजट में पूंजीगत व्यय कम करने के कांग्रेस के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा सांसद अरुण सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कमी लाए बिना राजकोषीय घाटे को कम करने की घोषणा की है, जो सराहनीय है। उच्च सदन में आम बजट 2026-27 पर चर्चा में भाग लेते हुए अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में बजट का कुल आकार 16.65 लाख करोड़ था। उन्होंने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की आलोचना को खारिज कर दिया कि बजट में पूंजीगत व्यय को कम किया गया है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि बजट में साढ़े बारह लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय है, जो कांग्रेस नीत सरकार के समय दो से ढाई लाख करोड़ के बीच थी। केंद्र सरकार आगामी वित्त वर्ष में 17.72 करोड़ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खर्च करने जा रही है जबकि 4.5 करोड़ की सब्सिडी दी जाएगी। जीएसटी में सुधार से देशवासियों को एक लाख करोड़ का लाभ हुआ। एक तरफ खर्च बढ़ाना और दूसरी तरफ जीएसटी के माध्यम से लोगों को लाभ देना, उसके बावजूद यदि अगले साल के लिए 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा गया है तो वह वित्त मंत्री की इस बात के लिए अभिनंदन करना चाहते हैं कि किसी भी प्रकार से पूंजीगत व्यय में कटौती नहीं की गयी। इससे पहले बजट 2026-27 पर उच्च सदन में चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस नेता चिदंबरम ने इस बात पर चिंता जतायी थी कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है।

### पूंजीगत व्यय बढ़ाने को कुछ नहीं: चिदंबरम

राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने घटते पूंजीगत व्यय पर चिंता जताते हुए कहा कि आम बजट में इसे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया गया तथा यह एक ऐसा बजट है जिसे भुला दिया जाना चाहिए। उच्च सदन में चिदंबरम ने बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है। 1,44,376 करोड़ के पूंजीगत व्यय में कमी की गयी हैं, जिसमें केंद्र के पूंजीगत व्यय में 25,335 करोड़ तथा राज्यों के पूंजीगत व्यय में 1,19,041 करोड़ रुपये की कमी हुई है।

### बजट वास्तविक स्थिति से बिल्कुल उलट है : विपक्ष

सरकार पर बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने तथा उसके अनुकूल काम न करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के सदस्य ने सोमवार को राज्यसभा में दावा किया कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है। उच्च सदन में बजट 2026-27 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है, शायद इसीलिए इस बजट को खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहा जा रहा है। सपा की जया बच्चन ने कहा कि वह फिल्म उद्योग से आती हैं और यह उद्योग सबसे अधिक आयकर तथा जीएसटी देता है। बजट में इस उद्योग को राहत की उम्मीद थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान ने सरकार से जानना चाहा कि पिछले साल भी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का बजट 46 हजार करोड़ रुपये रखा गया था, इस बार भी इतना ही है जबकि अन्य राज्यों के बजट में 12 से 18 फीसदी की वृद्धि की गई है। आम आदमी पार्टी के डॉ अशोक मित्तल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और इस बजट में विरोधाभास हैं। बजट पर चर्चा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य जी के वासन, बीजू जनता दल के निरंजन बिशी, अन्नाद्रमुक के एम धनपाल और मनोनीत सदस्य मीनाक्षी जैन ने भी हिस्सा लिया। चर्चा अधूरी रही।

# आतंकवाद के आरोपी रहमान की फरीदाबाद जेल में हत्या

- **जम्मू कश्मीर से आए कैदी की रहमान से नीमका जेल में हुई झड़प**
- **फैजाबाद के रहमान पर है अयोध्या विस्फोट की साजिश का आरोप**

फरीदाबाद(हरियाणा), एजेंसी

फरीदाबाद जिले की नीमका जेल में बंद आतंकवाद के आरोपी अब्दुल रहमान की कारागार में झड़प के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जम्मू कश्मीर से इस जेल में स्थानांतरित किए कैदी अरुण चौधरी ने रहमान की हत्या कर दी। जेल में रविवार रात दो कैदियों के बीच विवाद होने के बाद यह घटना हुई।

जम्मू कश्मीर के चौधरी ने रहमान पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले के मिल्कीपुर निवासी रहमान 2025 में अपनी गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद था। उसे गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ता और हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने फरीदाबाद के पास पाली गांव से पकड़ा था। रहमान के खिलाफ फरीदाबाद के डबुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज थी। उसकी गिरफ्तारी के समय, अधिकारियों ने बताया था कि रहमान अयोध्या में विस्फोट को अंजाम देने की साजिश में शामिल था। एसटीएफ ने बताया था कि उसके तार आईएसआई से जुड़े होने का संदेह है।

# वकील से मारपीट पर सीजेआई बोले- गुंडा राज अस्वीकार्य



- **तीस हजारी अदालत में एडीजे की अदालत में आरोपी के वकील पर हमले का मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि हमें गुंडा राज अस्वीकार्य है और उन्होंने सात फरवरी को एक जिला अदालत के कक्ष में मारपीट का आरोप लगाने वाले वकील को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने के लिए कहा। एक वकील ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया।

वकील ने कहा कि तीस हजारी अदालत में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) हरजीत सिंह पाल की अदालत में मैं आरोपी की ओर से पेश हुआ था। शिकायतकर्ता के वकील ने कई गुंडों के साथ मिलकर मुझ पर हमला किया। उन्होंने मुझे पीटा और न्यायाधीश वहीं बैठे थे। अदालत के सभी सदस्य वहां मौजूद थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि यह घटना सात फरवरी को हुई थी। क्या आपने इसकी सूचना दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दी ? मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखें और मुझे भी इसकी सूचना दें। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संज्ञान लें। कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर होगी।

### शराब घोटाला : चैतन्य बघेल की जमानत पर एक हफ्ते बाद सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह चैतन्य बघेल को शराब घोटाले के मामलों में मिली जमानत को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। चैतन्य, पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजारिया की पीठ को छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने बताया कि चैतन्य बघेल को जमानत मिलने के बाद मामले के महत्वपूर्ण गवाहों में से एक सामने नहीं आ रहा है। ईडी ने संबंधित धन शोधन मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को अलग से चुनौती दी है।

### मेटा-व्हाट्सएप गोपनीयता नीति पर सुनवाई 23 तक स्थगित

उच्चतम न्यायालय ने मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 23 फरवरी तक स्थगित कर दी जो गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई हैं। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं एनवी अंजारिया की पीठ से कहा गया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और इसलिए सुनवाई स्थगित कर दी जानी चाहिए। वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए दायर याचिकाओं पर 23 फरवरी को सुनवाई करेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल: जेन जी आंदोलन के जांच आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ा

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने पिछले साल जेन जी विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्यधिक बल प्रयोग की जांच के लिए गठित आयोग का कार्यकाल सोमवार को 25 दिनों के लिए और बढ़ा दिया। यह तीसरी बार है जब जांच आयोग की समय सीमा बढ़ाई गई है। आयोग के प्रवक्ता एवं सदस्य विज्ञान राज शर्मा ने कहा कि मंत्रिपरिषद की एक बैठक में समय सीमा 11 मार्च तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। आयोग का कार्यकाल बुधवार यानी 11 फरवरी को समाप्त हो रहा था। पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व में तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था।

### ईशनिंदा : पाकिस्तान में पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत की सजा रद्द

**लाहौर।** लाहौर उच्च न्यायालय ने ईशनिंदा के मामले में एक पूर्व सैन्य अधिकारी को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को रद्द करते हुए सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। एक सत्र न्यायालय ने पिछले साल पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर रावलपिंडी शहर में पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कर्नल (सेवानिवृत्त) मुहम्मद आरिफ को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी। इस मामले में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान नामक कट्टरपंथी इस्लामी संस्थान के एक कार्यकर्ता ने शिकायत की थी। हाल ही में शहबाज शरीफ सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित किया है।

### टोरंटो में भारतीय कनाडाई व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के टोरंटो में एक व्यस्त शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में 37 वर्षीय एक भारतीय-कनाडाई व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में रविवार को जारी एक बयान में टोरंटो पुलिस ने मृतक की पहचान ब्रैम्पटन निवासी चंदन कुमार राजा नंदकुमार के रूप में की है। बयान के अनुसार, शनिवार को दोपहर लगभग 3 :31 बजे पुलिस को रेक्सडेल बुलेवार्ड और राजमार्ग 27 पर स्थित वुडबाइन शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में गोलीबारी की सूचना मिली।

# एप्स्टीन से संबंधों के खुलासे के बाद जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत का इस्तीफा

**ओस्लो, एजेंसी**

- इस्तीफा देने के बाद भी जूल के खिलाफ जांच कराएगी सरकार

नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को सही और आवश्यक बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क गंभीर निर्णयात्मक चूक को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था।

मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी बताया कि उसने उस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति संस्थान को दिए गए अनुदानों और उससे हुए संपर्कों की समीक्षा शुरू की है, जब जूल के पति टेर्जे रोड-लार्सन इस संस्था के प्रमुख थे।

## तेल आयात: भारत के लाभ और हानि

कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति का परिदृश्य एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। इसमें एक तरफ अमेरिका अपनी तेल उत्पादन क्षमता के कारण दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, दूसरी तरफ ओपेक प्लस देशों की बाजार हिस्सेदारी कम हो रही है। भारत के लिए यह स्थिति रणनीतिक बदलावों की है, जिसमें वह रूस पर निर्भरता कम करते हुए अमेरिका और दूसरे देशों से आयात बढ़ाकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा के उपाय कर रहा है। तेल आयात का मुद्दा चूंकि सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि भू रणनीतिक मुद्दों से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए कई नई तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। पिछले कुछ सालों में अमेरिका रूस और सऊदी अरब को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश भी बन चुका है। इसी के साथ उसने वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है जो अलग किस्म की चुनौती है।

## रूस बनाम अमेरिका



### बदलता वैश्विक परिदृश्य

- वर्तमान वैश्विक तेल बाजार में मांग से अधिक आपूर्ति होने की संभावना है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार 2026 में वैश्विक तेल आपूर्ति मांग से लगभग 3 .85 मिलियन बैरल प्रतिदिन अधिक हो सकती है।
- ओपेक प्लस की बाजार हिस्सेदारी 2016 में 53% थी जो 2025 और 2026 में गिरकर 46% होने का अनुमान है। यह रूस और वेनेजुएला जैसे देशों पर प्रतिबंधों और अमेरिका के बढ़ते उत्पादन के कारण है।

### दुनिया पर हावी अमेरिका

- अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित कर रहा है।
- अमेरिका ने 2024 में 13 .2 मिलियन बीपीडी औसत उत्पादन किया, अब 13 .6 मिलियन उत्पादन का अनुमान।
- अमेरिका कोटा से बंधा नहीं है, 2015 से 2024 के बीच वैश्विक आपूर्ति में वृद्धि का 90% अकेले पूरा किया है।
- ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर रहा है। भारत पर रूसी तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त टैरिफ उदाहरण।

### भारत के लिए बदलती स्थितियां

- अमेरिका से व्यापार समझौते के बाद भारत ने रूसी तेल के आयात में कटौती शुरू कर 50% तक कम कर दिया है।
- भारत ने पांच वर्षों में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर मूल्य के ऊर्जा व तकनीकी उत्पाद खरीदने की योजना बनाई है।
- भारत अब नाइजीरिया, अंगोला और वेनेजुएला जैसे देशों से भी तेल आयात कर रहा है। इससे तेल आयात बिल बढ़ेगा।

### रूस से आयात न करने का असर

- अनुमान के अनुसार रूस से आयात बंद करने पर भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9 बिलियन से 11 बिलियन डॉलर तक बढ़ सकता है।
- अमेरिका या लैटिन अमेरिका से तेल मंगाना महंगा है। अमेरिकी खाड़ी तट से भारत तक तेल पहुंचने में 54 दिन लगते हैं, रूस से केवल 36 दिन।
- भारतीय रिफाइनरी रूस के मीडियम-सोर तेल को प्रोसेस करने के लिए अनुकूल हैं। अमेरिकी तेल के लिए सेटिंग्स बदलना महंगा पड़ेगा।

### रणनीतिक चुनौती

- रूस से तेल बंद करना भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के लिए चुनौती माना जा सकता है। अमेरिका के दबाव में आने का संकेत दुनिया में जाने का खतरा।
- रूस भारत का पुराना रक्षा और कूटनीतिक साझेदार है। तेल आयात बंद करने से इन दोनों क्षेत्रों में तनाव पैदा हो सकता है।

### वैश्विक प्रभाव

- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, रूसी तेल आयात बंद करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

# सेंगर की याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश

## दिल्ली हाईकोर्ट को तीन महीने में अपील का निस्तारण करने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट को उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिका पर निर्धारित तारीख से पहले सुनवाई करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि इस पर तीन महीने के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हाईकोर्ट के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली सेंगर की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार की ओर से दायर की गई कोई अपील हो तो उस पर भी सेंगर की याचिका के साथ हाईकोर्ट को सुनवाई करनी चाहिए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें 10 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया गया था। सीजेआई ने पीड़ित के वकील की ओर से मीडिया में बयान देने पर नाराजगी जताई। कहा, हम किसी अलग-थलग जगह पर नहीं बैठे हैं। हम जानते हैं कि बाहर 'मीडिया ट्रायल' चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह अदालत के बाहर किसी भी तरह की समानांतर सुनवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत बढ़ाने की सेंगर की भाई की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई की उस याचिका पर सोमवार को सीबीआई से जवाब तलब किया, जिसमें उसने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में अंतरिम जमानत तीन महीने और बढ़ाने का अनुरोध किया है। जयदीप सेंगर के वकील ने कहा कि अंतरिम जमानत की अवधि 11 फरवरी को समाप्त हो रही है और याचिकाकर्ता मुंह के कैंसर से पीड़ित होने के कारण जमानत बढ़ाने का अनुरोध करता है। जयदीप को एक निचली अदालत ने मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी।

### वांगचुक की हिरासत की समीक्षा में अभी कोई प्रगति नहीं... केंद्र ने कोर्ट से कहा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि सोनम वांगचुक की हालत बिल्कुल ठीक है और हिरासत में रहने के दौरान उन्हें एम्स जोधपुर से सर्वोत्तम उपचार मिल रहा है। केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ को यह भी बताया कि वांगचुक की हिरासत की समीक्षा के संबंध में अभी कोई प्रगति नहीं हुई है। न्यायमूर्ति वराले ने कहा कि पिछली बार भी यही दलील दी गई थी। उन्होंने कहा, समस्याएं हैं और इससे आप भी इन्कार नहीं कर रहे हैं। डॉक्टर का भी कहना है कि समस्या है और इलाज चल रहा है। इस पर नटराज ने कहा, वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, जयपुर इलाज के लिए लद्दाख से बेहतर जगह है। इस पर न्यायमूर्ति वराले ने कहा, आप ऐसा नहीं कह सकते। पीठ ने वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें रासुका 1980 के तहत उनकी हिरासत को अवैध घोषित करने की मांग की गई है। पीठ ने स्पष्ट किया कि आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।

## वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण और मजबूत करेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण मजबूत करने और फलस्तीनी प्राधिकरण की पहले से ही सीमित शक्तियों को कमजोर करने वाले कदमों को मंजूरी दी। दक्षिणपंथी वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच के कार्यालय ने कहा कि ऐसे फैसले लिए गए हैं जिनसे यहूदी बस्तियों के लिए फिलिस्तीनियों को जमीन छोड़ने के लिए मजबूर करना आसान हो जाएगा।

उसने एक बयान में कहा, हम फिलिस्तीनी राष्ट्र के विचार को खत्म करना जारी रखेंगे। निगरानी समूह ''पीस नाउ'' के शोधकर्ता योनातन मिजराची ने कहा कि इस फैसले को लागू करने के लिए ''वेस्ट बैंक'' के लिए इजराइल के शीर्ष कमांडर की मंजूरी की आवश्यकता है। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने एक बयान में इस फैसले को खतरनाक और बस्ती विस्तार एवं भूमि अधिग्रहण को वैध बनाने का इजराइल का खुला प्रयास करार दिया। उन्होंने अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तत्काल हस्तक्षेप करने का आह्वान किया।

# भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मोदी ने कहा- विश्वास की साझा दृष्टि से जुड़े हैं भारत व सेशेल्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक बातचीत की जिसके बाद भारत ने सोमवार को इस द्वीप राष्ट्र को विकास सहायता के रूप में 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की। दोनों पक्षों ने सतत विकास, व्यापार, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक व्यापक दृष्टिपत्र पर भी सहमति व्यक्त की।

हर्मिनी भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आए हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में सेशेल्स भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी देश है। मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, भारत और सेशेल्स केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए साझा दृष्टि से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत आधारशिला रही है। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, आज हम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करने जा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि यह पैकेज ठोस परियोजनाओं को समर्थन देगा, जो सामाजिक आवास, परिवहन सुविधा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लागू की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संबंधों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, भारत-सेशेल्स संबंधों की सबसे बड़ी ताकत हमारे लोगों के बीच के संबंध हैं।

## हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को 20 वर्ष कारावास

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज एवं चीन के मुखर आलोचक जिमी लाई को सोमवार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। लाई को चीन की ओर से लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। यह इस कानून के तहत अब तक दी गई सबसे लंबी सजा है। इस कानून ने हांगकांग में असंतोष की आवाजों को लगभग पूरी तरह दबा दिया है।

लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेत के रूप में देखा गया है। उन पर ''एप्पल डेली'' के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकर, हांगकांग या चीन के खिलाफ प्रतिबंध लगाने या उनके विरुद्ध अन्य शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में शामिल होने का विदेशी ताकतों से आग्रह करने का आरोप लगाया गया है। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में अधिकतम आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती थी। लाई को इस मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई है। लाई के पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। उनके सह-आरोपियों को छह साल तीन महीने से लेकर 10 साल कारावास तक की जेल की सजा मिली है।



- प्रेस की स्वतंत्रता का पतन, चीन के मुखर आलोचक रहे हैं लाई

सजा सुनाए जाने के समय लाई मुस्कुराए और समर्थकों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। जब उनसे पूछा गया कि वह इस फैसले को चुनौती देंगे तो उनके वकील ने कहा कि वे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। लाई को सजा सुनाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी।

## वेनेजुएला में जेल से रिहा होते ही मचाडो के करीबी सहयोगी पाब्लो का अपहरण

**काराकस।** वेनेजुएला में विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो ने कहा है कि उनके सबसे करीबी सहयोगियों में से एक जुआन पाब्लो गुआनिपा का जेल से रिहा होने के कुछ ही घंटों बाद अपहरण कर लिया गया है। सरकार ने राजनीतिक रूप से प्रेरित लंबी हिरासत के बाद रविवार को कई विपक्षी सदस्य रिहा किए थे, जिनमें गुआनिपा भी शामिल थे।

मचाडो ने सोशल मीडिया पर बताया कि गुआनिपा का मध्यरात्रि राजधानी काराकस से अपहरण कर लिया गया। चार वाहनों में आए भारी हथियारबंद पुरुषों ने उन्हें हिंसक तरीके से अगवा कर लिया। विपक्षी नेताओं की रिहाई ऐसे समय में हुई है जब कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की सरकार पर उन सैकड़ों लोगों को रिहा करने का दबाव बढ़ रहा है जिनकी गिरफ्तारी महीनों या वर्षों पहले उनकी राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ी हुई थी।

## ईरान में अब सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी हस्तियों को हिरासत में लेने का अभियान

**दुबई।** ईरानी सुरक्षा बलों ने देश में जारी सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी प्रमुख हस्तियों को हिरासत में लेने के लिए अभियान शुरू कर किया। सुरक्षा बलों के इस कदम से दमनकारी कार्रवाई और भी तेज हो गई है।

इससे पहले अधिकारियों ने हिंसा के जरिए देशव्यापी प्रदर्शनों को दबा दिया था। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए थे और हजारों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया था। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर सात साल से अधिक जेल की एक और सजा सुनाई गई है। ईरान सरकार अशांति के खिलाफ बगावत करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चुप करा रही है क्योंकि ईरान, अमेरिका के साथ नई परमाणु वार्ता का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो वह देश पर हमला कर सकते हैं।

## नाइजीरिया में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की जान गई

**कानो।** उत्तरी नाइजीरिया में एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

कानो के गवर्नर कार्यालय के बयान के अनुसार, लापरवाही से वाहन चला रहे ट्रक चालक ने कानो के गेजावा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के क्वानार बार्डे कस्बे में एक राजमार्ग पर ट्रक ने नियंत्रण खो दिया जिससे 30 लोगों की मौत हो गई। ट्रक रविवार तड़के कानो के गुजुंगु कस्बे की ओर कुछ यात्रियों को ले जा रहा था तभी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गवर्नर के प्रवक्ता के अनुसार गंभीर घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## थाईलैंड : अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का एलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने संसदीय चुनाव जीत लिए हैं।

चर्नविराकुल ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग की ओर से 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया। पीपुल्स पार्टी दूसरे और फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व, पीपल्स पार्टी के नेता नत्ताफोंग रुंगपान्यावुत ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उनकी पार्टी नतीजों को स्वीकार करती है।

# बच्चों के यौन शोषण पर घिरा मेटा, अमेरिका में शुरू हुई सुनवाई

**सांता फे, एजेंसी**

- बच्चों के यौन शोषण के खतरों के बारे में भ्रामक जानकारी देने का है आरोप

मेटा के खिलाफ, सोशल मीडिया पर बच्चों के यौन शोषण के खतरों और अपने प्लेटफॉर्म की सुरक्षा को लेकर भ्रामक जानकारी देने के आरोपों से जुड़े मुकदमे की सुनवाई न्यू मैक्सिको में सोमवार से शुरू हो गई। यह बच्चों को होने वाले नुकसान को लेकर मेटा समेत प्रमुख सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ दायर मुकदमों की शृंखला में पहली स्वतंत्र सुनवाई है।




सुनवाई के दौरान ऑनलाइन मौजूद आपत्तिजनक सामग्री और उसके प्रभावों पर विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज़ ने वर्ष 2023 में मेटा के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में कहा गया है कि मेटा जानबूझकर बच्चों को यौन शोषण और मानसिक स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के दोहरे खतरों के सामने उजागर करता है और इसका उद्देश्य मुनाफा कमाना है। मेटा ने सभी आरोपों से इन्कार करते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष चुनिंदा सबूतों के जरिए सनसनीखेज दलीलें पेश कर रहा है। मेटा ने जांच को संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया कि फर्जी खातों में बच्चों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर और जांच से जुड़ा डेटा नष्ट किया गया।

मेटा ने यह भी कहा कि वह लंबे समय से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उसने कई सुरक्षा फीचर विकसित किए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग इस मुकदमे में गवाही देंगे या नहीं।

### यौन अपराधियों के अनुकूल माहौल बनाने का है आरोप


अभियोजन पक्ष का कहना है कि जांच के दौरान अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर बच्चों के रूप में फर्जी खाते बनाकर यह दर्ज किया कि किस तरह यौन प्रस्ताव भेजे गए और उन पर मेटा ने कैसी प्रतिक्रिया दी। मेटा फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप का स्वामी है। अभियोजकों का आरोप है कि मेटा के एल्गोरिद्म और अकाउंट फीचर युवाओं को सोशल मीडिया की ओर आकर्षित करते हैं और बच्चों का यौन शोषण करने वाले अपराधियों के लिए अनुकूल माहौल बनाते हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 07 .27 तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 07 .55 तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज आप धर्म-कर्म में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। किन्तु कई बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शान्त रखें तथा अच्छी संगत में रहें। अचल संपत्ति के विवाद शांत होंगे। कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृष** – आज आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी। व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए।

**मिथुन** – आज बच्चों के ऊपर आप क्रोधित हो सकते हैं। आज प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत अधिक अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** – आज मन में कुछ नया और प्रयोगवादी करने की इच्छा होगी। रुके हुये बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। अधिकारी आपके ऊपर कुछ अधिक निर्भर रहेंगे।

**कन्या** – आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनायें। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**तुला** – आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अपनी जीवनशैली में परिवर्तन न करें। दिन का शुरुआती भाग आपके लिए अत्यन्त सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**धनु** – आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे उसका परिणाम आपको तुरंत प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मकर** – आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से आप संतुष्ट रहेंगे। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आज आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पायेंगे।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए। घर में आज अचानक मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**मीन** – आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। दोस्तों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

## सुडोकू -57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

### सुडोकू - 56 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |



"अगर हम अपनी ताकत पर टिके रहते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम किसी पर भी दबाव डाल सकते हैं। बेशक हम जानते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ यह मुश्किल होगा। वे एक विश्व स्तरीय टीम हैं।
–रिची बेरिंगटन, स्कॉटलैंड के कप्तान


# स्टेडियम

हल्द्वानी, मंगलवार, 10 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**आज के मैच**

| टीम | समय |
|---|---|
| नामीबिया–नीदरलैंड्स | पूर्वाह्न 11 बजे |
| न्यूजीलैंड–यूएई | दोपहर 3 बजे |
| पाकिस्तान–अमेरिका | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**



अभ्यास सत्र के दौरान नीदरलैंड्स के माइकल लेविट। एजेंसी

### नीदरलैंड्स का मैच नामीबिया से आज

**नई दिल्ली/कोलंबो।** पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुकाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। मैच सुबह 11 :00 बजे शुरू होगा।

### कर्नाटक रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत उत्तराखंड से होगी।

### मनु को 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर सोमवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रेंग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया।

### सुधीर ने किकबॉक्सिंग कप में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारतीय किकबॉक्सिंग के उभरते सितारे सुधीर सक्सेना ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाते हुए 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में रजत पदक अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम (के.डी. जाधव इंडोर हॉल) में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा किया गया।

# दक्षिण अफ्रीकी टीम ने कनाडा को दिया 214 रनों का विशाल लक्ष्य

## टी-20 विश्व कप : कप्तान एडेन मार्करम ने खेली आक्रामक अर्धशतकीय पारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कप्तान एडेन मार्करम ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए आक्रामक अर्धशतक लगाकर कनाडा के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप डी के मैच में सोमवार को दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट पर 213 रन तक पहुंचाया।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर माक्ररम ने दूसरे ओवर में डिलोन हेलाइगर को तीन चौके लगाए। मार्करम ने 32 गेंद में 59 रन बनाए। क्विंटोन डि कॉक ने 22 गेंद में 25 रन बनाए और साद बिन जफर को लगातार दो चौके जड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिये 6. 5 ओवर में 70 रन की साझेदारी की और सभी गेंदबाजों को नसीहत दी।



एक–दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर व ट्रिस्टन स्टब्स। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका डिकॉक के रूप में लगा जो कनाडा के कप्तान और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज दिलप्रीत बाजवा का शिकार हुए। मार्करम ने बाजवा को चौका लगाकर सिर्फ 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं रियान रिकेलटन ने 21 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के के साथ 31 रन बनाए। मार्करम को बायें हाथ के स्पिनर अंश पटेल ने लांग आन पर हेलाइगर के हाथों लपकवाया। इसके बाद रिकेलटन भी पटेल की गेंद पर हर्ष ठाकर को सीधा कैच देकर लौटे। डेवाल्ड ब्रेविस चार गेंद तक ही टिक सके और इसी ओवर में मिड आफ पर निकोलस किर्टोन को कैच देकर पवेलियन लौट गए। आखिर में अनुभवी डेविड मिलर ने 23 गेंद में नाबाद 39 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंद में 34 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा स्कोर दिया। दोनों ने 37 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी की। कनाडा के अंश पटेल ने तीन विकेट चटकाए।

- डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच हुई 37 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी

## तेज गेंदबाज हर्षित राणा की सफल सर्जरी, चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से हुए थे बाहर

**बेंगलुरु।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फ़ैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फ़ोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फ़ैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए। युवा पेसर ने कहा कि उनका फ़ोकस अब दो मिशन पर है – जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉज़िटिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिंताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाज़ों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिंग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ़ हुई, जो तेज़ी से बिगड़ गई। वह सिर्फ़ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन-अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ़ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फर्म हो गया कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उनके हटने के बाद, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में उनकी जगह शामिल किया गया। सिराज ने तुरंत असर डाला, यूनाइटेड स्टेट्स के ख़िलाफ़ शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## भारत से मैच के लिए शरीफ से अनुमति लेंगे नकवी

- त्रिकोणीय शृंखला की मांग आईसीसी ने खारिज की

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष की सलाह पर भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मुकाबले का बहिष्कार वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध करेंगे। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने दी। समझा जाता है कि नकवी ने भारत-पाक द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली और बांग्लादेश समेत एक त्रिकोणीय शृंखला की मांग रखी है ताकि भारत में टी20 विश्व कप नहीं खेल रहे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।

भारत-पाक द्विपक्षीय क्रिकेट आईसीसी के दायरे में नहीं है और त्रिकोणीय शृंखला की मांग खारिज कर दी गई है। भारत ने एक दशक से अधिक समय से कोई त्रिकोणीय शृंखला नहीं खेली है। आईसीसी अगले अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को दे सकती है।

सूत्र के अनुसार नकवी सोमवार को इस मुद्दे पर हालिया घटनाक्रम की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है। सूत्र ने कहा नकवी प्रधानमंत्री को बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) क्रिकेट बोर्ड तथा आईसीसी के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी देंगे और उन्हें इस संकट से अवगत कराएंगे। सूत्र ने कहा कि नकवी संभवतः प्रधानमंत्री से टीम को विश्व कप में भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति देने का अनुरोध करेंगे। वह प्रधानमंत्री को विशेष रूप से श्रीलंका, यूएई और बांग्लादेश बोर्ड के आग्रह और हाल में हुई बातचीत का ब्योरा देंगे। इस मामले में हालांकि अंतिम फैसला शरीफ का होगा और पीसीबी उसका पालन करेगी। सूत्र ने कहा कि ख्वाजा के साथ हुई बातचीत में नकवी ने कई मुद्दे उठाए। नकवी ने ख्वाजा से सवाल किया कि अगर पाकिस्तान टीम ने एशिया कप ट्रॉफी किसी भारतीय बोर्ड अधिकारी से स्वीकार करने से इन्कार कर दिया होता तो क्या आईसीसी ने चुप्पी साधी होती। यह ट्रॉफी फिलहाल दुबई स्थित एशियाई क्रिकेट परिषद मुख्यालय के एक बंद कमरे में है। नकवी ने स्पष्ट किया था कि वह मीडिया की मौजूदगी में ट्रॉफी सौंपेंगे। बांग्लादेश को भारत में खेलने से इंकार करने के बाद विश्व कप से बाहर किया गया था।

# गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया

**कोलंबो, एजेंसी**

ब्लेसिंग मुजरबानी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद ब्रायन बेनेट की 36 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां 45 गेंद शेष रहते ओमान को आठ विकेट से शिकस्त दी। ओमान को 103 रन पर आउट करने के बाद जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

मुजरबानी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लेते हुए ओमान के शीर्ष क्रम को झकझोरा। उन्हें रिचर्ड नगारवा का (चार ओवर में 17 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रैंड इवांस ने 3.5 ओवर में 18 रन पर तीन विकेट लेते हुए जिम्बाब्वे के निचले क्रम को आउट किया।

ओमान ने 27 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे और टीम पर काफी कम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। विनायक शुक्ला (21 गेंद में 28 रन), सूफियान महमूद (39 गेंद में 25) और नदीम खान (18 गेंद में 20) की उपयोगी पारियों से टीम ने 100 रन के आंकड़े को पार किया। इन तीनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में रन बनाने में नाकाम रहा। विनायक और सूफियान ने छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर ओमान को जल्दी आउट होने बचाया तो वहीं नदीम ने आखिरी ओवरों में कुछ बड़े शॉट के साथ टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज तादिवांशे मारुमनी ने 11 गेंदों में 21 रन की तेज पारी खेली, लेकिन महमूद की गेंद पर वसीम अली ने शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेज दिया। महमूद ने उसी ओवर में डियोन मायर्स को खाता खोले बिना आउट कर दिया। इसके बाद बेनेट और अनुभवी विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे को 13.3 ओवर में ही जीत दिला दी। बेनेट पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उन्होंने इससे पहले घरेलू सरजमीं पर तीन अर्धशतक लगाकर जिम्बाब्वे को इस विश्व कप में जगह दिलाई थी।



तीसरा विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी। एजेंसी

## केंद्रीय अनुबंध में बी श्रेणी में खिसके कोहली व रोहित

**नई दिल्ली।** सीनियर सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई के ताजा सालाना केंद्रीय अनुबंध में अपेक्षा के अनुरूप बी श्रेणी में रखा गया है जबकि बोर्ड ने सात करोड़ की रिटनेरशिप वाली ए प्लस श्रेणी खत्म कर दी है।

बीसीसीआई ने सोमवार को 30 पुरूष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी श्रेणी के सालाना अनुबंध देने की घोषणा की। दो प्रारूप में कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट हरफनमौला रविंद्र जडेजा को ए श्रेणी में रखा गया है ।बीसीसीआई ने तीनों श्रेणियों की रिटेनरशिप फीस की घोषणा नहीं की है। इससे पहले ए श्रेणी में पांच करोड़ रूपये, बी में तीन करोड़ और सी में एक करोड़ रूपये दिये जाते थे। कोहली और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने के बाद एक ही प्रारूप में खेलते हैं और इसलिये शीर्ष श्रेणी में नहीं रह सकते।

समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरूआत की थी । यह तीनों प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिये था और इतने वर्ष में सिर्फ कोहली, रोहित , जडेजा और बुमराह ही इस श्रेणी में रहे हैं ।

# स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से रौंदा, मुन्से और लीस्क चमके

**कोलकाता, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से के आक्रामक अर्धशतक और माइकल लीस्क के ऑलराउंड खेल से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां इटली को 73 रन से रौंदकर पहली जीत दर्ज की।

स्कॉटलैंड के 208 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम ऑफ स्पिनर लीस्क (17 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने बेन मानेंती (52) के अर्धशतक और हैरी मानेंती (37) के साथ उनकी चौथे विकेट की 73 रन की साझेदारी के बावजूद 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

स्कॉटलैंड ने इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज मुन्से की 54 गेंद में दो छक्कों और 14 चौकों से 84 रन की पारी और माइकल जोन्स (37) के साथ पहले विकेट की उनकी 126 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली पहली टीम बनी। ब्रैंडन मैकमुलेन (नाबाद 41, 18 गेंद, चार छक्के) और लीस्क ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लीस्क ने अंतिम ओवर में थॉमस ड्रेका पर दो छक्के और दो चौके से 22 रन जुटाए।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते जॉर्ज मुन्से। एजेंसी

इटली को मैच की शुरुआत में ही झटका लगा जब चौथे ओवर में कप्तान वेन मेडसन के बाएं कंधे में चोट लगी और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। पिछले साल जुलाई में यूरोपीय क्वालीफायर में चार मैच में इटली के खिलाफ एकमात्र हार के बाद स्कॉटलैंड की टीम विश्व कप में सीधे जगह बनाने से चूक गई थी। बांग्लादेश के सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार करने के बाद स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में जगह मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इटली ने पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गंवा दिया जिनका लीस्क की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर मुन्से ने शानदार कैच लपका। जेजे स्मट्स (22) ने लीस्क पर चौके से खाता खोलने के बाद ब्रेड व्हील की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन ब्रेड क्यूरी की गेंद पर स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन को कैच दे बैठे।

# हैलेंड के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को हराया

**फुटबाल राउंडअप**

**लंदन, एजेंसी**

एर्लिंग हैलेंड के अंतिम लम्हों में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिवरपूल को 2-1 से हराकर खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

नॉर्वे के हैलेंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागकर रविवार को अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 25 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अब उसके और शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल के बीच छह अंक का अंतर है। लीवरपूल को 74वें मिनट में डोमीनिक जोबोज्लाई ने बढ़त दिलाई थी जिसके 10 मिनट बाद बर्नार्डो सिल्वा ने स्कोर 1-1 कर दिया। हैलेंड ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। एक अन्य मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर 12 मैच से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया।



स्पेन में स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान वालेंसिया के खिलाफ दूसरा गोल करने के बाद अल्वारो कैरेरास के साथ जश्न मनाते रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे (बाएं)।

### इंटर मिलान ने आठ अंक की बढ़त बनाई

**रोम।** इंटर मिलान ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे सासुओलो को रविवार को 5-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी बढ़त आठ अंक कर ली।

## विश्व बैडमिंटन महासंघ ने भारत को दिया झटका

**कुआलालंपुर।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत का बड़ा झटका लगा है क्योंकि देश में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है। जिसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर 750 दर्जा बरकरार रखा है लेकिन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया।

विश्व टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंटों को हटाया गया है उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंटों को 2023 में शुरू किया गया था। लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय का आयोजन राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सैयद मोदी की स्मृति में होता है।

**डेविस कप** | नीदरलैंड्स के खिलाफ जीत दिलाने वाले स्टार खिलाड़ी ने कहा–ये तो बस शुरुआत है

# मैंने कुछ अलग तरह की टेनिस खेली : दक्षिणेश्वर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत के नए डेविस कप हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का कहना है कि देश के लिए उनका शानदार प्रदर्शन 'बस शुरुआत है' क्योंकि वह एक अमेरिकी विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एटीपी टेनिस टूर पर पूरी तरह से प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी में कम्युनिकेशन स्टडीज की पढ़ाई कर रहे 25 साल के दक्षिणेश्वर इस साल मई में अपनी डिग्री पूरी करेंगे। सितंबर 2025 में पदार्पण करने के बाद सिर्फ दो मुकाबलों में दक्षिणेश्वर ने अपने सभी चार मैच जीते हैं। इनमें से तीन जीत उन्हें पिछले सप्ताहांत बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ मिलीं।



दक्षिणेश्वर ने कहा अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह तो बस शुरुआत है। दक्षिणेश्वर ने इसके साथ 2004 में जापान के खिलाफ एक ही मुकाबले में तीन मैच जीतने के लिएंडर पेस की उपलब्धि की बराबरी की। दक्षिणेश्वर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराकर डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई जहां वे सितंबर में कोरिया से भिड़ेंगे। उन्होंने कहा मैं अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए अमेरिका जाऊंगा, फिर मई में वापस आकर अपना कार्यक्रम तय करूंगा। एक बार जब यह तय हो जाएगा तो मैं टूर में शामिल हो जाऊंगा और अगले डेविस कप मुकाबले की तैयारी करूंगा। दक्षिणेश्वर के शानदार रिकॉर्ड पर कप्तान रोहित राजपाल ने कहा बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो डेविस कप मुकाबले में 4-0 का रिकॉर्ड बनाते हैं, विशेषकर अच्छे विरोधियों के खिलाफ। वह लगातार अच्छी सर्विस करते हैं और अच्छे फोरहैंड लगाते हैं। मुझे उम्मीद है कि वह अपने टेनिस का आनंद लेते रहेंगे और अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे। भारत का प्रतिनिधित्व करने से उनके खेल का एक अलग पहलू सामने आया है। उन्होंने कहा जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं तो यह एक अलग एहसास होता है। आप सिर्फ अपने लिए नहीं खेल रहे होते, आप पूरे देश के लिए खेल रहे होते हैं।

### शेर की तरह लड़े नागल : कप्तान

कप्तान रोहित राजपाल ने चोटिल सुमित नागल की भी तारीफ की जो पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद टीम की अगुआई कर रहे थे। सुमित 50 प्रतिशत भी फिट नहीं थे। उनके कूल्हे में ग्रेड टू की चोट थी और हम फिजियो के साथ दिन-रात काम कर रहे थे। उन्होंने एक शेर की तरह लड़ाई लड़ी और टीम की वैसे ही अगुआई की जैसे भारत के नंबर वन खिलाड़ी को करनी चाहिए। राजपाल ने सहयोगी स्टाफ, विशेषकर फिजियो के योगदान की खास तौर पर तारीफ की और कहा कि इस मुकाबले ने भारत की बढ़ती ताकत को दिखाया है। चोट के कारण तीन हफ्ते बाहर रहे नागल अपने दोनों एकल मैच हार गए थे। यह एक मुश्किल हफ्ता था लेकिन अपनी लड़ाई से उन्हें हौसला मिला।